YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-314 ❒ शुक्रवार, 19 दिसम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में इस पुस्तक की प्रासंगिकता बहुत अधिक है। स्वतंत्र भारत के राजनीतिक इतिहास में बहुत कम ऐसे नेता थे, जो श्री वाजपेयी की बौद्धिक गहराई या साहित्य, कला और संस्कृति से उनके जुड़ाव का मुकाबला कर पाते थे। नितिन गडकरी

प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का निधन, पंचतत्व में हुए विलीन 11

मुख्यमंत्री ने 34 चलंत फॉरेंसिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना 12

## संक्षेप

### श्रम कानूनों में बदलाव का उद्देश्य अनुपालन को सरल, सहज़ बनाना है : न्यायमूर्ति

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश मनमोहन ने गुरुवार को कहा कि नयी श्रम संहितायें श्रम बाजार में लचीलापन बढ़ाने और श्रमिकों का संरक्षण एवं संतुलन बनाने का प्रयास करती हैं। न्यायमूर्ति मनमोहन ने यहां 'डिकोडिंग द कोड ऑफ फोर लेबर कोड' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि इन श्रम संहिताओं को लागू करने का उद्देश्य व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधि मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव डॉ मनोज कुमार ने कहा कि जिस तरह यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी ने समय के साथ अपने श्रम अधिकारों को लेकर अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किये, इसी तरह हर देश की अपनी अलग परिस्थितियां और चुनौतियां होती हैं। उन्होंने कहा, '' हमारे देश में श्रम संहिताओं में ये सुधार आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और संवैधानिक शासन के संगम पर स्थित है। श्रम कानून केवल रोजगार सम्बन्धों को नियंत्रित करने वाले नियमों का समूह नहीं है, बल्कि ये राष्ट्र की नैतिक-आर्थिक संरचना है। कोई भी राष्ट्र तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक उसका कार्यबल सुरक्षित, कुशल उत्पादक और संरक्षित न हो।

### एनआईए अदालत ने दो आरोपियों को ठहराया दोषी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस स्थित राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने आतंकवाद की साजिश से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल मामले में गुरुवार को दो व्यक्तियों को दोषी करार दिया । दोषी ठहराये गये लोगों की पहचान जहूर अहमद पीर और नजीर अहमद पीर के रूप में हुई है जिन्हें गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यानी यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया गया है। अदालत अब आठ जनवरी को इनकी सजा की अवधि पर बहस सुनेगी। इन दोनों पर यूएपीए की धारा 18 (साजिश), धारा 19 (शरण देना) और धारा 39 (आतंकवादी संगठन को समर्थन देना) के तहत आरोप तय किये गये थे। एनआईए के अनुसार इन दोनों ने पाकिस्तानी आतंकवादी बहादुर अली को शरण देने और समर्थन प्रदान करने के साथ-साथ आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने की साजिश रची थी। रिपोर्ट के अनुसार बहादुर अली हिजबुल कमांडर बुरहान वानी के मारे जाने के बाद कश्मीर में अशांति फैलाने के इरादे से भारत में घुसपैठ कर आया था।

### यूपी में दीक्षा पोर्टल पर शिक्षकों को मिल रही सेल्फ-एस्टीम की अनिवार्य ट्रेनिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों को बच्चों के लिए ज्यादा सुरक्षित, संवेदनशील और सहयोगी बनाने की दिशा में बेसिक शिक्षा विभाग ने एक अहम कदम उठाया है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के निर्देशन में शिक्षकों को सेल्फ-एस्टीम (आत्मसम्मान) से जुड़ी विशेष ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जा रही है।

# सरकार सभी चर्चाओं में सकारात्मक जवाब देगी : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने गुरुवार को विधान भवन में आहूत सर्वदलीय बैठक में विधान सभा के शीतकालीन सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही सदन चलता है। वहीं नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार सभी चर्चाओं में भाग लेगी और सकारात्मक जवाद देगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा के बीते सत्र में अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा परिचर्चा हुई। सभी दलों के सहयोग से जनोपयोगी मुद्दों पर तार्किक, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण चर्चा के माध्यम से जनसमस्याओं का सार्थक समाधान किया जा सकता है। मुख्यमंत्री तथा नेता सदन

**विधानसभा**

- ❒ विधानसभा अध्यक्ष ने शीतकालीन सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया
- ❒ सरकार सभी चर्चाओं में भाग लेते हुए सकारात्मक जवाब देगी तथा सुझावों के अनुरूप समाधान निकालने का प्रयास करेगी : योगी
- ❒ विधेयकों पर चर्चा करते समय उनके वास्तविक कॉन्सेप्ट व स्वरूप को सदन में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक
- ❒ सदन की कार्यवाही के निर्बाध संचालन हेतु सभी दलों के सहयोग का आश्वासन

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन जनाकांक्षाओं को रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वर्तमान सत्र में हमें महत्वपूर्ण



मुद्दों के साथ ही, विधेयकों पर सार्थक चर्चा करने का अवसर प्राप्त होगा। विधेयकों पर चर्चा करते समय उनके वास्तविक कॉन्सेप्ट व स्वरूप को सदन में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुई समृद्ध चर्चाएं देश भर की विधानसभाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार सभी चर्चाओं में भाग लेते हुए विपक्ष के प्रत्येक प्रश्न का सकारात्मक जवाब देगी तथा सुझावों के अनुरूप समाधान निकालने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के गत सत्र में विकसित उत्तर प्रदेश विजन डॉक्यूमेन्ट/2047 पर लगातार 27 घंटे सार्थक चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश ऐसा करने वाला एक मात्र राज्य है। विकसित उत्तर प्रदेश के विषय में पूरे प्रदेश से अब तक 98 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर यूपी विजन डॉक्यूमेन्ट बनाया जाएगा। इस चर्चा को पुस्तक का स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप मनाया जाता है। इस तिथि को गुरु गोबिन्द सिंह महाराज के दो साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह वजीर खान के हाथों दीवारों में चुनवा दिए गए थे। गुरु गोबिन्द सिंह महाराज के चार साहिबजादों ने अपनी शहादत देकर देश और धर्म की रक्षा की पक्की नींव खड़ी की थी। यह देश व धर्म को स्मरण करने का दिवस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची की विसंगतियों को दूर करने के लिए एसआईआर के ● शेष पेज 11 पर

### वंदे मातरम पर सदन में चर्चा करा सकती है सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से पहले गुरुवार को विधानभवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिया जाएगा।

# भारत-ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता

एजेंसी

नई दिल्ल। भारत और ओमान ने आज अपने आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच गुरुवार को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता न केवल भारतीय निर्यातकों के लिए भारी अवसर लेकर आया है, बल्कि 2006 में अमेरिका के साथ हुए समझौते के बाद ओमान की ओर से किसी भी देश के साथ किया गया यह पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है।

व्यापारिक नजरिये से देखें तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। ओमान में करीब सात लाख भारतीय रहते हैं, जो सालाना लगभग 2 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं। यह समझौता इन संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा। वस्तुओं का व्यापारः भारतीय उत्पादों की 'ड्यूटी-फ्री' एंट्री, इस समझौते के तहत ओमान ने भारत के 99.38% निर्यात (मूल्य के आधार पर) के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। जीरो ड्यूटी एक्सेसः ओमान ने अपनी 98.08% टैरिफ लाइनों पर जीरो-ड्यूटी की पेशकश की है। इनमें से 97.96% टैरिफ लाइनों पर शुल्क तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया जाएगा। प्रमुख क्षेत्रों जैसे रत्न एवं आभूषण, कपड़ा, चमड़ा, जूते, खेल का सामान, इंजीनियरिंग उत्पाद, फार्मा और ऑटो जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को पूर्ण शुल्क छूट मिलेगी। पारंपरिक चिकित्सा यानी आयुष पर भी एफटीए में फैसला लिया गया। पहली बार किसी देश ने पारंपरिक चिकित्सा के सभी माध्यमों पर प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारत के आयुष और वेलनेस क्षेत्र के लिए वैश्विक अवसर पैदा होंगे। फार्मा क्षेत्र में तेजी आएगी। यूएसएफडीए, ईएमए और यूकेएमएचआरए जैसी वैश्विक संस्थाओं की ओर से अनुमोदित भारतीय दवाओं को ओमान में मार्केटिंग की अनुमति मिलने में अब देरी नहीं होगी। ओमान का सेवाओं का कुल आयात लगभग 12.52 अरब डॉलर है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी वर्तमान में मात्र 5.31% है। यह समझौता इस गैप को भरने का काम करेगा। मोड 4 यानी पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं। पहली बार ओमान ने भारतीय पेशेवरों की आवाजाही पर व्यापक रियायतें दी हैं। 'इंट्रा-कॉरपोरेट ट्रांसफरीज' का कोटा 20% से बढ़ाकर 50% कर दिया गया है। टेंडर के आधार पर सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों के लिए समय की अवधि को 90 दिनों से बढ़ाकर दो साल कर दिया गया है। इसे दो साल और विस्तार दिया जा सकता है। भारतीय कंपनियों के लिए 100 फीसदी एफडीआई का रास्ता साफः आईटी, बिजनेस सर्विसेज, ऑडियो-विजुअल, शिक्षा ● शेष पेज 11 पर



### ओमान के सुल्तान ने मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान ' ऑडर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया

**मस्कट।** ओमान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया है। ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने गुरुवार को मस्कट में प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से नवाजा। श्री मोदी दो दिन की यात्रा पर ओमान गए हुए हैं। इससे पहले श्री मोदी को इथियोपिया ने भी अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा था।

### 21वीं सदी में साहसी फ़ैसले लेता है भारत : मोदी

**मस्कट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि 21वीं सदी का भारत साहसिक और तेज़ी से फैसले लेता है, महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखता है, और तय समय सीमा के भीतर नतीजे देता है। श्री मोदी ने यहां भारतीय समुदाय और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सभा भारत की विविधता में एकता की भावना को दर्शाती है। उन्होंने कहा, आज हम सब यहां एक परिवार के तौर पर इकट्ठा हुए हैं। हम अपने देश, अपनी 'टीम इंडिया' का जश्न मना रहे हैं। विविधता हमारी संस्कृति की सबसे मज़बूत नींव है। भारत में हर दिन नये रंग लाता है, हर मौसम एक त्योहार बन जाता है, और हर परंपरा एक नया विचार लेकर आती है। इसलिए भारतीय जहां भी जाते हैं और जहां भी रहते हैं, हम विविधता का सम्मान करते हैं और उसका जश्न मनाते हैं। श्री मोदी ने भारत और ओमान के बीच गहरे संबंधों पर ज़ोर देते हुए कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# 'वीबी-जी-राम-जी' विधेयक पारित

एजेंसी

नई दिल्ली। संसद में आज विपक्षी दलों के हंगामे के बीच शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत जी-राम-जी विधेयक पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहता। केंद्रीय कृषि मंत्री ने सरकार की तरफ से जारी आंकड़े पेश करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने फंड का दुरुपयोग किया, लेकिन हमारी सरकार ने विकास कार्यों पर खर्च करने पर जोर दिया। शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि सरकार किसानों के साथ-साथ गरीबों के कल्याण के लिए विधेयक लाई है, जिसका विरोध किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, सबसे पहले इस पवित्र सदन में मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। सभापति महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस विषय पर हमने माननीय सदस्यों के विचार सुने हैं। अब जवाब देना



- ❒ 'किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करते' : शिवराज सिंह
- ❒ हम गांधी के आदर्शों पर चलने वाले लोगः कृषि मंत्री

मेरा अधिकार है। मैं आपसे संरक्षण चाहता हूं। मैंने रात के डेढ़ बजे तक माननीय सदस्यों की बात सुनी है। अपनी बात सुना देना और फिर जवाब न सुनना ये लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार करना है। संविधान की धज्जियां उड़ाना है। ये बापू के आदर्शों की हत्या भी कर रहे हैं। अपनी बात सुना दो और हमारी न सुनो। ये भी हिंसा है। यह बापू के आदर्शों की हत्या करने का काम कंग्रेस और बाकी विपक्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सबसे पहले मैं पूज्य बापू (राष्ट्रपति महात्मा गांधी) के चरणों में प्रणाम करना चाहता हूं। बापू हमारी श्रद्धा हैं। बापू जी हमारे आदर्श हैं। बापू हमारी प्रेरणा हैं। बापू हमारे विश्वास हैं। इसलिए माननीय अध्यक्ष महोदय भारतीय जनता पार्टी ने अपने पंच निष्ठाओं में गांधी के सामाजिक-आर्थिक दर्शन को स्थान दिया है। हम गांधी जी के आदर्शों पर चलने वाले हैं। गांधी जी ने ही कहा था कि गांव भारत की आत्मा है। अगर गांव मर जाएंगे, भारत मर जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा, यह गांवों के विकास का विधायक है। माननीय प्रतिपक्षी सदस्यों ने कई तरह के आरोप लगाए। एक बात यह कही कि हम भेदभाव करते हैं। सारा ● शेष पेज 11 पर

## अभद्र टिप्पणी मामले में आजम दोष मुक्त

रामपुर। उत्तर प्रदेश में रामपुर जिले की एक अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मंत्री आजम खान को प्रशासनिक अधिकारियों से अभद्र टिप्पणी करने के मामले में दोष मुक्त करार दिया है। मामले में अभियोजन साक्ष्य साबित नहीं कर सका। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के मुकदमों की सुनवाई तेजी से चल रही है। ज्यादातर मुकदमे फैसले के करीब आ गए हैं। आज फिर एक अन्य मुकदमे में फैसला आया। मुकदमा भड़काऊ भाषण का था, जो आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खान लाला ने सदर कोतवाली में 2 अप्रैल साल 2019 में दर्ज कराया था। तब आजम खान पहली बार लोकसभा चुनाव प्रत्याशी थे। उन पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप था। आम आदमी पार्टी (आप) नेता फैसल खान लाला की ओर ● शेष पेज 11 पर

## लाल किला बम विस्फोट मामले में एक और मुख्य आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार विस्फोट मामले में एक और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस विस्फोट में 11 लोगों की मौत हुयी थी और कई अन्य घायल हुए थे।

इस मामले में गिरफ्तार होने वाला नौवां व्यक्ति यासिर अहमद डार है जो जम्मू कश्मीर के श्रीनगर के शोपियां का निवासी है। उसे केंद्रीय एजेंसी ने नयी दिल्ली से गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है।





एनआईए की जांच से राष्ट्रीय राजधानी को दहला देने वाले इस कार बम विस्फोट के पीछे की साजिश में डार की सक्रिय भूमिका का खुलासा हुआ है। वह इस साजिश का एक सक्रिय भागीदार था और उसने आत्मघाती अभियानों को अंजाम देने के लिए कसम खाई थी। जांच से यह भी पता चला है कि डार इस मामले के अन्य आरोपियों के साथ निकट संपर्क में था जिसमें बमबारी को अंजाम देने वाला मृत अपराधी उमर ● शेष पेज 11 पर

# उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड, घने कोहरे का अलर्ट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर प्रदेश में आगामी तीन दिनों तक कड़ाके की ठंड की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में ठंड का प्रकोप बना रहेगा और सुबह के समय दृश्यता बेहद कम हो सकती है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ एके सिंह ने बताया कि निचले वायुमंडल में बनी प्रतिकूल परिस्थितियों, उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। खासकर तराई और मैदानी क्षेत्रों में ठंड अधिक महसूस की जाएगी। विभाग के मानकों के अनुसार जब मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो जाता है और सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस तक कम रहता है,



तो उसे शीत दिवस कहा जाता है। वहीं यदि अधिकतम तापमान सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक कम हो जाए, तो गंभीर शीत दिवस की स्थिति मानी जाती है। आईएमडी के अनुसार देर रात से सुबह के समय प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाया रहेगा। कई स्थानों पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम रह सकती है। इससे सड़क, रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ने की आशंका है।

मौसम विभाग का कहना है कि आज पहले दिन पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे के साथ शीत दिवस की स्थिति ● शेष पेज 11 पर

**कलाकारों को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त वातावरण देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

# संस्कृति में बसती है राष्ट्र की आत्मा : योगी आदित्यनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर किसी देश से उसकी संस्कृति को अलग कर दिया जाए, तो वह देश बेजान हो जाता है और अपनी पहचान खो देता है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारतीय संस्कृति ने खुद को 'सनातन' संस्कृति के रूप में स्थापित किया है।

आदित्यनाथ ने कहा, ''राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है। जैसे किसी मनुष्य की आत्मा उसके शरीर से संबंध तोड़ देती है तो शरीर निस्तेज हो जाता है, उसी प्रकार किसी भी राष्ट्र की संस्कृति को अगर उससे अलग कर दिया जाए तो राष्ट्र निस्तेज हो जाता है। वह खंडहर में परिवर्तित हो जाता है और अपनी पहचान को खो देता है। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह के आरंभिक कार्यक्रम में कहा कि यह अवसर हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।



उनके अनुसार, ''भारत की कला, स्वर व लय ने अपनी पहचान को विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए जो निरंतरता दी उसी के बदौलत हमारी सनातन संस्कृति विश्व में खुद को स्थापित करने और आगे बढ़ाने में सफल हुई है। कलाकार की कला एक ईश्वरीय गुण है जिसकी हमें अवमानना नहीं करनी चाहिए। कलाकार किसी भी विधा से जुड़ा हो, उसे प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी भारत की सांस्कृतिक चेतना, स्वर, लय और संस्कार को इस संस्थान ने एक नयी पहचान दी है। उन्होंने कहा कि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय ने पिछले 100 वर्षों में भारतीय संगीत, नृत्य, नाट्य और ललित कलाओं को न केवल संरक्षित किया है, बल्कि उन्हें आधुनिक शैक्षणिक व्यवस्था से जोड़कर प्रतिष्ठित भी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक संस्कृति कर्मी भी राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दिशा में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय से जुड़े सभी महानुभावों के योगदान के लिए उन्होंने कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर पंडित विष्णु नारायण भातखंडे को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सृष्टि का पहला स्वर ओंकार है। उन्होंने नाद योग का उल्लेख करते हुए कहा कि विज्ञान, अध्यात्म और संस्कृति तीनों ही इसकी पुष्टि करते हैं। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का दृष्टिकोण भी यही है कि नाद के अधीन पूरा जगत है। उन्होंने कहा कि संगीत की विभिन्न विधाओं के माध्यम से इसी नाद की पहचान करना साधना का विषय है। विश्वविद्यालय से जुड़े पूर्व कलाकारों को सम्मानित किए जाने पर उन्होंने कहा कि ये कलाकार न केवल भातखंडे की परंपरा, बल्कि उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक मूल्यों को भी वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित कर रहे हैं। 'कॉफी टेबल बुक' के विमोचन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आने वाले समय में यह पुस्तक प्रेरणा का कार्य करेगी। देश की आजादी के शताब्दी महोत्सव के साथ जब विश्वविद्यालय जुड़ रहा होगा, तब यह 'कॉफी टेबल बुक' अत्यंत प्रासंगिक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री योगी ने पंडित विष्णु नारायण भातखंडे के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि वर्ष 1926 में देश ● शेष पेज 11 पर

# ईडी कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## भाजपा कार्यालय जाने से पहले पुलिस ने रोका जुलूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं व नेताओं ने केंद्र सरकार और ईडी की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेसजन सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहे से भाजपा कार्यालय की ओर जुलूस निकालने के लिए आगे बढ़े ही थे कि पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें वहीं रोक दिया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता मोदी सरकार मुर्दाबाद, बीजेपी पार्टी मुर्दाबाद, ईडीऽसीबीआई की कार्रवाई बंद करो और मोदीऽअमित शाह इस्तीफा दो जैसे नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। कार्यकर्ताओं के हाथों में ड्डसत्यमेव जयतेड्ड लिखे बैनर थे, जिन पर कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तस्वीरें अंकित थीं। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पूरी तरह फर्जी है, जिसे न्यायालय ने सुनने से इनकार कर सरकार और जांच एजेंसियों को आईना दिखाया है। उनका आरोप है कि बिना ठोस आधार के कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को ईडी कार्यालय बुलाकर परेशान किया गया।

जुलूस को रोके जाने के बाद सुभाष चौराहे पर ही कांग्रेस नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष संजय तिवारी, फुजैल हाशमी, अशोक पटेल, सुधाकर तिवारी, किशोर वार्ष्णेय, हरकेश तिवारी, हसीब अहमद, रिजवाना अहमद, प्रतिमा त्रिपाठी, प्रदीप द्विवेदी, विनय पांडे, नागेश मिश्रा, इश्तियाक, राकेश श्रीवास्तव, अमर सिंह पटेल, रचना पांडे, शीश अहमद, सुनील पांडे, दरख्ता कुरैशी, प्रवेश सिद्दीकी और अहमदुल्लाह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छोटे एवं मझोले व्यापारियों की जीएसटी समस्याओं के समाधान व जागरूकता के लिये बैठक आयोजित

## बैठक की अध्यक्षता रजनी कान्त मिश्र, अपर आयुक्त, सेंट्रल जीएसटी आयुक्तालय इलाहाबाद द्वारा की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। केंद्रीय माल एवं सेवा कर आयुक्तालय, इलाहाबाद द्वारा दिनांक 17 दिसंबर 2025 को सिविल लाइन्स स्थित जीएसटी भवन के कौटिल्य सभागार में छोटे एवं मझोले व्यापारियों/ट्रेडर्स की जीएसटी से संबंधित समस्याओं के समाधान एवं जागरूकता हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रजनी कान्त मिश्र, अपर आयुक्त, सेंट्रल जीएसटी आयुक्तालय इलाहाबाद द्वारा की गई।

इस अवसर पर आयुक्तालय के अधिकारीगण सुरेश कुमार सरोज एवं अनुपम कुमार तिवारी (सहायक आयुक्त), दिलीप यादव, अनुज मिश्र एवं असीम कुमार सिंह (अधीक्षक) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। करदाता सेवा महानिदेशालय, नई दिल्ली के अधिकारी शैलेन्द्र कुमार (सहायक आयुक्त) एवं संसार सिंह तोमर (निरीक्षक) ने भी बैठक में सहभागिता की।बैठक में कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कुमार गोयल तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन, प्रयागराज शाखा की ओर से अध्यक्ष सीए सुशील कुमार शुक्ला, महिला प्रोफ़ेशनल सीए अनुप्रिया पाण्डेय एवं सीए आयुषी जैन ने अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त छोटे एवं मझोले व्यापारियों में अजय गुप्ता, विभु अग्रवाल, दिनेश केसरवानी, अजय अग्रवाल, आशुतोष गोयल, आलोक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राज किशन अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल तथा धर्मेन्द्र कुमार मिश्र (ट्विड उद्योग) सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।बैठक में जीएसटी के आठ वर्ष पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए क्व्ह्ट्ट-9 एवं 9ए, रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म, क्व्ह्ट्ट-2उ, फ़ेक सप्लायर द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट, तथा जीएसटी रिटर्न फाइलिंग सिस्टम में तकनीकी सुधार जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। व्यापार प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से छोटे एवं मझोले व्यापारियों के लिए क्व्ह्ट्ट-9 वार्षिक रिटर्न की मौद्रिक सीमा बढ़ाने, अनुपालन का बोझ कम करने तथा रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, वास्तविक खरीदारों को काल्पनिक/गैर-मौजूद फर्मों द्वारा की गई।

## माघ मेले को लेकर वाराणसी परिवहन विभाग की तैयारी तेज श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा के लिए चलेंगी 336 अतिरिक्त बसे

प्रयागराज। माघ मेले को लेकर योगी सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा विशेष परिवहन व्यवस्था की जा रही है। माघ मेले के दौरान वाराणसी परिक्षेत्र के 8 जिलों से प्रयागराज के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा, ताकि संगम आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के वाराणसी परिक्षेत्र से तीन चरणों में कुल 336 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी, जबकि 50 बसें रिज़र्व में रहेंगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ए.सी. जनरथ बसों को भी बेड़े में शामिल किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया कि यात्रियों की संख्या और मांग के अनुसार बसों का संचालन किया जाएगा, वहीं कैंट और काशी डिपो से 3-3 जनरथ ए.सी. बसें भी चलेंगी।बसों का संचालन प्रथम चरण में 1 से 13 जनवरी 2026 तक 215 बसों, द्वितीय चरण में 14 से 24 जनवरी तक 330 बसों और तृतीय चरण में 31 जनवरी से 16 फरवरी तक 215 बसों के साथ किया जाएगा। वाराणसी, जौनपुर, भदोही, गाजीपुर, चंदौली सहित अन्य जिलों से झूंसी और अरैल मार्ग पर रूटवार बसें चलाई जाएंगी, जिससे पूर्वांचल के श्रद्धालु आसानी से प्रयागराज पहुंच सकें।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, बालिग जोड़े को साथ रहने का अधिकार

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि बालिग जोड़े को अपनी इच्छा से साथ रहने का पूरा अधिकार है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की पीठ ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप गैरकानूनी नहीं है और इसे संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त मौलिक अधिकारों में संरक्षण प्राप्त है। अदालत ने संबंधित जिले की पुलिस को निर्देश दिया कि याचियों के अधिकारों की रक्षा की जाए और उनके शांतिपूर्ण जीवन में किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप पर सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति को याची के शांतिपूर्ण सहजीवन में दखल देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह फैसला व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को मजबूती देता है।

## माननीय' शब्द के प्रयोग पर इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नौकरशाहों के नाम के आगे 'माननीय' शब्द के प्रयोग पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि 'माननीय' शब्द का प्रयोग केवल मंत्रियों के लिए किया जाता है, न कि प्रशासनिक अधिकारियों के लिए। अफसरों को माननीय कहना संविधान की भावना के विपरीत है। हाईकोर्ट ने माननीय एडिशनल कमिश्नर शब्द के प्रयोग पर आपत्ति जताते हुए सरकार से जवाब तलब किया है। न्यायालय ने कहा कि नौकरशाही में 'माननीय' शब्द का दुरुपयोग एक गलत परंपरा बन चुका है, जिस पर रोक लगना आवश्यक है। यह टिप्पणी प्रशासनिक भाषा और संवैधानिक मर्यादाओं को लेकर अहम मानी जा रही है।

## प्रयागराज में शीतलहर का प्रकोप, जनजीवन प्रभावित

प्रयागराज। संगम नगरी प्रयागराज में शीतलहर का कहर लगातार जारी है। तापमान गिरकर 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। घना कोहरा और धुंध छाए रहने के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई है। सड़कों पर वाहन हेडलाइट जलाकर रेंगते हुए चलते नजर आए। मौसम की मार का असर रेल, सड़क और हवाई यातायात पर भी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। सुबह और देर रात के समय ठंड अधिक महसूस की जा रही है। प्रशासन ने लोगों को सावधानी बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

## यमुनानगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गैंगस्टर सुनील कुमार गिरफ्तार

प्रयागराज। यमुनानगर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मेजा क्षेत्र से आरोपी को दबोच लिया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी दीनदयाल सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें पुलिस को सफलता मिली। बताया जा रहा है कि गैंगस्टर सुनील कुमार लंबे समय से पुलिस को वांछित था और उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सफलता से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की सक्रियता स्पष्ट होती है।

## मारपीट के बाद, घर में आग लगाने का आरोप

रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के कुशल खेड़ा गांव में बीते बुधवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर विजय बहादुर व राम सजीवन को गांव के ही रहने वाले आधा दर्जन लोगों ने मारा पीटा तथा जाम से मारने की धमकीदी। घायल विजय बहादुर वा राम सजीवन विपक्षियों के हमले से गंभीर घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज चल रहा है। विजय बहादुर की पत्नी शांति देवी का आरोप है कि वह बुधवार शाम अपने घर में अपने बच्चे सुनैना , अविरल ,दीपाली के साथ सो रही थी तभी उनके परिवार के ही लोग उन्हें जान से मारने की नीयत से उनके घर में आग लगा दिया। चीख पुकार पर लोग मौकेसे फरार हो । तथा मोहल्ले वालों की मदद से आग पर काबू पाया गया। उनके पति व उनके चचेरे ससुर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वह कोतवाली भी गई परंतु कोई सुनवाई नहीं हुईह। सीओ महाराजगंज प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच करवाई की जाएगी।

## कड़ाके की ठंड से लोगों की दिनचर्या में बदलाव का असर

रायबरेली। कड़ाके की ठंड से लोगों की दिनचर्या में बदलाव का असर तो साफ दिख रहा है। लेकिन महराजगंज नगर पंचायत की शिथिलता के चलते कस्बे के लोग व राहगीर अलाव जलवानें के लिए ईओ व चेयरमैन की तरफ टकटकी लगाए बैठे ठिठुर रहे हैं। बीते कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड व ठिठुरन से लोगों को निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर सख़्त है वहीं नगर पंचायत के ईओ सुस्त पड़े हैं। जिससे आम जनमानस क्षेत्र से आने जाने वाले राहगीर परेशान है। लोगों का कहना है कि अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा व नगर पंचायत अध्यक्ष कमीशन खोरी के चलते अब तक अलाव जलवानें के लिए लकड़ी का टेंडर नही कर पाए हैं। अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एक दो दिन में वार्डों व चौराहों पर अलाव जलने शुरू हो जाएंगे।

# मंदिर मठों पर गृहकर शून्य रहेगा: नगर निगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। धार्मिक नगरी काशी में इन दिनों नगर निगम द्वारा मंदिरों और मठों पर कर लगाने का मामला सुर्खियों में है। गुरुवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि किसी त्रुटि के कारण नोटिस जारी हुआ होगा, जिसको सुधारा जा रहा है। किसी भी उपासना स्थल, मंदिर और मठ पर गृहकर शून्य रहेगा। कोई भी कार्रवाई प्रस्तावित नहीं है।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिरों और मठों पर लगने वाले कर को लेकर नगर आयुक्त की ओर से स्पष्टीकरण दे दिया गया है। शासन के निर्देश पर पहली बार संपत्ति कर का यूनिफाइड बिलिंग जनरेट किया जा रहा है, जिसमें गृहकर, जलकर और सीवर कर का एकीकृत बिल है। यह प्रक्रिया पूरे वाराणसी शहर के लिए की जा रही है। वित्तीय वर्ष में चार माह शेष बचे हैं। बीस हजार से ज्यादा भवनों के बकाए को लेकर उन्हें नोटिस भेजा जा रहा है। सात तारीख को एक मंदिर-मठ द्वारा इस पर आपत्ति जाहिर की गई। नगर निगम द्वारा तत्काल जांच कराकर गृहकर मुक्त कर दिया गया।

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 175 और 177 में वर्णित है कि किसी भी उपासना स्थल का गृहकर माफ किया जा सकता है लेकिन सीवर कर और जलकर से मुक्त नहीं होता है। हालांकि अब जलकर और सीवर कर में भी पचास प्रतिशत की कमी की जाएगी। प्रथम चरण में कोतवाली जोन, जहां का मामला सामने आया था, जब चालीस मंदिर-मठ, सात मस्जिद और एक गुरुद्वारे को गृहकर से मुक्त कर दिया गया है। नगर निगम अधिनियम में जलकर और सीवर कर मुक्त करने का वर्णन नहीं है, लेकिन उसे पचास प्रतिशत किया जा रहा है।

# एके शर्मा ने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने नगर निगम लखनऊ सीमा क्षेत्र में नवनिर्मित राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और शेष बचे कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मंत्री ने कहा कि यह स्थल लखनऊ नगर के लिए प्रेरणादायी और उदाहरण प्रस्तुत करने वाला केंद्र बनेगा।मंत्री ए के शर्मा ने बताया कि वर्ष 2016 तक नगर निगम लखनऊ क्षेत्र में आईआईएम रोड, घैला स्थित स्थल एकमात्र डंपिंग स्थल था, जहां प्रतिदिन नगर से उत्सर्जित ठोस अपशिष्ट डंप किया जाता था। वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था न होने के कारण यहां लगभग 6,33,911 मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट एकत्र हो गया था, जिससे पर्यावरण, भू-जल और स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था।उन्होंने बताया कि लिगेसी वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण के माध्यम से पूरे क्षेत्र को कूड़ा मुक्त कर राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित किया गया है। यह परियोजना स्वच्छ भारत मिशन की भावना को साकार करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और सतत शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था, हरित क्षेत्र विकास, सौंदर्यीकरण और भविष्य की रखरखाव योजनाओं पर चर्चा की गई। मंत्री ने निर्देश दिए कि शेष कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कर स्थल को आमजन के लिए अधिक आकर्षक और उपयोगी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं अन्य नगरों के लिए भी मॉडल बननी चाहिए।इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लखनऊ के विकास नगर में लगेगा दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेला

लखनऊ। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 20 और 21 दिसंबर को विकास नगर के मिनी स्टेडियम में निःशुल्क अटल स्वास्थ्य मेला-6 आयोजित किया जायेगा। स्वास्थ्य मेला संयोजक भारतीय जनता पार्टी नेता डॉक्टर नीरज सिंह ने बताया कि विगत पांच वर्षो कि भांति इस वर्ष भी अटल जयंती के अवसर पर लखनऊ में वृहद स्तर पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है जो अटल जी को समर्पित है और उनको हमारी श्रद्धांजलि है।दो दिवसीय स्वास्थ्य मेले में राजकीय चिकित्सालयों के साथ-साथ निजी चिकित्सालयों के चिकित्सकों द्वारा चिकित्सक उपकरण तथा अन्य संसाधनों की सुचारू रूप से व्यवस्था के तहत निःशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण एवं निदान किया जायेगा। महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की जाएगी। दिव्यांग जन सशक्तिकरण हेतु जांच और प्रमाण पत्र वितरण के साथ ही ट्राई साइकिल, कृत्रिम अंगों एवं उपकरणों का भी निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

# सोलर पंप से बदली महिला किसान की किस्मत, खेती बनी लाभकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। ग्रामीण भारत में सोलर पंप किसानों के लिए आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रहे हैं। जनपद प्रयागराज के विकास खंड भगवतपुर अंतर्गत ग्राम बिहका उर्फ पुरामुफ्ती की महिला किसान सुशीला देवी पत्नी विक्रम सिंह इसकी जीवंत मिसाल हैं। उनके पास लगभग एक एकड़ कृषि भूमि है, जिसकी सिंचाई पहले डीजल पंपसेट से होती थी।

बिजली की अनियमित आपूर्ति और डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण सिंचाई महंगी और कठिन होती जा रही थी, जिससे खेती की लागत लगातार बढ़ रही थी। इस समस्या से निजात पाने के लिए सुशीला देवी ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (घ्ख्र-खठट्टठख्र योजना) के तहत 5 एचपी का सोलर पंप लगवाया।सोलर पंप की कुल लागत ?3,27,498 थी, जिसमें ?1,96,499 का अनुदान प्राप्त हुआ। इस तरह मात्र 1,30,999 की लागत में सोलर पंप स्थापित हो गया। सोलर पंप लगने के बाद खेतों की सिंचाई समय पर और सुचारू रूप से होने लगी। डीजल और बिजली के खर्च से पूरी तरह मुक्ति मिल गई, जिससे खेती की लागत में उल्लेखनीय कमी आई।सोलर पंप के माध्यम से सालाना लगभग ?25,000 की सीधी बचत होने लगी। पर्याप्त पानी उपलब्ध होने से सुशीला देवी ने सब्जियों की खेती भी शुरू की, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और आमदनी लगभग दोगुनी हो गई।

# मिशन शक्ति 5.0 : नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण का सशक्त अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गंगानगर जोन कमिश्नरेट प्रयागराज में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस आयुक्त एवं अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त गंगानगर और अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में संचालित किया गया।

गुरुवार को गंगानगर जोन के समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों और अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया गया तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। साथ ही, किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत डायल-112 अथवा मिशन शक्ति टीम से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों—पुलिस आपात सेवा 112, वूमेन पावरलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं मिशन शक्ति केंद्र—की जानकारी दी गई।

# कलश यात्रा में कुटी से जुड़े हजारों श्रद्धालु उत्साह के साथ रहे शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। क्षेत्र के गंगापुर कुटी स्थित बाबा श्री घिसियावन दास कुटी पर श्री मदभागवत कथा के पहले गुरुवार को श्री राम लक्ष्मण जानकी की झांकियों सहित सैकड़ों गाडियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में कुटी से जुड़े हजारों श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल रहे।

कलश यात्रा का शुभारंभ गंगापुर कुटी से गाजीराय का पुरवा होते हए खेखरूवा गांव स्थित ब्रह्मलीन महंत श्री श्री 108 राम प्रताप दास के जन्म स्थली से होते हुए बारी गोहन्ना, इंद्राही, कड़रिया समेत दर्जनों गांवों का भ्रमण कर पुनः गंगापुर कुटी पहुंची। कुटी के महंत बाबा रामवचन दास महाराज ने बताया कि देर शाम से श्री मदभागवत कथा का शुभारंभ होगा। सप्त दिवसीय भागवत कथा 24 दिसंबर तक चलेगी। कथावाचक पंडित वेदप्रकाश दीक्षित कथा प्रवचन करेगे। इस मौके पर यजमान श्रीमती राजकुमारी सिंह, भानुप्रताप सिंह, निर्भय सिंह, सुंदरम त्रिवेदी, रामसजीवन शास्त्री, अनूप तिवारी, मोनू शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, पन्ना सिंह, सतीश शुक्ला सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। गंगापुर कुटी स्थित बाबा श्री घिसियावन दास कुटी पर श्री मदभागवत कथा के पहले गुरुवार को श्री राम लक्ष्मण जानकी की झांकियों सहित सैकड़ों गाडियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।

## पीएम आवास और नियुक्ति में सगे संबंधियों को लाभ दिलाने पर सभासद के खिलाफ उपजिलाधिकारी से शिकायत

रायबरेली। नगर पंचायत के केशव नगर वार्ड में पद का दुरुपयोग और नियमों को ताक पर रखकर अपनों को लाभ पहुंचाने के मामले की उपजिलाधिकारी से शिकायत पर उपजिलाधिकारी ने जांच के निर्देश दिए हैं। नगर पंचायत महराजगंज के ?केशव नगर वार्ड नंबर 6 (पूरे चुन्नू) के निवासी अरुण कुमार ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए वर्तमान सभासद राम कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि सभासद ने अपने पद का प्रभाव इस्तेमाल करते हुए नियमों के विपरीत जाकर अपने सगे-संबंधियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाया है। दिए गए शिकायती पत्र में आरोप यह भी है कि सभासद द्वारा बेटे को आउटसोर्सिंग में नौकरी, बहू ज्योति को आवास भी दिलाया है। आरोप यह भी है कि सभासद ने एक से अधिक आवासों का लाभ अपने सगे-संबंधियों को दिया है, जो कि योजना की पात्रता और नियमों का सीधा उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नियमों के विपरीत यदि कोई भी कार्य हुआ है, तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर रेलवे

ई—ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई—ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ—उ.रे.—मण्डल—वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AYC-PS-134-25-1 (Misc-Static-Services-Parcel Scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-RBL-PS-122-25-1 (Misc-Static-Services-Parcel Scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-JNU-PS-121-25-1 (Misc-Static-Services-Parcel Scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-SHG-PS-127-25-1 (Misc-Static-Services-Parcel Scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-MBDP-PS-125-25-1 (Misc-Static-Services-Parcel Scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-SLN-PS-129-25-2 (Misc-Static-Services-Parcel Scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:20 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3900/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मंत्री सुरेश खन्ना ने खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**लखनऊ में 10 दिवसीय खादी प्रदर्शनी में कारीगरों और उद्यमियों को मिलेगा विपणन का बड़ा मंच**

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । योगी सरकार की स्वदेशी, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर भारत की सोच को धरातल पर उतारते हुए उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर, लखनऊ परिसर में 10 दिवसीय मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी-2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

यह प्रदर्शनी 18 से 27 दिसंबर 2025 तक आमजन के लिए खुली रहेगी, जिसमें खादी, ग्रामोद्योग एवं माटीकला से जुड़े उत्पादों के कुल 130 स्टॉल लगाए गए हैं।प्रदर्शनी का उद्घाटन वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मुख्य द्वार पर फीता काटकर किया । उद्घाटन अवसर पर उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न स्टॉलों पर प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि खादी भारत की आज़ादी, स्वदेश और स्वावलंबन का प्रतीक है। महात्मा गांधी ने चरखे के माध्यम से आमजन को आत्मनिर्भर बनने की दिशा दिखाई थी, जिसका साकार स्वरूप आज योगी सरकार के नेतृत्व में देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में स्वच्छता, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा, स्वरोजगार सृजन और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग इस लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।प्रदर्शनी में लेदर उत्पाद, भदोही के कालीन, माटीकला से बने बर्तन एवं घरेलू सजावटी सामान, प्रतापगढ़ का आंवला मुरब्बा, वाराणसी की रेशम एवं सिल्क साड़ियां, राजस्थान के बीकानेरी पापड़ व नमकीन, उत्तराखंड के कोट, विभिन्न प्रकार की चादरें तथा हस्तशिल्प आधारित वस्त्र आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। प्रदर्शनी न केवल उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पाद उपलब्ध करा रही है, बल्कि कारीगरों और उद्यमियों को विपणन का सशक्त मंच भी प्रदान कर रही है। इस अवसर पर खादी बोर्ड के संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ यादव, वित्तीय सलाहकार मानवेन्द्र सिंह, परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अजय पाल, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अवधेश गौतम सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेकाबू कार झोपड़ी में घुसी एक की मौत, दो घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ के आशियाना थाना क्षेत्र में बुधवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में घायल एक मजदूर की गुरुवार दोपहर इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।थाना प्रभारी, आशियाना छत्रपाल ने बताया कि बुधवार रात आशियाना क्षेत्र में सड़क किनारे बनी झोपड़ियों के बाहर कुछ मजदूर आग ताप रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार आई-20 कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर झोपड़ी में जा घुसी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।उन्होंने कहा हादसे में तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को एम्बुलेंस के जरिए लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया था। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल राधेश्याम साहू (35) को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया, जहां गुरुवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक राधेश्याम साहू छत्तीसगढ़ के भैसा गांव के निवासी थे और पेशे से राज मिस्त्री थे। वह आशियाना के सेक्टर-एच में रहकर काम कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी भुनेश्वरी साहू हैं। हादसे में घायल दिलीप और दुकालू का इलाज अभी चल रहा है, दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।सूचना मिलने पर आशियाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, हादसे में शामिल कार को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया था।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान में जुटी सपा

**पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कसी कमर**

**एसआईआर फॉर्म भरवाने को लेकर गांव-गांव पहुंच रहे पूर्व विधायक, कार्यकर्ताओं से की युद्ध स्तर पर अभियान चलाने की अपील**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के समेसी एवं निगोहा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुरहिया में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समाजवादी पार्टी के बूथ प्रभारी समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एसआईआर अभियान को युद्ध स्तर पर लें और अधिक से अधिक मतदाताओं को फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि एसआईआर भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा संचालित वह प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मतदाता विवरणों का सत्यापन कर मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाया जाता है।

पूर्व विधायक ने जानकारी दी कि बीएलओ घर-घर जाकर एसआईआर फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहयोग करने, स्वयं फॉर्म भरने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी फॉर्म भरवाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई। समाजवादी पार्टी द्वारा इस उद्देश्य से गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक एसआईआर फॉर्म भरे जा सकें। इस अवसर पर पुरहिया एवं समेसी ग्राम पंचायत के बूथ प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जानकीपुरम इलाके के बंद घरों मे चोरी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । चोरी की घटना को संजीदगी से लेते हुए जानकीपुरम पुलिस ने अगले ही दिन तीन शातिर चोरो को अपनी गिरफ्त मे लेते हुए चोरी की घटना का खुलासा करने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि दिनांक 17 दिसंबर 2025 को खलार गाँव माड़ियाव थाना क्षेत्र जानकीपुरम मे चरों द्वारा वादी के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसकी सूचना थाने मे दी गई उसी घटना को गंभीरता से लेते हुए जानकीपुरम पुलिस ने अगले ही दिन यानी 18 दिसंबर को इसी घटना से जुड़े तीन शातिर अभियुक्त समर्थ शर्मा उर्फ़ वरुण,शुभम उर्फ़ अमन सोनी और मोहम्मद साजिद मिर्ज़ा को मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया साथ ही चोरी किये गये सामान की भी बरमदगी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि ये बंद घरों की रेकी कर उन्हे अपना निशाना बनाते थे अभियुक्तों पर विधिक कार्यवाही कर दी गई है।


## किशोरी को भगाने व दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सरोजिनी नगर। सरोजनीनगर पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को एक क्षेत्रीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाले एक शातिर अभियुक्त भीम रावत उर्फ राघव पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी-ग्राम गहरु थाना सरोजनीनगर लखनऊ उम्र करीब 19 वर्ष को थाना सरोजनीनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-405/2025, धारा-137(2)/87 बीएनएस में धारा-65 (1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी करते हुए गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।घटना के अनुसार बीती 28.11.2025 को वादिनी मुकदमा ने थाना स्थानीय पर तहरीर दी कि अभियुक्त भीम वादिनी की नाबालिग पुत्री उम्र करीब 15 वर्ष को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

## काकोरी: नेत्र शिविर में उमड़ी भीड़, 35 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए लखनऊ रेफर




काकोरी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । ऐतिहासिक नगरी काकोरी के श्री शीतला माता मंदिर में आज हिंदू जन सेवा समिति द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी आई केयर हॉस्पिटल, लखनऊ के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा आयोजित इस कैंप में काकोरी सहित आसपास के जिलों के सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया।?शिविर में कुल 120 मोतियाबिंद मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ?निशुल्क ऑपरेशन गहन जांच के बाद 35 गंभीर मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु इंदिरा गांधी अस्पताल रेफर किया गया है। समिति के अध्यक्ष प्रज्ज्वल गुप्ता ने बताया कि भविष्य में 'मेगा कैंप' लगाया जाएगा, जिसमें यूपी सरकार की अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी दिया जाएगा।कैंप में डॉ. योगेंद्र वर्मा, कैंप प्रभारी सतीश मिश्रा, संरक्षक रवि पांडे, अध्यक्ष प्रज्ज्वल गुप्ता, आदित्य शर्मा, अनुराग गुप्ता,संजीव सिंह, महीन गुप्ता, विशाल सैनी ,सनी राठौर , निखिल गुप्ता सहित कई सेवादार सक्रिय रहे।



## सीडीआरआई में दो दिवसीय संगोष्ठी के साथ प्रथम एलुमनाई मीट का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीएसआईआर केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने संस्थान के प्लेटिनम जुबली समारोहों के अंतर्गत औषधि खोज एवं विकासः अतीत, वर्तमान एवं भविष्य विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी के साथ अपनी प्रथम एलुमनाई मीट 2025 का आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रथम दिवस गुरुवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सीडीआरआई के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र, वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, उद्योग विशेषज्ञ, शोधकर्ता एवं विद्यार्थी एकत्रित हुए और औषधि खोज, विकास तथा जैव-चिकित्सकीय अनुसंधान में संस्थान के सात दशकों से अधिक के समृद्ध योगदान का उत्सव मनाया। दिन भर के कार्यक्रम में आकर्षक एलुमनाई टॉक सीरीज़, एलुमनाई स्मृति सत्र, कैम्पस भ्रमण तथा सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई, जिसने वैज्ञानिक विमर्श, स्मृतियों और सांस्कृतिक उत्सव का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएसआईआर सीडीआरआई ऑडिटोरियम में आयोजित उद्घाटन सत्र से हुआ। डॉ. राधा रंगराजन, निदेशक सीएसआईआर सीडीआरआई ने स्वागत भाषण देते हुए स्वदेशी औषधि खोज, ट्रांसलेशनल अनुसंधान तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राथमिकताओं में संस्थान के सात दशकों के योगदान को रेखांकित किया।

## उप्र में कमजोर वर्ग को आवंटित किये रिकॉर्ड पौने चार लाख पक्के मकान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आदिवासियों, दैवीय आपदा पीड़ितों, दिव्यांगजनों और समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े वंचित वर्गों को रिकॉर्ड 3.72 लाख पक्के मकान आवंटित किए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की शुरुआत फरवरी 2018 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आवासहीन और अत्यंत जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक पक्का घर उपलब्ध कराना है। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि योगी सरकार ने आवास आवंटन में स्पष्ट रूप से जरूरत और संवेदनशीलता को आधार बनाया है। दैवीय आपदा पीड़ितों को सर्वाधिक 93,300 पक्के मकान जबकि दिव्यांगजनों को 91,062 आवास आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा मुसहर समुदाय को 50,000 से अधिक आवास, निराश्रित विधवा महिलाओं को 41,000 से अधिक मकान आवंटित हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वनटांगिया, मुसहर, थारू, कोल, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बंजारा जैसे अति पिछड़े और वंचित समुदायों को पहली बार बड़े पैमाने पर पक्का आवास उपलब्ध कराया गया है।

# लखनऊ व्यापार मंडल के व्यापारियों ने किया नगर निगम के प्रस्ताव का विरोध, दी चेतावनी

**व्यापारियों ने कहा कि ट्रेडों से जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य ट्रेडों को लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाने के नगर निगम के फैसले का लखनऊ व्यापार मंडल घोर विरोध करता है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । ट्रेडों से जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य ट्रेडों को लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाने के नगर निगम के फैसले का लखनऊ व्यापार मंडल घोर विरोध करता है, जिसको लेकर लखनऊ व्यापार मंडल की एक बैठक राजाजीपुरम स्थित दरोगा खेड़ा में संपन्न हुई।

बैठक में व्यापारियों ने कहा कि ट्रेडों से जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य ट्रेडों को लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाने के नगर निगम के फैसले का लखनऊ व्यापार मंडल घोर विरोध करता है। नगर निगम लखनऊ द्वारा एक बार फिर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में मनमानी ढंग से शुल्क की वृद्धि एवं अन्य तमाम व्यापारिक ट्रेडों को लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाने की साजिश की जा रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि नगर निगम को स्पष्ट चेतावनी व्यापार मंडल कि है यदि यह प्रस्ताव तत्काल प्रभाव से वापस नहीं लिया गया, तो संपूर्ण लखनऊ में दुकानें बंद करेगा, सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा और सामूहिक गिरफ्तारी देगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी। इस मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, उमेश शर्मा, अनुराग मिश्र, विधानसभा महामंत्री सुशील तिवारी, रामशंकर राजपूत, सौरभ शर्मा, अरुण निगोतिया, बबलू गुप्ता, गोपाल गुप्ता, राधे राधे, पिंटू गुप्ता, लल्लन यादव, राजकुमार, गंगा प्रसाद, गुलशन सचदेवा, अनूप द्विवेदी, दीपक सहगल, दीपू यादव, अमित मिश्रा, सुधीर अवस्थी, राजेश कश्यप, राजेश गुप्ता व ओमी प्रजापति के साथ सैकड़ो व्यापारियों ने विरोध किया।

# आयुष्मान योजना के तहत विद्या हास्पिटल में हार्ट व नेत्र रोगों के इलाज की सुविधा शुरू

**ग्रामीण मरीजों को बड़ी राहत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । मोहनलालगंज के हरकशगंढी स्थित विद्या हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अब हृदय एवं आंखों से जुड़ी बीमारियों के इलाज और ऑपरेशन की सुविधा शुरू कर दी गई है। इस नई पहल से मोहनलालगंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

विद्या हॉस्पिटल के संचालक डॉ. विवेक त्रिपाठी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को अब हार्ट और नेत्र रोगों के इलाज के लिए लखनऊ या अन्य बड़े शहरों में भटकना नहीं पड़ेगा। अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा संसाधनों के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच, परामर्श, इलाज और आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि हृदय रोगों के लिए प्रारंभिक जांच, ईसीजी, इको समेत अन्य आवश्यक परीक्षणों की व्यवस्था की गई है। वहीं नेत्र रोगों के मरीजों के लिए आंखों की विस्तृत जांच, दवा वितरण तथा मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र रोगों के ऑपरेशन की सुविधा शुरू की गई है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों को यह सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। डॉ. विवेक त्रिपाठी ने कहा कि इस पहल का सबसे अधिक लाभ आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद मरीजों को मिलेगा। समय पर इलाज उपलब्ध होने से गंभीर बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकेगा और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उनके ही क्षेत्र में मिल सकेंगी।

# युवक का आकस्मिक निधन, शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर

**आर्थिक सहायता व राशन देकर बंधाया ढांढस, हर संभव सहयोग का दिलाया भरोसा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोसाईंगंज ब्लॉक के अमेठी कस्बा स्थित अब्बासी वार्ड निवासी परीदीन रावत (45) का बीते मंगलवार को अचानक निधन हो गया। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार गहरे सदमे में है। घटना की जानकारी मिलते ही बुधवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर शोक संतप्त परिवार से मिलने मृतक के आवास पहुंचे।

उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर मृतक की पत्नी तथा उनके पुत्र आकाश और विकास को सांत्वना दी और इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का हौसला दिया। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के साथ आवश्यक राशन भी उपलब्ध कराया और भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर कस्बा अमेठी निवासी समाजवादी पार्टी के पूर्व चेयरमैन वाहिद, पूर्व चेयरमैन राजेश रावत, सभासद उदयभान यादव, सभासद वारसू सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख की इस घड़ी में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

# महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

**स्कूल के वार्षिकोत्सव में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और उसके सकारात्मक नकारात्मक पक्षों को नाट्य प्रस्तुति से दर्शाया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । जानकीपुरम स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल ने गुरुवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ अपना वार्षिकोत्सव मनाया। इस वार्षिकोत्सव में माता-पिता ने अपने बच्चों की प्रतिभा का आनंद लिया और गर्व महसूस किया। बच्चों ने सुंदर नृत्य, प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियाँ और मधुर संगीत प्रस्तुत किया।

वार्षिकोत्सव बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और क्षमताओं को जीवंत सांस्कृतिक मंच के माध्यम से प्रदर्शित करने का उत्तम अवसर प्रदान करता है। रंग-बिरंगी और शक्तिशाली प्रस्तुतियों को दर्शकों की लगातार तालियों और प्रशंसा से सराहा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद कुमार राव अपर नगर आयुक्त तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. सुमित रुंगटा डीपीएम, टीबी, एनएचएम, लखनऊ रहे। प्रधानाचार्या भावना सिंह ने माता-पिता, छात्र, शिक्षक के साथ मिलकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रस्तुत कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने समाज को बहुत प्रेरणादायक संदेश प्रदान किया। कार्यक्रमों में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और उसके सकारात्मक नकारात्मक पक्षों को नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रभावशाली रूप से दर्शाया गया। योग प्रदर्शन द्वारा शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया गया। नृत्य, भाषण एवं नाटकों के माध्यम से समय प्रबंधन, रोकथाम, उपचार एवं पुनर्वास जैसे विषयों पर भी सार्थक संदेश दिए गए। मीडिया प्रभारी सुधीश गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और समकालीन विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि नृत्य, नाटक, योग एवं संगीत प्रस्तुतियों के द्वारा बच्चों ने सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव, स्वास्थ्य के महत्व तथा जीवन मूल्यों पर सार्थक संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अनुशासन स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ, जिसकी उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। वार्षिकोत्सव में स्व. रमेश चंद अग्रवाल(टाटा) छात्रवृत्ति एवं निर्मला देवी बंसल सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार योग्य छात्रों एवं समर्पित शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और योगदान के लिए प्रदान किए गए। इस मौके पर लोकराम अग्रवाल, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता एवं प्रबंध समिति सदस्य अनिल कुमार अग्रवाल, कमल किशोर अग्रवाल, गोविंद कृष्ण अग्रवाल, धनश्याम दास अग्रवाल व अग्रवाल शिक्षा संस्थान और उसकी शाखाओं के अन्य पदाधिकारी जितेंद्र अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विपिन, कपिल एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# एसपी ने महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए किया भ्रमण

**हटवाया अतिक्रमण, भ्रमण का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो व असामाजिक तत्वों में भय व्याप्त हो: एसपी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। महानगर के कन्या और बालिका विद्यालयों के साथ ही महिला महाविद्यालयों के आसपास छात्राओं से छेड़छाड़ आदि की घटनाएं लगतार सामने आ रही हैं। जिसके सोशल मीडिया पर वीडिओ भी वायरल हो रहे हैं। जिसको लेकर एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में कन्या और बालिका विद्यालयों सहित महाविद्यालयों के बाहर सघन चेकिंग एवं भ्रमण किया। जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो और असामाजिक तत्वों के मन में भय व्याप्त हो। इस दौरान एसपी ने महिलाओं व बालिकाओं से संवाद किया और उन्हें सुरक्षा संबंधी जागरूक संदेश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों के आसपास स्थित दुकानदारों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ताकि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा विद्यालय परिसर के आसपास शांति एवं अनुशासन बनाए रखें। चेकिंग के दौरान उन्होंने विद्यालयों के आसपास से टिक्की-पकौड़ों आदि का अस्थायी अतिक्रमण भी हटवाया। जिन पर असामाजिक तत्वों का अनावश्यक जमावड़ा रहता था।एसपी ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 के अंतर्गत जनपद के सभी थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसके तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के साथ-साथ कन्या विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के बाहर नियमित भ्रमण, निगरानी एवं चेकिंग की जाती है, ताकि असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस कार्यवाही से छात्राओं में विश्वास की भावना बढ़ी है तथा भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित हुआ। कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस निरंतर सजग, संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसे अभियानों को प्रभावी रूप से जारी रखेगी। इस दौरान एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, सीओ सिटी पंकज पंत, महिला थाना प्रभारी रश्मि सहित संबंधित थानों के प्रभारी निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनने पर राकेश त्रिपाठी का परशुराम मंदिर पर हुआ भव्य सम्मान

**कमालसराय के परशुराम मंदिर पर भव्य स्वागत सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद , सीतापुर । कस्बा खैराबाद के इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि उस समय लिख गई ,जिस समय भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य के रूप में आदरणीय राकेश त्रिपाठी जी को चुना गया है ।

राकेश त्रिपाठी जी पूर्व में भाजपा जिलाध्यक्ष के पद को सुशोभित कर चुके है। इसी क्रम में खैराबाद के सभी वर्गों के द्वारा कमालसराय के परशुराम मंदिर पर भव्य स्वागत सम्मान का कार्यक्रम रखा गया ।इस कार्यक्रम का आयोजन कृष्णकांत मिश्रा (मुनव्वा दादा),राजू टंडन जी,विभूति भूषण शुक्ला जी,अजय शुक्ला जी ,अतुल मिश्रा लकी जी,अंशु धवन जी,शम्मी दादा,दिलीप वर्मा जी के द्वारा किया गया । मुख्य अतिथि के स्वागत कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू जी,पूर्व में कमलापुर चीनी मिल के चेयरमैन रह चुके आदरणीय श्री सत्य प्रकाश मिश्रा जी,पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष निरंकार गुप्ता जी,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संदीप मिश्रा जी,प्रमुख समाजसेवी अरुण अवस्थी जी,भाजपा मंडल अध्यक्ष पाल जी ,सभासद जहीर जी,सभासद उमेश जायसवाल जी,सभासद आलोक बाजपेई जी,पूर्व सभासद प्रदीप अवस्थी जी के अतिरिक्त पवन मिश्रा जी,प्रदीप त्रिवेदी जी,कुलदीप जायसवाल जी,ध्रुव शुक्ला जी,पवन पांडे जी,संजय त्रिवेदी जी,श्री राम पांडे जी,बाबू राज जोशी जी,दिनेश जायसवाल जी,अनिल गुप्ता जी,बबलू वर्मा जी इत्यादि खैराबाद के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन राजेश मिश्रा जी के द्वारा किया गया । कार्यक्रम बहुत ही सफल और सुव्यवस्थित रहा ।

# ऐतिहासिक विद्यालय को ऊंचाइयों तक देखना मेरा सपना, विद्यालय का करेंगे सहयोग: राकेश राठौर

**पुरातन छात्र सम्मेलन संपन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं ने बांधा शमा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सीतापुर जनपद के सबसे प्राचीन ऐतिहासिक विद्यालय उजागर इंटर कॉलेज सीतापुर में आज पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन प्रधानाचार्य डा देवेंद्र पांडे द्वारा किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरुजी थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के द्वारा चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत विद्यालय के संस्थापक उजागर लाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत प्रारंभ हुई प्रधानाचार्य तथा विद्यालय के प्राधिकृत नियंत्रक अशोक कुमार के द्वारा मुख्य अतिथि को बुके दे करके स्वागत किया गया इसके उपरांत विद्यालय के पुरातन छात्रों को माल्यार्पण करके उनका सम्मान किया गया कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत से की गई बहुत ही सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिस पर महाभारत के एक द्रोपदी चीर हरण के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को ?1000 का पुरस्कार अतिथियों के द्वारा दिया गया मुख्य अतिथि के द्वारा छात्र-छात्राओं के कार्यक्रमों की काफी सराहना की गई तथा छात्र-छात्राओं को यह कार्यक्रम तैयार कराने वाले शिक्षकों शिक्षिका की भी काफी सराहना की गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राकेश राठौर गुरु ने कहा कि यह वह ऐतिहासिक विद्यालय है जिसमें बहुत पहले वह जब प्रवेश लेने आए थे तो उनका प्रवेश नहीं हुआ था लेकिन वक्त के साथ जो भी गिरावट आई थी आज विद्यालय ऊंचाइयों की ओर छूने का प्रयास कर रहा है उनके स्तर से विद्यालय को पूरा सहयोग किया जाएगा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा जो भी मांग पत्र उनको सौपा जाएगा उसको वह पूरा करेंगे जो भी विद्यालय को चाहिए। वह विद्यालय को ऊपर देखना चाहते हैं विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्राधिकृत नियंत्रक अशोक कुमार ने कहा कि आज विद्यालय में आकर उन्हें बहुत खुशी हुई है विद्यालय में यह लगातार दूसरा कार्यक्रम है जिसको देखकर यही लगता है विद्यालय के छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ निश्चित रूप से ही बोर्ड की परीक्षाओं में जनपद में अपना झंडा गाड़ेंगे उन्होंने विद्यालय की छात्राओं तथा शिक्षकों को अपना आशीष दिया अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर देवेंद्र पांडे ने अतिथियों का स्वागत तथा आभार व्यक्त करते हुए उनसे यही याचना की है कि विद्यालय को सहयोग की जो जरूरत है उसमें विद्यालय के शिक्षक भी आपस में भागीदारी करके सामूहिक रूप से कार्य कर रहे हैं तथा समाज के सहयोग से अब तक विद्यालय में 300 निर्धन छात्र-छात्राओं को स्वेटर का वितरण किया जा रहा जा चुका है तथा विद्यालय में इस बार नए प्रवेश लेने वाली लगभग 100 छात्राओं को निशुल्क ड्रेस का वितरण भी विद्यालय की ओर से किया गया है।

## नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र मैं हुआ एक दर्दनाक हादसा

नैमिषारण्य, सीतापुर। नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आयी है जहां आज सुबह स्कूल जा रही छात्रा के ट्रेन की चपेट में आने दोनों पैर कट गए एवं हाथों में भी गंभीर चोटें आयीं हैं। बताते चलें कि नैमिषारण्य थाना इलाके के भट्ठापुरवा गाँव निवासी अंबिका प्रसाद की पुत्री सिद्या (17) नैमिषारण्य स्थित एक विद्यालय में पढ़ती है, गुरुवार सुबह वह पढ़ने के लिए विद्यालय जा रही थी अचानक नैमिषारण्य स्थित रेलवे क्रासिंग पार करते समय बालामऊ की तरफ से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गयी जिससे उसके दोनों पैर कट गए और वह गंभीर रूप से से ज़ख्मी हो गई जिसको आनन-फानन में स्थानीय लोगों एवं रेलवे कर्मियों ने उसे पास में ही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाया जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय सीतापुर रेफर कर दिया गया है। सीतापुर अस्पताल पहुचते समय शरीर से जादा खुन निकल जाने के कारण उसको लखनऊ मेडिकल भेज दिया गया है।

# गौशालाओं में गौवंश को बेहतर सुविधाएं दिलाने को लेकर सुनील राजवंशी ने राज्यमंत्री कारागार से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**2027 को लेकर एनडीए सरकार की रणनीति और जनहित के मुद्दों पर हुई अहम चर्चा**

**इस दौरान गौशालाओं की बदहाल स्थिति, वहां रह रहे गौवंश की देखरेख, चारे-पानी, साफ-सफाई और चिकित्सा सुविधाओं को लेकर गहन चर्चा हुई**

सीतापुर। प्रदेश भर की गौशालाओं में संरक्षित गौवंश को बेहतर एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर राष्ट्रीय सुहेलदेव पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राजवंशी ने प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (कारागार) से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान गौशालाओं की बदहाल स्थिति, वहां रह रहे गौवंश की देखरेख, चारे-पानी, साफ-सफाई और चिकित्सा सुविधाओं को लेकर गहन चर्चा हुई।

सुनील राजवंशी ने मंत्री के समक्ष यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया कि कई जिलों की गौशालाओं में संसाधनों की भारी कमी है, जिसके कारण गौवंश को समुचित देखभाल नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए उनकी सुरक्षा और संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए।उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अनेक गौशालाओं में नियमित रूप से चारा, स्वच्छ पेयजल एवं पशु चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, जिससे गौवंश के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

इस दिशा में शासन स्तर पर ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना बनाए जाने की आवश्यकता है।बैठक के दौरान वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए एनडीए सरकार की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने, संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर बल दिया गया।सुनील राजवंशी ने कहा कि यदि सरकार गौशालाओं की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाती है तो इससे न केवल गौवंश का संरक्षण होगा, बल्कि किसानों और ग्रामीण समाज को भी लाभ मिलेगा।

उन्होंने इस मुद्दे पर निरंतर संघर्ष और जनआवाज़ बुलंद करने की बात कही।राज्यमंत्री कारागार ने सुनील राजवंशी को आश्वस्त किया कि गौशालाओं में गौवंश के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में शासन गंभीर है और जल्द ही संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जनभावनाओं से जुड़े इस संवेदनशील विषय पर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है।

# भाजपा कार्यालय के बाहर कांग्रेस का हंगामा, पुलिस बल रहा तैनात

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस ने बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी पर चल रहे कथित फर्जी मुकदमे के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देवकली रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का घेराव किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि बीते 11 वर्षों से नेशनल हेराल्ड मामले को राजनीतिक बदले की भावना से जिंदा रखा गया है और गांधी परिवार को बेवजह निशाना बनाया जा रहा है।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह मामला पूरी तरह से राजनीतिक है और इसका उद्देश्य विपक्ष की आवाज को दबाना है। उन्होंने केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस तरह के दबाव से डरने वाली नहीं है।घेराव और प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। भाजपा कार्यालय के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। पुलिस और प्रशासन की निगरानी में प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं ने साफ कहा कि जब तक नेशनल हेराल्ड मामले में कथित उत्पीड़न बंद नहीं किया जाता, तब तक पार्टी देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। वहीं, प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए देवकली रोड पर यातायात भी प्रभावित रहा।फिलहाल स्थिति सामान्य है, लेकिन इस प्रदर्शन से जिले का राजनीतिक माहौल गर्मा गया है।

# महेवागंज में दर्दनाक हादसा, डम्पर की टक्कर से छात्रा गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर क्षेत्र के मिदनियां गढ़ी में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डम्पर की टक्कर से अनुराधा नाम की छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।


प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छात्रा सड़क किनारे से गुजर रही थी, तभी अचानक तेज गति से आ रहे डम्पर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्रा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना महेवागंज पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छात्रा को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार छात्रा की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।पुलिस ने दुर्घटना में शामिल डम्पर को मौके से कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का कारण माना जा रहा है।घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज आवाजाही के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## लुधौरी के गोविंदपुर फार्म में बाघ की दस्तक, इलाके में दहशत



निघासन खीरी । निघासन तहसील क्षेत्र के लुधौरी गांव के मजरा गोविंदपुर फार्म में बाघ की मौजूदगी से इलाके में दहशत फैल गई है। बताया जा रहा है कि देर रात खेतों की ओर निकले एक बाघ ने एक पालतू कुत्ते पर हमला कर उसे मार डाला। घटना के बाद पूरे गांव में भय का माहौल है।ग्रामीणों के अनुसार, रात के समय खेतों की ओर से अचानक शोर सुनाई दिया। जब लोग बाहर निकले तो उन्होंने बाघ को कुत्ते को मुंह में दबाकर जंगल की ओर जाते देखा। कुछ ही देर में बाघ ओझल हो गया। सुबह खेतों के पास कुत्ते के अवशेष मिलने से घटना की पुष्टि हुई।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को अवगत कराया। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। टीम ने बाघ के पगचिह्न भी देखे, जिससे बाघ की मौजूदगी की पुष्टि हुई है।वन विभाग ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। लोगों से कहा गया है कि रात के समय अकेले बाहर न निकलें, बच्चों को खेतों की ओर न भेजें और मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर बांधें। साथ ही इलाके में गश्त बढ़ाने और ट्रैप कैमरे लगाने की बात कही गई है।बाघ की गतिविधि से किसान और पशुपालक काफी सहमे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी आसपास के इलाकों में बाघ देखे जाने की खबरें मिल चुकी हैं, लेकिन इस तरह खुलेआम गांव के पास घटना होने से डर और बढ़ गया है।फिलहाल वन विभाग बाघ की लोकेशन ट्रैक करने में जुटा है और स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और बाघ को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ने की मांग की है।

## कॉलेजों के आसपास छात्राओं से हो रही छेड़छाड़, कार्रवाई की मांग, हिन्दू युवा वाहिनी ने एसपी को दिया ज्ञापन



शाहजहांपुर। जनपद के महिला कॉलेजों और कन्या विद्यालयों के आसपास छात्राओं से हो रही छेड़छाड़ को लेकर हिन्दू युवा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि कुछ असामाजिक तत्व स्कूल और कॉलेज समय में छात्राओं पर अशोभनीय टिप्पणियां व अभद्र हरकतें करते हैं, जिससे छात्राओं में भय का माहौल बन रहा है और इससे शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। मांग की गई कि स्कूल और कालेजों के आसपास नियमित पुलिस गश्त की जाए। महिला पुलिस बल की तैनाती की जाए। असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए और मिशन शक्ति अभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। ताकि छात्राओं एवं महिलाओं को सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण उपलब्ध हो सके। ज्ञापन देने वालों में रवि गंगवार एडवोकेट, विवेक शुक्ला एडवोकेट, भानु प्रताप वर्मा एडवोकेट, नीरज वर्मा, अजीत सिंह, सुमित राजपूत, हर्षित राजपूत, आदित्य गंगवार आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर बांटकर मनाया जन्मदिन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। भारतीय युवा चेतना मंच ने प्राथमिक विद्यालय वाजिदपुर भावलखेड़ा में बच्चों को स्वेटर वितरण किया। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने बताया कि आज उनके भतीजे चिन्मय किशन त्यागी का जन्मदिन है।

इसलिए उन्होंने बच्चों के चेहरे पर खुशी लाने के लिए स्वेटर बांटे। कहा कि बच्चों के जन्मदिन पर अनावश्यक खर्चा करने से बेहतर है कि जरूरतमंदो की सहायता कर उनके चेहरे पर खुशी लाई जाए। प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा और गोपाल दीक्षित ने कहा कि संस्था लगातार सामाजिक कार्य कर रही है। संस्था द्वारा सर्दियों में जरूरतमंद लोगों को कम्बल और स्वेटर वितरण कार्य लगातार किया जाएगा। चिन्मय किशन त्यागी ने अपने जन्मदिन पर स्कूली बच्चो को बिस्कुट बांटें। वहीं, बच्चों ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रधानाध्यापिका नीरा त्यागी, पूर्व ग्राम प्रधान शान मोहम्मद, राम रक्षपाल, योगेन्द्र किशन त्यागी, प्रणव किशन त्यागी, नैन्सी पुंडीर, सबीउल खान, मिथलेश यादव, रोहताश, लालाराम, नीरज पाठक, गोपाल वर्मा, कनक, विष्णु, केशव, वाशु, महक, मयंक आदि मौजूद रहे।

# पटेल नगर में खून से लथपथ युवक का शव मिलने से हड़कंप, हत्या की आशंका

**प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक की चाकू से गोदकर हत्या की गई है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर क्षेत्र के एलआरपी पटेल नगर में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब फन मॉल के पीछे स्थित मैदान में एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने मैदान में शव देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही एलआरपी चौकी पुलिस, कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक की चाकू से गोदकर हत्या की गई है। मृतक के शरीर पर कई जगह चाकू के गहरे निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका और पुख्ता हो गई है।पुलिस की पड़ताल में मृतक की पहचान पलिया निवासी अहमद जहान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक का शव पूरी तरह खून से सना हुआ था, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि हत्या बेहद बेरहमी से की गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर सीओ सिटी, शहर कोतवाल सहित भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हत्यारों तक जल्द से जल्द पहुंचा जा सके।घटना की जानकारी मिलते ही सदर विधायक योगेश वर्मा भी मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली। विधायक ने पुलिस को निष्पक्ष व त्वरित जांच के निर्देश देते हुए जल्द खुलासे की मांग की।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस आपसी रंजिश, पुरानी दुश्मनी समेत हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। दिनदहाड़े रिहायशी इलाके के पास हुई इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्ठी आयोजित



शाहजहांपुर। विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर पुराना जिला अस्पताल स्थित सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक मिश्रा ने की। इस दौरान सीएमओ ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और अल्पसंख्यक समुदाय को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर समाज को मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने अल्पसंख्यक अधिकारों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संवैधानिक प्रावधानों तथा वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला और आपसी भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता बनाए रखने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के विभिन्न धर्मगुरुओं को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मान पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा का भव्य आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा विधान सभा बिल्सी का आयोजन सब जूनियर,जूनियर एवं सीनियर वर्ग में बालक तथा बालिका श्रेणी में महात्मा गांधी नगर पालिका इंटर कॉलेज के खेल मैदान उझानी में आयोजित किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि मा0 विधायक बिल्सी हरीश शाक्य तथा विशिष्ट अतिथि शारदेंदु पाठक एमएलसी प्रतिनिधि एवं विमल कृष्ण अग्रवाल पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार माननीय ब्लॉक प्रमुख उझानी शिशुपाल शाक्य जी, निवर्तमान अध्यक्ष अखिल अग्रवाल जी ,अध्यक्ष क्रय विक्रय समिति कृष्ण चंद शर्मा, नगर महामंत्री भाजपा मदन मोहन सिंह लोधी जी ,नगर उपाध्यक्ष भाजपा विवेक राष्ट्रवादी ,नगर मंत्री भाजपा गोविंद छपरा ,रवि तोमर सभासद प्रेमचंद , शिव भारद्वाज तथा भाजपा नेता संजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को अपने जीवन में अपने लक्ष्य चुनने तथा उसे पर पूर्णतया मनन करने तथा अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि सरकार की योजना से विभिन्न विभागों में खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी तथा अन्य पदों पर भी चयनित हो रहे हैं आज खेल से केवल जीवन ही स्वस्थ नहीं हो रहा है अपितु नौकरियों में भी संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। अतः समस्त युवा अपने जीवन के लक्ष्यों को निर्धारित कर एक खेल को अवश्य चुने। प्रतियोगिता के जूनियर महिला वर्ग के 100 मीटर में प्रथम स्थान अनामिका, 200 मीटर में प्रथम स्थान दीक्षा, साथ कबड्डी में प्रथम स्थान विकास खंड अंबियापुर की टीम तथा सब जूनियर महिला वर्ग में प्रथम स्थान 100 मीटर में श्वेता, 800 मीटर में प्रथम स्थान कल्पना ,शॉट पुट में प्रथम स्थान नीतू, कबड्डी में अंबियापुर की टीम विजेता रही।सीनियर पुरुष वर्ग में 400 मीटर में प्रथम स्थान प्रदीप ,1500 मीटर में प्रथम स्थान अभी यादव ,कबड्डी में प्रथम स्थान अंबियापुर की टीम।सब जूनियर पुरुष वर्ग 100मी0 में प्रथम स्थान मोहम्मद आलम ,800 मीटर में प्रथम स्थान हितेश, शॉट पुट में प्रथम स्थान सुधीर, कबड्डी में प्रथम स्थान उझानी विकासखंड की टीम रही। जूनियर पुरुष वर्ग में 100 मीटर में जय सिंह प्रथम, 200 मीटर में जय सिंह प्रथम, 400 मीटर में अभिषेक मिश्रा प्रथम,1500 मीटर में अभिषेक मिश्रा प्रथम तथा वॉलीबॉल में विकास खंड अंबियापुर की टीम विजेता रही।सब जूनियर पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल में विजेता टीम विकासखंड अमियापुर की टीम रही। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मेडल सर्टिफिकेट तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रणजीत सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकासखंड बिल्सी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विशाल पाल, हिम्मत सिंह ,विकास नारायण शर्मा, कंाति प्रसाद एवं जिला पीटीआई रामदास तथा पीटीआई सत्यवीर सिंह एवं अन्य पीटीआई उपस्थित रहे।

# पर्यटन विभाग की बैठक का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल ( बहजोई ) । आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में सम्भल कल्कि देव तीर्थ समिति एवं पर्यटन विभाग की बैठक का आयोजन किया गया। हसनपुर से मंगरौला को जोड़ने वाले मार्ग के प्रस्ताव के विषय में भी जिलाधिकारी में जानकारी प्राप्त की और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कल्कि धाम एचौडा सड़क मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की जिसमें लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी ने बताया कि विद्युत विभाग के एस्टीमेट अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है जिसको लेकर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि तत्काल स्टीमेट बनाते हुए लोक निर्माण विभाग को प्रेषित करें। उप जिलाधिकारी संभल को निर्देशित करते हुए कहा कि कैला देवी में बनी गौशाला में चारा की मैपिंग कराई जाए। नगर पालिका सम्भल के अन्तर्गत सम्राट पृथ्वीराज चौहान एवं महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा स्थापना, 24 कोसीय परिक्रमा विजन प्लान, तीर्थ स्थलों के विकास हेतु आवश्यक भूमि क्रय करने, कुरुक्षेत्र तीर्थ आदि पर चर्चा की गयी। प्राचीन क्षेमनाथ तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ जी महाराज द्वारा 24 कोसीय परिक्रमा के अन्तर्गत क्षेमनाथ तीर्थ के पास स्थित बाईपास से परिक्रमा मार्ग के ऊंचा रखने के बिन्दु को रखा ताकि वर्षा आदि के समय परिक्रमा मार्ग पर जलभराव की स्थिति न रहे। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समिति के सदस्यों ने अपनी-अपनी समस्या को जिलाधिकारी के समक्ष रखा जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी संभल को निर्देशित करते हुए कहा कि तीर्थ पर जाकर डॉक्यूमेंटेशन करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय,उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, तथा प्राचीन तीर्थ क्षेमनाथ के महंत बाल योगी दीनानाथ जी महाराज तथा अनंतपुरी महाराज जी अट्टा अतौरा, महाराज ऋषि राज गिरी कैला देवी धाम, संजय पोली, छत्रपाल जी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घर के बाहर पड़ा मिला खून से लथपथ युवक का शव, चाकू से गोदकर हत्या का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायू। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव सुंदरनगर दारानगर में बृहस्पतिवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जबकि एक युवक का शव उसके ही घर के बाहर पड़ा मिला। मृतक के पिता ने परिवार के ही पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव सुंदरनगर दारानगर निवासी मोनू (35 वर्ष) का शव बृहस्पतिवार की सुबह घर के बाहर पेड़ के नीचे पड़ा मिला। खून से लथपथ शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता रामपाल सिंह ने परिवार के ही पांच लोगों पर जमीन के विवाद में चाकू से गोदकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामपाल सिंह ने बताया कि परिवार के लोगों से उनका जमीन का विवाद चल रहा है। बुधवार रात करीब 11बजे मोनू के पास किसी ने कॉल किया। इसके बाद वह बाइक लेकर घर से चला गया। काफी समय तक वह नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने कॉल किया। मोनू ने बताया कि वह कुछ देर बाद आ जाएगा। इसके बाद परिवार के लोग सो गए। सुबह करीब पांच बजे उठे। घर के बाहर गए तो देखा कि मोनू की बाइक पड़ी है और पास में ही मोनू का शव पड़ा हुआ है। यह देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। थाना पुलिस को सूचना दी गई। जिसपर इंस्पेक्टर उदयवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। छानबीन करने के बाद अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। सीओ केके तिवारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। एसएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण साफ हो सकेगा। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# बबराला में जियो फाइबर उपभोक्ता परेशान, दो महीने से ठप इंटरनेट सेवा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बबराला। नगर क्षेत्र में जियो फाइबर इंटरनेट कनेक्शन के उपभोक्ता लगातार खराब सेवा से परेशान हैं। फाइबर केबल में बार-बार खराबी आने से इंटरनेट सेवा बाधित हो रही है, जिससे ऑनलाइन पढ़ाई, कारोबार और डिजिटल कामकाज प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कंपनी की ओर से केवल आश्वासन मिल रहा है, स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा। केबल खुले में पड़ी होने के कारण आए दिन तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही हैं। स्थानीय निवासी रामबाबू वार्ष्णेय ने बताया कि उन्होंने जियो फाइबर का छह महीने का एडवांस पैकेज लिया था। शुरुआत में कुछ दिन सेवा ठीक रही, लेकिन पिछले करीब दो महीनों से उनका कनेक्शन पूरी तरह बंद पड़ा है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने जियो फाइबर कंपनी से जल्द फाइबर केबल की मरम्मत कर सुचारू इंटरनेट सेवा बहाल करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर उच्चाधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

## विकास खण्ड बनियाखेड़ा में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

संभल। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 18.12.2025 को ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी ज्योत्सना त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास खण्ड बनियाखेड़ा सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख–रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री हेमन्त शर्मा द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी श्री तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी श्री नीरज कुमार ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस विभाग से मदनमोहन शर्मा एस.आई, बाल कल्याण समिति से नीलम राय, राजकुमार, विकास कुमार, पवन सिंह एवं दिनेश आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने कांग्रेसी नेताओं को किया नजरबंद

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रांतीय आह्वान पर बृहस्पतिवार को प्रस्तावित कांग्रेस के भाजपा कार्यालय घेराव से पहले ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया गया। यह कार्रवाई उस समय की गई, जब पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह के निवास पर कांग्रेस नेता भाजपा कार्यालय घेराव की रणनीति पर चर्चा कर रहे थे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर, जिला कांग्रेस महासचिव गौरव सिंह राठौर, कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष शफी अहमद, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष हसन खान तथा ब्लॉक सलारपुर के पूर्व अध्यक्ष सर्वेश सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे। इसी दौरान सिविल लाइन थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर समेत अन्य कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ने सरकार पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जानबूझकर मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने नेशनल हेराल्ड प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि यह कोई नया समाचार पत्र नहीं है, बल्कि वर्ष 1938 में स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा इसकी स्थापना देश को आजादी दिलाने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार को निशाना बनाकर राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान कांग्रेस जनों द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित एक विरोध पत्र भी सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं और सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

## जामिया हमदर्द में चौथा हकीम अब्दुल हमीद मेमोरियल लेक्चर का आयोजन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नागालैंड सरकार के पूर्व मुख्य सचिव डॉ. जॉन आलम आईएएस ने कहा हकीम अब्दुल हमीद के विज़न, मिशन और सामाजिक सेवाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें एक युगद्रष्टा व्यक्तित्व बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. शकील अहमद ने इस बात पर जोर दिया कि यूनानी चिकित्सा को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए जिस वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अकादमिक अनुशासन और सामाजिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है, उसकी ठोस नींव हकीम अब्दुल हमीद साहब ने बहुत पहले रख दी थी, और वर्तमान पीढ़ी की यह जिम्मेदारी है कि उस विरासत को आगे बढ़ाया जाए। कार्यक्रम के समापन पर शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों डॉ. साद अरशद सिद्दीकी, मिस मुबश्शिरा इरफ़ान, मिस ज़ारा मजीद, मिस्टर मुहम्मद तारिज़, मिस्टर नादिर सबा, मिस्टर मुहम्मद अकीब और मिस्टर सैयद ज़ैद मुनीर को अख़लाक़ हुसैन यंग एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन सपोर्ट सोसाइटी (2ट्ट) के संस्थापक महासचिव हकीम अजमल अख़लाक़ ने किया।

## पेट्रोल पम्प के शौचालयों को कराया जाए उच्चीकरण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में स्थापित पेट्रोल पम्पों के रिटेल आउटलेट पर जनसामान्य को शौचालय व पेयजल आदि की व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये गये है। इस के सम्बन्ध में मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में जनपद में स्थापित पैट्रोल पम्पों पर विभिन्न सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें महिला एवं पुरुषों के उपयोगार्थ अलग–अलग शौचालय, शोचालय का अनुरक्षण एवं उच्चीकरण (रेनोवेशन) कराया जाना, शौचालय में सीट, पानी के पाईप, पानी की टंकी सही अवस्था में रहे, शौचालय में फर्श की टाईल की स्थिति साफ रहें कोई भी टाईल टूटी न रहे, शौचालय में वाशबेसिन साफ रहे, शौचालय की सफाई हेतु कितने कर्मचारी लगाये गये है, उनके नाम तथा मो0 नं0 डिस्पले (प्रदर्शित) किये जाये। शौचालय के साबुन या हैन्डवाश उपलब्ध रहें। दिव्यांगजनों हेतु रैम्प की व्यवस्था करायी जाये। उन्होंने बताया कि जनपद में इस कार्य के पर्यवेक्षण हेतु पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से निरन्तर पेट्रोल पम्पों की जाँच करायी जा रही है। पैट्रोल पम्पधारकों द्वारा अपने–अपने पैट्रोल पम्पों पर यह व्यवस्थायें विकसित की जा रही है।

## नगर पंचायत पाकबड़ा में ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाए गए

पाकबड़ा, मुरादाबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार को नगर पंचायत पाकबड़ा में शीतलहर के चलते नगर के विभिन्न स्थानों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था की गई। नगर पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि शीतलहर के चलते नगरवासियों व राहगीरों को ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाए गए हैं। अलाव जलाने के लिए नगर पंचायत द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है, जिसमें नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। नगरवासी अलाव के पास बैठकर ठंड से बचाव कर सकते हैं। नगर पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि शीतलहर के चलते नगरवासियों व राहगीरों को ठंड से बचाव के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

## प्रतियोगिता का आयोजन

संभंल कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों की खेल प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाया उत्साह गुरुवार को विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में बचपन के प्ले ग्रुप से लेकर यूकेजी तक के विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक कपिल गोयल एवं कार्तिक गोयल की उपस्थिति रही। खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार ने मशाल प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन विनीता अग्रवाल द्वारा किया गया।
प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा प्ले की कछुआ दौड़ में कृषभ गुप्ता ने प्रथम, विदित ने द्वितीय तथा आरना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नर्सरी की बाल एवं रिंग रेस में छवि यादव प्रथम, काव्य द्वितीय और शिव तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी वर्ग में वेद ने प्रथम, अभिनंदन ने द्वितीय तथा काव्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, खेल प्रतियोगिता के अंतिम चरण में आयोजित हर्डल रेस में यूकेजी की अदिति यादव ने प्रथम, श्रेया यादव ने द्वितीय तथा चिराग ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बच्चों को खेलों के महत्व और जीवन में उनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।
कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं विनीता अग्रवाल, सोनल शर्मा, श्वेता वार्ष्णेय, रुचि वार्ष्णेय, श्वेता गुप्ता, नव्या गुप्ता, अंजलि, मीनाक्षी मिनोचा, कुमकुम, वर्तिका, समीक्षा, मीनाक्षी यादव, मीनल, रीता कमल, खदीजा शवनाज़, ऋतुपर्णा, अमित, मोहित, विशाल सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## बी–पैक्स पर कालाबाजारी, ओवररेटिंग व अन्य उत्पादों की टैगिंग पाये जाने पर होगी कडी कार्यवाही

बदायूँ। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समय उर्वरकों का पीक सीजन चल रहा है, और कृषकों में यूरिया व डीएपी की भारी माँग की जा रही है। ऐसे में कृषकों को उनकी आवश्यकतानुसार यूरिया व डीएपी उर्वरक उपलब्ध कराने के दृष्टिगत सहकारिता विभाग के अन्तर्गत संचालित सभी बी-पैक्स व उर्वरक बिक्री केन्द्र प्रभारियों को शासन के निर्देशों के क्रम में एआर को-आपरेटिव ने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार किसी भी समिति पर उर्वरक की कालाबाजारी, ओवररेटिंग अन्य उत्पादों की टैगिंग न की जाये और न ही किसी कृषक को बिना उनकी इच्छा के प्रमुख उर्वरकों के अलावा कम प्रचलित उर्वरक खरीदने के लिये बाध्य किया जाये, अन्यथा की स्थिति में संबंधित सचिव के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक व विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन मदरसा आलिमा जनाब पब्लिक स्कूल में किया गया जिसके मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद शीराज़ आलम रहे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में 'विश्वास के साथ विकास' के सकारात्मक माहौल से बहुसंख्यक समुदायों के साथ-साथ अल्पसंख्यक समुदायों को भी समान रूप से लाभ हुआ है। अल्पसंख्यकों के विकास को देश के विकास से अलग देखना उन्हे प्रगति की मुख्यधारा से काटने का राजनीतिक छल है। सच्चर कमेटी के नाम पर मुसलमानों के भरोसे को भय और भ्रम में बदलने की कोशिश हुई। दलितों, आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण से प्रतिस्पर्धा का बहाना बनाकर मुसलमानों का सियासी तुष्टीकरण का खेल खेला गया, भ्रम पैदा किया गया कि मुसलमानों के हालात दलितों से ज्यादा खराब हैं। सच्चाई यह है कि दलितों का पिछड़ापन ऐतिहासिक-सामाजिक कारणों से रहा, जबकि मुसलमानों की गरीबी ल्लसियासी छल का परिणामल्ल है। आज सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों में बड़ी तादाद में अल्पसंख्यक समुदाय से भी हैं। सरकार की बिजली, सड़क, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, मकान, रोजगार, आर्थिक, सामाजिक सशक्तिकरण की योजनाओं का बराबर का लाभ अल्पसंख्यकों को भी हो रहा है। आज अल्पसंख्यक समुदाय की सोंच-समझ में सकारात्मक-रचनात्मक परिवर्तन आया है, इसी लिए वह वोटों की जागीरदारी को पछाड़कर, विकास की हिस्सेदारी को प्राथमिकता दे रहा है। इस अवसर पर मोअज़्ज़म, तनवीर खान व वसीम मौजूद रहे।

# कृषकों को तिलहनी फसल जायद सीजन हेतु मूंगफली का नि:शुल्क मिनीकिट प्राप्त करने का अवसर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। उप निदेशक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि के अन्तर्गत संचालित 'राज्य सहायतित निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रमअन्तर्गत जावद सीजन हेतु मूंगफली फसल का 20 किलोग्राम मात्रा का बीज मिनीकिट निःशुल्क प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु 15 जनरी 2026 तक अवधि तक पोर्टल खोला गया है। कृषकों द्वारा पोर्टल पर जायद सीजन हेतु मूंगफली बीज मिनीकिट की बुकिंग की जा सकती है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले कृषको को बीज मिनीकिट आवेदन अवधि में प्राप्त आवेदकों के मध्य लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक मिनीकिट प्राप्त हो सकेगा। चयनित कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से राजकीय कृषि भण्डारों से बीज मिनीकिट वितरित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक कृषक निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने हेतु विभाग के पोर्टल 'हतपकं तें दण्नचण्हवअण्पद पर अपना ऑनलाइन आवेदन करें।

# दहेज की भूख ने उजाड़ दी दो बहनों की दुनिया, ससुराल से मारपीट कर निकाले जाने का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल। जनपद संभल में दहेज उत्पीड़न का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसने रिश्तों की मर्यादा और कानून के भय पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां एक पिता ने अपनी दो सगी विवाहित बेटियों को दहेज के लिए प्रताड़ित कर ससुराल से निकाल देने का आरोप लगाते हुए थाना गुन्नौर में एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित गंगाधर पुत्र अंगनलाल, निवासी झुंडू ढेर, थाना रामघाट, जनपद बुलंदशहर ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने 2 जुलाई 2025 को अपनी दोनों बेटियों नीतू और भूरी का विवाह एक ही दिन, एक ही गांव–शाहपुर, थाना गुन्नौर, जनपद संभल–के दो सगे भाइयों से हिंदू रीति-रिवाजों के साथ किया था। विवाह के समय दोनों दामादों को एक-एक लाख रुपये नकद सहित लाखों रुपये का घरेलू सामान दिया गया था। आरोप है कि विवाह के कुछ ही समय बाद ससुरालियों की दहेज की भूख और बढ़ गई। मोटरसाइकिल और सोने की चेन की मांग को लेकर दोनों बहनों को अलग-अलग समय पर प्रताड़ित किया जाने लगा। मांग पूरी न होने पर उनके साथ मारपीट की गई और आखिरकार उन्हें ससुराल से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। शिकायत के अनुसार, भूरी को करीब तीन माह पूर्व मारपीट कर घर से निकाल दिया गया, जबकि नीतू को 30 अक्टूबर 2025 को बेरहमी से पीटकर, उसका समस्त स्त्रीधन रोकते हुए ससुराल से निकाल दिया गया। दर्ज एफआईआर में उल्लेख है कि नीतू उस समय गर्भवती थी और कथित मारपीट के कारण उसका गर्भपात हो सकता था। जिसका उपचार वर्तमान में चल रहा है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह मामला एक बार फिर दहेज जैसी सामाजिक बुराई की भयावह तस्वीर सामने लाता है, जहां लालच के आगे रिश्ते, संस्कार और इंसानियत तक कुचल दी जाती है।

# ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर जेल छूटते ही युवक ने किया सुसाइड

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले में युवक ने ब्लैकमेलिंग और बेइज्ज ती से परेशान होकर अपने कमरे में आत्महत्या कर ली।युवक ने मुंह में कपड़ा ठूंसकर और दो नों पैर बांधकर पंखे से फांसी लगा ली हैं आत्म हत्या से पहले युवक ने कमरे में शादी शुदा महि ला के साथ हुई वीडियो कॉल, व्हाट्सएप चैट, कॉल डिटेल्स के प्रिंटआउट और सुसाइड नोट दीवार पर चिपकाए थे।जिससे परिवार को यह पता चल सके कि उसने यह कदम क्यों उठाया सूचना मिलते ही नगर कोतवाली और सिविल लाइन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र का है।गायत्रीपुरम में अभिषेक श्रीवास्तव (25) रहते थे। परिजनों के अनुसार, अभिषेक ने अंदर से कमरे का दरवाजा बंद कर रखा था। काफी देर तक अंदर से कोई आवाज न आने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो अ भिषेक पंखे से लटका हुआ था।कमरे की दी वार पर सामने रहने वाली सोनल सिंह और उ सके पति अजीत सिंह के साथ हुई व्हाट्सएप चैट, कॉल डिटेल्स और वीडियो कॉल के स्क्रीन शॉट सुसाइड नोट के साथ चस्पा मिले।सुसाइड नोट में लिखा था सोनल सिंह और उसका ब्लै क मेल कर रहे थे।

12 अक्टूबर को जेल से छूटकर युवक आया

सुसाइड नोट में यह भी लिखा गया है कि बीते 28 सितंबर को सोनल सिंह और उसके पति अजीत सिंह ने अभिषेक के खिलाफ ब्लैकमे लिंग का मुकदमा दर्ज कराया था।नगर कोतवा ली पुलिस ने 30 सितंबर को अभिषेक को गि रफ्तार कर जेल भेज दिया था।वह 12 अक्टूब र को जेल से छूटकर आया था। जेल से छूटने के बाद से ही सुलह के नाम पर दो लाख रुपए की मांग की जा रही थी। आरोप है कि रकम न देने पर पहले की तरह फर्जी मुकदमे में फंसाक र जेल भेजने की धमकी दी जा रही थी,जिससे परेशान होकर अभिषेक ने आत्महत्या कर ली।

चाचा की तहरीर पर केस दर्ज

सोनल सिंह और अभिषेक आमने-सामने रहने के कारण एक-दूसरे से बातचीत करते थे। इसी का फायदा उठाकर सोनल सिंह ने गलत मुकद मा दर्ज कराया।बाद में सुलह के नाम पर ब्लैक मेल कर पैसे मांगे जा रहे थे।चाचा उद्भव श्रीवा स्तव ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर सोनल सिंह और उसके पति अजीत सिंह के खिलाफ ब्लैकमेलिंग समेत कई गंभीर धाराओं में मुकद मा दर्ज कराया है।नगर कोतवाली प्रभारी विवे क त्रिवेदी ने बताया- आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है,कमरे से व्हाट्सएप चैट,वीडियो कॉल के स्क्री नशॉट और पैसों के लेन-देन से जुड़े पोस्टर बरा मद हुए हैं, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

# दो वर्षों के दौरान पुलिस की सशक्त कार्यवाही अपराध नियंत्रण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले में विगत दो वर्षों के दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के कुशल मार्ग दर्शन एवं निर्देशन में जनपदीय पुलिस के द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचनऽ2024, पंचायती उपचुनावों तथा होली, कजरी तीज, दशहरा, दिवाली, ईद, मोहर्रम आदि महत्वपूर्ण पर्वों के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक उत्सवों एवं जुलू सों को पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न क राया गया हैं। कार्यकाल के दो वर्षों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी एवं कड़ी कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कुल 221 अभियुक्तों के विरुद्ध 51 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त गैंगस्टर एक्ट के आठ प्रकरणों में अपराध से अर्जित 2,05,54,529 रुपये की अवैध सम्पत्ति जब्त की गई है।अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से 136 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई, 422 चिन्हित अभियुक्तों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के



तहत कार्यवाही की गई साथ ही 25 सक्रिय आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध गैंग पंजीकरण की कार्यवाही की गई है।ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गोण्डा पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए हत्या,लूट, नकब जनी आदि के कुल 1406 अभियोगों में 3039 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई है,इनमें 73 अ पराधियों को आजीवन कारावास,एक सौ तीस अभियुक्तों को दस वर्ष से अधिक का कारावास तथा 16 सौ 53 अभियुक्तों को दस वर्ष से कम अवधि का कारावास दण्डित किया गया है। इस के अतिरिक्त महिला सम्बन्धी अपराधों के एक सौ 6 अभियोगों में एक सौ 36 अभियुक्तों को सजा कराई गई है,जिनमें एक अपराधी को मृत्युदण्ड दिया गया।उल्लेखनीय है कि थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत जून माह 2024 में घटित घटना का 24 घण्टे के भीतर सफल अनावरण कर मात्र दस दिवस में विवेचना पूर्ण करते हुए आरोप पत्र माननीय न्यायालय में दाखिल किया गया तथा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप मात्र 6 माह के भीतर न्यायालय द्वारा हत्यारोपी को मृत्युदण्ड की सजा सुनाई गई। इसके अतिरिक्त 1183 अभियुक्तों को अर्थ दण्ड से भी दण्डित कराया गया है।अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के क्रम में विगत दो वर्षों में 25 पुलिस मुठभेड़ों में 54 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 26 शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल हुए तथा एक दुर्दांत एक लाख का इना मिया बदमाश पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया।

साइबर अपराध के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 91 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। साथ ही साइबर फ्रॉड के पीड़ितों की 94,78,991 रुपये की धनराशि उनके खातों में वापस कराई गई तथा 2,41, 81,282 रुपये की धनराशि फ्रीज कराई गई है आमजन को साइबर अपराध से बचाव हेतु वि शेष अभियान ऑपरेशन साइबर कवचङ्क के अं तर्गत साइबर सेल एवं जनपदीय साइबर हेल्प डेस्क द्वारा जनपद के विद्यालयों,प्रतिष्ठित सं स्थानों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर कुल 532 कार्यशालाएँ गोष्ठियाँ आयोजित कर लगभग 78,000 साइबर वॉलंटियर तैयार किए गए। इस दौरान साइबर जागरूकता से संबंधित लगभग 1,10,000 पम्पलेट, 22,000 कार्ड एवं स्टिकर वितरित किए गए।इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ पुलिस कर्मियों के कल्याण हेतु रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में आदर्श बैरक,आधुनिक सुविधाओं से युक्त अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बहुउद्दे शीय हॉल, क्रिकेट ग्राउण्ड ,पुलिस मॉडर्न जिम, ओपन जिम एवं चिल्ड्रेन पार्क का नवीनीकरण, प्रशिक्षणरत आरक्षियों हेतु आधुनिक मेस, पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए मॉडर्न लाइब्रेरी, आधुनिक पुलिस कैफ़े तथा बच्चों के लिए क्रेच का निर्माण कराया गया है। साथ ही पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधिकारियों के आवास हेतु चतुर्थ श्रेणी के चार राजकीय आवासों, पुलिस कर्मियों के लिए बहुमंजिला आवासीय भवन तथा परिसर के चारों ओर सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने विधायकों को बादाम के साथ दिया पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा हजरतगंज स्थित विधायक निवास पर जाकर सभी विधायकों को बादाम व पत्र दिया गया नियमित फीस बिल शीतकालीन सत्र में उठाने के लिए इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कई अभिभावकों के द्वारा यह सुझाव दिया गया है कि प्राइवेट स्कूलों के द्वारा मनमानी तरीके से हर वर्ष अभिभावकों का शोषण किया जाता है व हर घर इससे पीड़ित है इसको लेकर राष्ट्रीय छात्र पंचायत के द्वारा कई महीनो से आंदोलन किया जा रहा है व लाखों पत्र लिखकर मुख्य मंत्री को भेजा गया है तथा इसके पूर्व में उत्तर प्रदेश के 403 विधायकों को व 100 एमएलसी को मानसून सत्र में पत्र दिया गया था लेकिन किसी ने भी आवाज नहीं उठाई थी आज एक बार पुनः सभी विधायकों को फिर से पत्र दिया गया है तथा साथ में सभी को दो-दो बादाम भी दिए गए हैं कि वह बादाम खा ले ताकि वह कल इस विषय को उठाने से भूले ना क्योंकि यह विषय उत्तर प्रदेश के प्रत्येक परिवार से संबंधित है व प्रयागराज के अमन सिंह ने बताया कि इस विषय को लेकर प्रयागराज में भी कई पत्र लिखकर माननीय मुख्यमंत्री जी को भेजे गए हैं लेकिन सरकार हमारे विषय को सुन नहीं रही है गंभीरता पूर्वक इस पर विचार नहीं कर रही है इसीलिए सरकार के साथ-साथ हमने विपक्ष को विज्ञापन दिया है तथा प्रयाग राज में तथा रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में आदि स्थानों पर छात्रों को पुलिस के द्वारा बरबर तरीके से मारा पीटा जा रहा है लेकिन सरकार के द्वारा इन पुलिस वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है उल्टा जो हम लोग शैक्षिक व सामा जिक समस्याओं को लेकर अपनी आवाज उठा रहे हैं हम पर मुकदमे लिखे जा रहे हैं इस विषय को भी सदन में जरूर उठाना चाहिए इस अवसर पर प्रियांशु पांडे, अभय वर्मा,हिमांशु तिवारी, वैभव यादव, अमन यादव,रुद्र प्रताप सिंह, उदित सिंह,प्रशांत वर्मा,अंकित निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

# एसपी ने दरबार लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्ता रण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निस्ता रण करें।बताते चलें कि जनसमस्याओं को सुन ने के दौरान थाना स्तरीय विवाद बड़े पैमाने पर सामने आए लिहाजा एसपी ने सख्त तेवर अप नाए हैं।जन शिकायतों को प्राथमिकता के आ धार पर निस्तारण करने को लेकर बृहस्पतिवार

को पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में बैठ कर जनसुनवाई किया।सुबह करीब 11 बजे से शुरू हुई जन सुनवाई लगभग दो बजे तक चली जनपद के अनेक क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने एसपी के सामने अपनी समस्याओं को रखा।



पुलिस अधीक्षक में संबंधित थानों से आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना।कुछ मामलों में संबंधित को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा।थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कहा कि थाने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो।लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने या कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित प्रभारी की जवाबदेही होगी।

# कमीशन के लालच में सरकारी डॉक्टर नहीं लिखते जेनरिक दवाइयां

**डाक्टरों का गिरोह चला रहा है रेफ़रल का रैकेट, मरीजों को भेज रहे निजी अस्पतालों में**

**सरकारी और निजी अस्पतालों में नहीं थम रहा मरीजों को लूटने का सिलसिला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के लगभग सभी खासकर सरकारी और निजी अस्पतालों के डाक्टरों के बीच गला काट प्रतिस्पर्धा चल रहा है। मरीजों की कौन कितना गला काटता है इसको लेकर अंधाधुंध स्पर्धा के चलते डाक्टरों ने जो शिक्षा ग्रहण कर ते समय ओथ सेरेमनी में जो शपथ लिया था उसे तिलांजिल देकर मौत के सौदागरों के साथ मिलकर नकली और महंगी दवाई लिखकर सी रियल कीलर की भूमिका निभा रहे है। ऊपर से डाक्टरों में जो इगो हट का ग्रहण लग चुका है उसमें पैसे के अलावा और कुछ भी डाक्टरों को दिखाई दे रहा है। सबसे मजेदार बात तो यह है कि इस गिरोह में सरकारी डाक्टरों की भूमिका अहम है जो कमाई के चक्कर में निजी अस्पता ल के संचालकों से मोटी रकम लेकर मरीजों को रेफर करते है।जेनरिक दवाई कोई सरकारी डाक्टर नहीं लिखता,कारण साफ है,एलोपैथी दवाई में 40 प्रतिशत कमीशन अकेले डाक्टर को मिलता है 40 प्रतिशत दुकानदार को औऱ 20 प्रतिशत दवाई उत्पादक कंपनी को मिलता है,ऐसे में कोई अपनी कमाई पर क्यों लात मारे गा। सरकारी तनखा के अलावा हर रोज दस हजार की कमाई सरकारी डाक्टर कर रहे है।

शासन के आदेश को डाक्टर प्रतिष्ठा का प्रश्न बना चुके हैं इसलिए शायद निजी असपताल वाले तो जेनरिक दवाई लिख ही नहीं रहे हैं अब सरकारी अस्पताल के डाक्टर भी उन्हीं के न क्शे कदम पर चलना चालू कर दिए हैं।सरकारी अस्पताल में भी जेनरिक दवाइयां नहीं लिखी जा रही है। मज़बूरी में मरीज के परिजनों को बाजार से मंहगी दवाई लेनी पड़ रही है।जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि जेनेरिक दवाइयां लिखी जाए।बताया जाता है की निजी अस्पता लों में डाक्टरों और मेडिकल कंपनी वालों का डील फिक्स रहता है जो भारी भरकम कमीशन के रूप में सामने आता है इसी वजह से डाक्टर जेनेरिक दवाई नहीं लिखते क्योंकि जेनेरिक द वाओं में कोई कमीशन नहीं मिलता। एक तरफ मरीजों से जबरदस्त फीस वसूलते ही हैं ऊपर से दवाई में कमीशन भी खाने के लिए मंहगी दवाई लिखते हैं। डॉक्टर इसको ईगो के रूप में देखने लग गए हैं। देखने में आ रहा है कि इगो के चक्कर में डाक्टर अपने मूल कर्तव्य से ही भटक गए है। आपस में एक दूसरे को नीचा दिखाने की आदत डाक्टरों में इतनी बढ़ गई है कि वो अब मरीजों से भी इसी तरह का ट्रीट कर रहे है। सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज कराने जाने वाले मरीज और उनके परि जनों के साथ डाक्टरों का दुर्व्यवहार थमने का नाम नहीं ले ले रहा है।



## एसबीआई की पहल से चीनी मिल नानपारा में शुद्ध पेयजल सुविधा

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । भारतीय स्टेट बैंक शाखा नानपारा के सौजन्य से कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल, नानपारा को गन्ना किसानों एवं श्रमिकों के लिए शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आरओ प्रणाली युक्त वाटर कूलर प्रदान किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक कुमार सिंह ने प्रधान प्रबंधक व मुख्य लेखाकार का अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक महेश कैथल एवं क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई विवेक कुमार सिंह द्वारा 150 लीटर क्षमता वाले वाटर कूलर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक नानपारा की मुख्य प्रबंधक श्रद्धा शुक्ला, श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल के सीए गीतेन्द्र कुमार, नवाबगंज के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश चंद्र, एसबीआई के सर्विस मैनेजर अमित कुमार सहित चीनी मिल के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## पत्रकारों के ज्ञापन को विधायक ने लिया संज्ञान में मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील पत्रकारों के द्वारा बीते रविवार दिये गए ज्ञापन को विधायको ने संज्ञान में ले लिया है। विधाय क तरबगंज प्रेम नारायण पांडे और विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पत्रकारों से प्राप्त ज्ञापन में अंकित मांग व समस्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में दोनों क्षेत्रीय विधायकों ने मुख्यमंत्री से उनके समस्या के निराकरण की मांग की है। बताते चले कि बीते रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देश पर तहसील इकाइयों के पत्रकारों ने अपने क्षेत्रीय विधायक को पत्रकारों की समस्या के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन क्षेत्रीय विधायकों को देकर समस्या के निराकरण की मांग की थी।उक्त ज्ञापनों का विधायकों ने अब संज्ञान ले लिया है।पत्र अग्रसारित होने पत्रकारों में आशा की किरण जगी है। विधायकों को ज्ञापन देने में तरबगंज से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील तरबगंज योगेशपांडे आर डी तिवारी, दीपक कौशल,रामकुमार कौशल,अमित पांडे, संजीव पांडेय, रमेश कुमार मिश्रा,वही मनका पुर से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के महा मंत्री अखिलेश त्रिपाठी,आशीष त्रिपाठी राम शंकर शर्मा,आनंद दुबे,रियाजुद्दीन,विवेक तिवा री,सुनील चौबे, अशोक यादव गौरव यादव बृजेश पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## विधायक खेल स्पर्धा आगामी 20 को

कैसरगंज बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन आगामी 20 दिसंबर को प्रातः 9:00 बजे से कैसरगंज स्थित रामकृष्ण परमहंस महाविद्यालय निकट खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनम्र शुक्ला ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शासन के दिशा निर्देशों में उक्त विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन कैसरगंज तहसील मुख्यालय पर स्थित रामकृष्ण परमहंस निकट खेल के मैदान पर किया जाएगा। उक्त खेलों में वॉलीबॉल, बैडमिंटन, भारोत्तोलन, कबड्डी, 100 मी, 200 मी, 800 मी, 1500 मी दौड़, गोला फ़ेक, डिस्क थ्रो आज का आयोजन किया जाएगा। उक्त खेलों में सभी वर्ग के लोग प्रतिभागी कर सकते हैं।

# खेत की बात खेत पर किसान पाठशाला कार्यक्रम में शामिल हुए कृषि मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुरजापुर माफी स्थित उत्तर प्रदेश गौरव पुरस्कार से सम्मानित प्रगतिशील कृषक जय सिंह के खेत पर प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में ''खेत की बात खेत पर'' ,किसान पाठशाला आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष कृषक मौजूद रहे।

किसान पाठशाला का शुभारंभ करते हुए मा. कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि किसान केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता हैं। हमारी सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल



बीमा योजना, सोलर पंप, नेचुरल फार्मिंग, कृषि यंत्रीकरण, बीज वितरण के साथ साथ अन्य योजनाएं संचालित कर डीबीटी के माध्यम से कृषकों अनुदान का लाभ दे रही है। इसके अतिरिक्त कृषक उत्पादक संगठनों को भी व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है।

किसानों को राजकीय कृषि बीज भंडारों के माध्यम से 50 प्रतिशत अनुदान काटकर सीधे किसानों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। रबी 2025-26 में दलहनी एवं तिलहनी फसलों के 11850 मिनीकिट का निःशुल्क वितरण कराकर जनपद में दलहनी एवं तिलहनी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। श्री शाही ने कहा कि जिले में आत्मा योजना के अंतर्गत प्रति ब्लाक 40-40 कुल 560 तथा 28 फार्म स्कूल चयनित कर किसानों के प्रक्षेत्र पर प्रदर्शन आयोजित कराए जा रहे हैं। जनपद में नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत 120 क्लस्टर गठित कराए गए हैं, जिसमें जिले के 15000 किसानों को जोड़ा गया है, जिन्हें खरीफ एवं रबी में प्रति कृषक रू. 4000 की सहायता डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जा रही है।

मा. कृषि मंत्री ने बताया कि जिले के 120 क्लस्टरों में कार्यरत 240 कृषि सखी सीआरपी को प्रतिमाह रू. 5000 का मानदेय दिया जा रहा है। जनपद के 184 कृषकों द्वारा ऑनलाइन सोलर पम्प बुक किए गए हैं जिनकी बुकिंग कंफर्म कर दी गई है। जनपद में किसानों की आय बढ़ाने के लिए 91 कृषक उत्पादक संगठन गठित कराए गए हैं, जो अपनी आय वृद्धि हेतु अच्छा कार्य कर रहे हैं। जनपद के कृषकों को 40 से 80 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, सिंगल यंत्रों का वितरण ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया के तहत कराया जा रहा है जिसका अनुदान सीधे किसान के खाते के माध्यम से भेजा जा रहा है। मा. मंत्री श्री शाही ने किसान पाठशाला गोष्ठी में मौजूद महिला कृषकों से इस बात की जानकारी ली गई कि उन्हें कौन-कौन सी विभागीय योजनाओं का लाभ मल रहा है। इस सन्दर्भ में गोष्ठी में उपस्थित महिला कृषक श्रीमती माया देवी ने बताया कि हम कृषि सखी के रूप में क्लस्टर ग्राम पंचायत कटराबहादुरगंज में कार्य कर रहे हैं। क्लस्टर में 125 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा गया है। इस उपलब्धि पर कृषि मंत्री द्वारा महिला कृषक की सराहना की गई। गोष्ठी के दौरान ग्राम सोहरवा के प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हमने एफपीओ गठित किया है। विस्तृत पैमाने पर सब्जी, केला, अमरूद शिमला मिर्च तथा मत्स्य उत्पादन की खेती कर अच्छी आमदनी कर रहे हैं। कृषक पेशकार वर्मा ने बताया कि उनके द्वारा पराली/फसल अवशेषों से कंपोस्ट खाद तैयार की जा रही है। अब तक 2200 कु. कंपोस्ट खाद जिले के किसानों तथा जनपद सोनभद्र को विक्रय कर अच्छी आमदनी की गई। श्री शाही ने कृषकों के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी का आहवान किया जिले के दूसरे कृषकों को प्रेरित करें। गोष्ठी को मुख्य विकास अधिकारी मुकेष चन्द्र, भाजपा पदाधिकारी राम किषोर गुप्ता सहित अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित किया। जबकि गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डा. सी.पी. एम. गौतम ने किया। गोष्ठी के उपरान्त कृषि मंत्री श्री शाही द्वारा प्रगतिशील कृषक जय सिंह के प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान श्री शाही ने प्रक्षेत्र पर की जा रही केले की खेती तथा अन्य फसलों का अवलोकन कर कृषक श्री सिंह द्वारा किये जा रहे अनुकरणीय कार्यों तथा कृषकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर कृषि विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा, अवर अभि कृषि नितिन कुमार मौर्य, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए सुधाकर शुक्ला, कुलदीप वर्मा, राम प्रकाश मौर्य, पंकज कुमार, अरविंद कुमार सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता के लिए निकाली गई रैली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । बाल श्रम उन्मूलन एवं जनपद बहराइच को दिसंबर 2026 तक बाल श्रम से मुक्त कराये जाने के उद्देश्य से सहायक श्रम आयुक्त बहराइच सिद्धार्थ मोदियानी द्वारा जागरूकता प्रचार प्रसार वाहन को गेंद घर स्थित श्रम कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। श्री मोदियानी ने सभी व्यापारी बंधुओं एवं अभिभावकों से अनुरोध किया है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे से कोई भी कार्य न लें तथा 14 से 18 वर्ष के किशोर से कोई भी खतरनाक प्रकृति का कार्य न कराए। ऐसे करते हुए पकड़े जाने पर 06 माह से 02 साल की जेल तथा जुर्माना हो सकता है।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने पकड़ा अवैध बालू से भरा ट्रक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। गुरुवार सुबह एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी तहसील कार्यालय में जनसुनवाई कर रही थी इस दौरान मोनालिसा जौहरी को सूचना प्राप्त हुई की नानपारा में गल्ला मंडी के पास शिवपुर रोड पर एक अवैध रूप से रेते/बालू से भरा ट्रक खड़ा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने वाली एसडीएम ने तत्काल सी.ओ. नानपारा पहुप सिंह के साथ मौके पर छापा मारा मौके पर एक ट्रक यू.पी.40-टी-4813 अवैध रूप से बालू से भरा हुआ मिला जोकि मौके पर ही रेते को उतार रहा था एसडीएम व सी.ओ. ने ट्रक चालक से बालू से संबंधित आवश्यक कागजात मांगे जिस पर चालक द्वारा कोई भी कागजात नहीं दिखाए गए एसडीएम ने उक्त ट्रक को पुलिस को सुपुर्द करते हुए जिला खनन अधिकारी बहराइच को दूरभाष पर निर्देशित किया कि तत्काल तहसील



नानपारा आकर उक्त ट्रक में भरी बालू की जांच करे और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कप मच गया।

एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने बताया कि उनको सुबह सूचना मिली थी कि एक अवैध रूप से रेत से भरा ट्रक गल्ला मंडी शिवपुर रोड़ पर खड़ा है शिकायत का संज्ञान लेते हुए उन्होंने सी.ओ. नानपारा के साथ संयुक्त रूप से ट्रक को पकड़ लिया, जांच में प्रथम दृष्ट्या पकड़े गए ट्रक में अवैध रूप से बालू होना प्रतीत हुआ जिस पर ट्रक को थानाध्यक्ष नानपारा को सुपुर्द करते हुए जिला खनन अधिकारी बहराइच को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं अवैध रूप से खनन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजस्व व पुलिस की टीमें क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए संयुक्त रूप से अवैध खनन पर कार्रवाई करती रहेगी।

# जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से दो दिवसीय 41वीं जनपदीय क्रीडा प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता ]

पीलीभीत। परिषदीय विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग सांसकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने संयुक्त रूप से किया जिलाधिकारी ने रंग बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़कर रैली का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह की मौके पर स्कूली बच्चों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इससे पहले की बी एस ए रोशनी सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा बच्चों में खेल प्रतिभाएं छिपी हुई होती है इन्हें निखारने की जरूरत है। स्कूली बच्चों में प्रतिभा देखने से


### बीएसए रौशनी सिंह के नेतृत्व में प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

लगता है कि खेलकूद उनके नियमित अभ्यास में है। हालांकि लगातार शासन बढ़ावा दे रहा है अब खिलाड़ियों को नौकरी भी दी जा रही है। जिले भर के स्कूलों में फर्नीचर भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मैंने संकल्प लिया है हर स्कूल में फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा, स्मार्ट क्लास तैयार कराए जायेंगे। स्कूलों में वाई फाई की भी व्यवस्था कराई जाएगी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने कहा की खेलों से बच्चों में प्रति स्पर्धा की भावना पैदा होती है साथ ही अनुशासन की भी सीख मिलती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्कूली बच्चों का हौसला बढ़ाया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मरौरी के अनुज प्रथम, पूरनपुर के रितेश द्वितीय, बरखेड़ा के मोहित तृतीय



स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में बरखेड़ा के अनुज प्रथम, पूरनपुर के रितेश, द्वितीय ललौरीखेड़ा के अजय तृतीय स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बिलसंडा की नीतू प्रथम, मरौरी की सोनाक्षी द्वितीय, ललौरीखेड़ा की तमन्ना तृतीय, 400 मी प्राथमिक बालिका वर्ग की दौड़ में पूरनपुर की शिल्पी प्रथम, ललौरी खेड़ा की तमन्ना द्वितीय, मरौरी की राधिका तृतीय स्थान पर रही। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बीसलपुर के मुकेश प्रथम, मरौरी के विकास द्वितीय, पूरनपुर के उमेश तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में बरखेड़ा के पुष्पेंद्र प्रथम, मरौरी के विकास द्वितीय, पूरनपुर के हिमांशु तृतीय, 200 मी दौड़ में बरखेड़ा के पुष्पेंद्र प्रथम, पूरनपुर के हिमांशु द्वितीय, अमरिया के अर्जुन तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर स्तर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में ललौरीखेड़ा की अलशिफा प्रथम, बरखेड़ा की गीता द्वितीय, मरौरी की दिव्या तृतीय स्थान पर रही। 400 मी बालिका वर्ग की दौड़ में मरौरी की पायल प्रथम, पूरनपुर की रूबी द्वितीय, बिलसंडा की अनुराधा तृतीय, 200 मीटर दौड़ में ललौरी खेड़ा की अलसिफा प्रथम, बरखेड़ा गीता द्वितीय, सोनम वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर जूनियर स्तर के बालक, बालिका वर्ग के विजेताओं को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र श्रीवास, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया निर्णायक मंडल में खेल अनुदेशक आदित्य गंगवार, प्रखर मिश्रा, सुरेंद्र गंगवार,नरेंद्र मौर्य, सहित सभी अनुदेशक, सर्वेंद्रनाथ शुक्ला, जिला व्यायाम शिक्षिका विभा मिश्रा, के के सिंह सहित कई खेल अनुदेशक शिक्षक रहे। इस अवसर पर जिले भर के खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार,अजय कुमार, विजय कुमार,अमूलकुमार, ओमेंद्र त्रिपाठी, जिला समन्वयक राकेश पटेल, मनीष श्रीवास्तव, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लालकरन, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष मुकेश अवस्थी, मंत्री मोइन अहमद,यूटा के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, मंत्री मोहम्मद अकरम, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री उमेश गंगवार, अनुदेशक अनुदेशक संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र गंगवार, प्रांतीय संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा, सभी शिक्षक संघों के पदाधिकारी, खेल अनुदेशक, शिक्षक व शिक्षिकाएं जिला समन्वयक मौजूद रहे है।

## ब्लॉक प्रमुख ने सीएम से की एक बार फिर मुलाकात, विभिन्न मुद्दों पर हुई काफी देर चर्चा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।विकासखंड मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की है। ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताया साथ ही ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने मुख्यमंत्री को न्याय पंचायत स्तर पर बारात घर एवं विकासखंड में अतिथि गृह बनवाने की मांग की है। न्याय पंचायत स्तर पर बारात घर बनने से कन्याओं के विवाह संपन्न होने में लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी इसके अलावा क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत जंगल किनारे बसे गांव के लिए सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने की भी मांग की है। ब्लॉक ब्लॉक सभ्यता वर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि हमारी विकासखंड क्षेत्र के अधिकांश गांव जंगल के किनारे बसे हुए हैं।साथ ही पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सीमा लगी हुई है। इसके अलावा भी विभिन्न मुद्दों पर काफी देर लंबी वार्तालाप हुई है।

## मण्डलायुक्त ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान एवं विकास कार्यक्रमों तथा निर्माण कार्यों की किया बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या राजेश कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर चल रहे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान तथा शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, निर्माण कार्यो (सीएम डैशबोर्ड) की बैठक किया एवं निर्माणाधीन जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मंडलायुक्त के साथ अपर आयुक्त अजय कांत सैनी भी मौजूद रहे। एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे मंडलायुक्त ने सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता सहित सभी उपजिलाधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान कि अब तक की



स्थिति की समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मंडलायुक्त ने जनपद में अब तक एसआईआर को लेकर की गई कार्यवाही की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए और किसी अपात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल न हो जाए। उन्होंने एएसडी सूची यानी एब्सेंट, शिफ्टेड ओर डेथ का गहनता से सत्यापन करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने बैठक में बीएलओ और बीएलए के साथ सभी बूथों पर दोबारा बैठकें आयोजित कराने के निर्देश दिए जिससे कोई मतदाता छूटने न पाए। इसके साथ ही मंडलायुक्त ने एक जनवरी 2026 को जिन युवाओं की आयु अठारह वर्ष पूरी कर रहे हो उनका भी फॉर्म छह भरवाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन जिला कारागार का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने कारागार का मॉडल देखा, इसके उपरांत आवासीय भवनों तथा बैरक का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छोटी-मोटी कमियां पाई गई जिन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके पश्चात मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों व निर्माण कार्यक्रम (सीएम डैशबोर्ड) की बैठक किया। बैठक में उन्होंने छात्रवृत्ति योजना, सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना, फैमिली आईडी, पोषण मिशन, नई सड़कों के निर्माण की स्थिति, जन शिकायतों के निस्तारण, पर्यटन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा किया एवं प्रगति सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में मंडलायुक्त ने जनपद में चल रही निर्माणाधीन परियोजनाओं की भी समीक्षा किया एवं सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने अधिशासी अभियंता लोनिवि को जगदीशपुर में रेलवे क्रॉसिंग के बाद रोड पर हुए गड्ढों को भरवाने के निर्देश दिए तथा कोहरे के दृष्टिगत रोड के किनारे की झाड़ियां को भी कटवाने को कहा। बैठक बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने मंडलायुक्त को अवगत कराया कि विकास कार्यों में नवंबर माह में जनपद को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है जिस पर मंडलायुक्त ने उसे बरकरार रखने के निर्देश दिए तथा विशेष प्रयास कर प्रथम रैंक लाने को कहा। बैठक का संचालन जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के चिन्हांकन शिविर में किया प्रतिभाग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र पीलीभीत में दिव्यांगजनों का कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 30 से अधिक दिव्यांगजनों का विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित किए गए। शिविर में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह व महंत स्वामी हनुमानदास के द्वारा दिव्यांगजनों को कम्बल व फलों का भी वितरण किया गया है जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी दिव्यांगजनों को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के कार्य किए जा रहे। शिविर में दिव्यांगजनों के लिए पेयजल, नाश्ता व अलाव आदि की व्यवस्था कराई गई थी। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे है।

### ठण्ड में ठिठुर रहे राहगीर और मुस्कुरा रहे साहब

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है,मगर दावा है यह झूठा और किस्सा किताबी है।यह पंक्तियां भयंकर शीतलहर में तिलोई के तहसील प्रशासन पर एकदम सटीक बैठ रही है।घनघोर ठण्डी के बावजूद क्षेत्र के प्रमुख कस्बों व चौराहों पर प्रशासन द्वारा अलाव नही जलवाये गये है जिससे राहगीर और ग्रामीण ठिठुर रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौनधारण किये हुये हैं। बताते चलें कि तहसील प्रशासन द्वारा बीते सालों में कस्बा मोहनगंज, शाहमऊ, शंकरगंज, तिलोई, राजाफत्तेपुर, सेमरौता, इन्हौना, अहोरवा भवानी सहित अन्य इक्कीस विभिन्न कस्बों व चौराहों पर अलाव जलवाया जाता रहा।इस वर्ष भयानक शीतलहर चल रही है फिर भी चौराहे सूने पड़े हुये है और अलाव न जलने के कारण राहगीर ठिठुर रहे हैं।चौराहों पर दुकानदार गत्ता व दफ्ती जलाकर ठण्ड से निजात पाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन सर्दी थमने का नाम नही ले रही है।अब सवाल यह उठता है कि शासन द्वारा अलाव के लिये धनराशि नही आई या फिर कोई जिम्मेदार अधिकारी जलवाना नही चाहता।हल्का लेखपालों द्वारा ग्राम प्रधानों से कहकर अलाव जलवाने का प्रयास किया जा रहा है जो कि गुरुवार की शाम तक अलाव चौराहों पर जलते नजर नही आ रहे हैं।

## भाजपा दफ्तर घेरने के पूर्व कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी और भाजपा ने मिलकर फर्जी तरीके से फंसाए जाने के मामले को लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने कांग्रेस कार्यालय से नारेबाजी करते हुए शहर के पयागीपुर ट्रांसपोर्ट नगर स्थिति भाजपा कार्यालय पैदल मार्च करते हुए निकले कि जिले की पुलिस हाई अलर्ट हो गई। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को शहर के लाल डिग्गी चौराहे पर रोक लिया कांग्रेसी बीजेपी दफ्तर जाने की जिद पर अड़े रहे लेकिन पुलिस उन्हें आगे जाने से रोक रही थी, इसके कांग्रेस नेताओं व पुलिस के बीच तीखी नोंक झोंक भी हुई, उसके बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा सहित भारी संख्या में



कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता वहीं सड़क पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं का आक्रोश बढ़ता देख जिला प्रशासन ने उन्हें गिरफ्तार कर पुलिस लाइन भेज दिया गया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भाजपा और ईडी का कथित गठबंधन बेनकाब हो गया चुका है, पिछले एक दशक से भाजपा सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर हमारी नेता कंाग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और देश के जननेता राहुल गांधी के विरुद्ध राजनीतिक, प्रतिशोध, बदले की भावना और गैर कानूनी कार्रवाइयों को माननीय न्यायालय ने पूरी तरह से पर्दाफाश कर दिया, आज सत्य, न्याय और संविधान की जीत हुई है। यंग इंडियन मामले में माननीय न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ परिवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई न केवल अवैध है बल्कि दुर्भावना से प्रेरित भी है। वहीं उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय का यह फैसला इस सच्चाई को उजागर करता है कि बीते एक दशक से मोदी सरकार कांग्रेस पार्टी के खिलाफ संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति की है, जिसका आज पूरे देश के सामने पर्दाफाश हो गया। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि हमारे नेता को फर्जी फसाया जा रहा था। ईडी की कार्रवाई भाजपा के इशारे पर हो रही थी। कंाग्रेस पार्टी डर, दबाव और षड्यंत्र के सामने ना कभी झुकी है, ना झुकेगी। हमने सच और साहस के साथ संघर्ष किया है, और आज एक बार फिर सच की जीत हुई है।

### त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये मतदाता सूची का किया जायेगा प्रकाशन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 को सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण-2025 के अन्तर्गत दिनांक 23 दिसम्बर 2025 को अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख्य का प्रकाशन किया जायेगा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) पीलीभीत प्रसून द्विवेदी ने बताया कि दिनांक 24 दिसम्बर 2025 से 30 दिसम्बर 2025 तक आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का नि:शुल्क निरीक्षण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का कार्यालय/जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) पीलीभीत सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय/तहसील मुख्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय/ग्राम सचिवालय पर किया जा सकेगा। इस अवधि (दिनांक 24 दिसम्बर 2025 से 30 दिसम्बर 2025 तक) में सम्बन्धित बी0एल0ओ0 द्वारा निर्वाचक नामावली में किसी नाम के सम्मलित किये जाने/संशोधित किये जाने एवं विलोपित किये जाने हेतु दावे आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। (दिनांक 01.01.2026 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी दावा स्वीकार किए जाएगें

### विधायक ने नि:शुल्क फ्रीजर का किया शुभारंभ उपस्थित रहे चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । पूरनपुर स्टेशन चौराहे पर चौकी के समीप विधायक बाबूराम पासवन ने निशुल्क फ्रीजर का शुभारंभ किया इस निशुल्क फ्रीजर का शुभारंभ स्वर्गीय अनिल अग्रवाल की स्मृति में समाज सेवा के उद्देश्य से किया गया इसका मुख्य उद्देश्य राहगीरों और जरूरतमंदों को जल उपलब्ध कराना है यह फ्रीजर विशेष रूप से असहाय लोगों और यात्रियों की सुविधा के लिए स्थापित किया गया है भीषण गर्मी में ठंडा पानी उपलब्ध कराकर यह पहल सार्वजनिक स्वास्थ्य और कल्याण में योगदान देगी कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय अनिल अग्रवाल के सामाजिक योगदान और उनके सरल, सेवाभावी व्यक्तित्व को याद किया गया और चाय और पकोड़े का वितरण किया गया वक्ताओं ने बताया कि अनिल अग्रवाल सदैव समाजसेवा में अग्रणी रहे और जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे उनकी स्मृति में किया गया यह कार्य उनके सेवा भाव को जीवंत बनाए रखने का एक सशक्त माध्यम है इस अवसर पर विधायक बाबूराम पासवान,नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता,व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष हंस राज गुलाटी, डॉ. दिनेश गुप्ता, समाजसेवी संदीप खंडेलवाल और हरगोविन्द वाजपेई सहित नगर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फ्रीजर का शुभारंभ किया और इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की है।

### अमेठी प्रीमियर लीग के पहले ट्रायल्स के बाद होंगे मैच

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमेठी प्रीमियर लीग के आगामी सत्र को लेकर तैयारियां ज़ोरों पर हैं।लीग प्रबंधन द्वारा जानकारी दी गई है कि खिलाड़ियों के लिये जारी पंजीकरण प्रक्रिया बीस दिसम्बर को समाप्त कर दी जायेगी। पंजीकरण को लेकर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।पंजीकरण समाप्त होने के बाद पहला चयन ट्रायल अठाइस एवं उनतीस दिसम्बर को रायबरेली स्थित नदीम सिददीकी क्रिकेट अकादमी में आयोजित किया जायेगा।यह ट्रायल्स अनुभवी कोचों एवं चयनकर्ताओं की देखरेख में पारदर्शी और निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत संपन्न कराये जाएंगे जिससे योग्य और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जा सके। एपीएल प्रबंधन ने बताया कि ट्रायल्स के उपरांत खिलाड़ियों के बीच अभ्यास मैच (मैच ट्रायल्स) भी कराये जायेंगे ताकि खिलाड़ियों की मैच सिचुएशन में प्रदर्शन क्षमता का सही आकलन किया जा सके।इन मैचों के आधार पर खिलाड़ियों को आगे की प्रक्रिया के लिये शॉर्टलिस्ट किया जायेगा।चयनित खिलाड़ी आगामी चयन प्रक्रिया में शामिल होंगे जहां से विभिन्न टीमों द्वारा उन्हें देखा जायेगा।अमेठी प्रीमियर लीग का मुख्य उददेश्य ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों की क्रिकेट प्रतिभाओं को एक पेशेवर मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना है।ट्रायल्स के समय व अन्य दिशा निर्देशों की जानकारी एपीएल के आधिकारिक माध्यमों से जल्द साझा की जायेगी।

## ट्रक चाय की दुकान में घुसा, ट्रक चालक समेत दो की मौत, 3 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लम्भुआ/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले में गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण एक भीषण सड़क हादसा हो गया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के कुर्मियाने रामपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर चाय की दुकान में जा घुसा। इस दुर्घटना में दुकान मालिक का बेटा और ट्रक चालक समेत दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। यह घटना गुरुवार सुबह उस समय हुई जब दियरा से लंभुआ रोड पर आ रहा एक ट्रक घने कोहरे के कारण अपना नियंत्रण खो बैठा। ट्रक सीधे लालजी की छप्परनुमा चाय की दुकान में घुस गया और एक पेड़ से टकरा गया। हादसे के वक्त दुकान पर जलेबी बन रही थी और कुछ ग्राहक भी मौजूद थे। हादसे के वक्त दुकान



पर लालजी का 25 वर्षीय पुत्र रोहित और उसकी 50 वर्षीय पत्नी राजकुमारी मौजूद थीं। ट्रक की चपेट में आने से रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। राजकुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। दुकान पर मौजूद 55 वर्षीय श्रीराम पुत्र जगरूप और 45 वर्षीय नंदू भी घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही लंभुआ पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने जेसीबी की मदद से ट्रक को पीछे हटवाया। ट्रक के स्टीयरिंग के पास फंसे मृत चालक के शव को बाहर निकालने के लिए गैस कटर मंगाया गया। बाद में मृतक ट्रक चालक की पहचान अयोध्या जनपद के हैदरगंज निवासी शुभम सिंह के रूप में हुई। हादसे में एक बाइक और एक साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घटनास्थल पर लंभुआ के नायब तहसीलदार भी पहुंचे। मृतक रोहित के परिवार में यह दूसरी त्रासदी है; बताया जा रहा है कि उसके दो भाइयों की दस साल पहले पानी में डूबने से मौत हो गई थी।

## विधायक बाबूराम पासवान और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने फीता काट किया सड़क निर्माण का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील के गांव सबलपुर में गुरुवार को सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया यह सड़क इतवारी लाल के घर से फूलचंद के घर तक बनाई जाएगी पीलीभीत के विधायक बाबूराम पासवान ने फीता काटकर इस परियोजना का उद्घाटन किया यह सड़क लंबे समय से कच्ची थी जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था विशेषकर बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का आवागमन मुश्किल हो जाता था विधायक बाबूराम पासवान के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें सड़क की जर्जर स्थिति से अवगत कराया था विधायक ने इस पर संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी को तत्काल सर्वे कर निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए थे सड़क निर्माण से अब गांव में आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी स्थानीय लोगों का मानना है कि इससे गांव के विकास को नई गति मिलेगी तथा सामाजिक और आर्थिक उन्नति में भी सहयोग मिलेगा इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष नरेश पाल सिंह, ग्राम प्रधान ब्रजपाल कश्यप, कौशल वाजपेई, सुभाष वाजपेई, प्रदीप वाजपेई, सोमदेव पासवान, जितेंद्र सिंह, एडवोकेट गौरव पाण्डेय, खंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार और एपीओ आदर्श वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सड़क निर्माण को गांव के लिए आवश्यक बताया और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने पर जोर दिया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा

## सम्पादकीय

# साफ हवा में सांस लेने की आजादी अभी दूर

अर्से बाद हुआ है कि सत्तापक्ष और विपक्ष किसी मुद्दे पर संसद में चर्चा के लिए सहमत हो गए। समाधान तो पता नहीं, पर यह भी संतोष की बात है कि संसद दिल्ली-एन.सी.आर. में सांसों पर गहराते संकट पर चर्चा करेगी। 'वंदे मातरम' और 'चुनाव सुधार' पर राजनीतिक रार के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को शून्यकाल में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए पेशकश की कि सत्तापक्ष और विपक्ष सदन में चर्चा कर समाधान खोजें, तो संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने भी चर्चा के लिए सरकार की सहमति जताई। छुट्टी का दिन होने के बावजूद शनिवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (ए.क्यू.आई.) छलांग लगाते हुए 400 पार पहुंच गया। नतीजतन ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) एक ही दिन में दो बार अपडेट करना पड़ा। हालांकि अब सरकारी आंकड़े बहुत विश्वसनीय नहीं रह गए हैं लेकिन उनके मुताबिक भी दोपहर तक दिल्ली में ए.क्यू.आई. 431 हो गया, जिसके चलते पहले से लागू ग्रैप-2 को ग्रैप-3 में बदलना पड़ा तो शाम होते-होते ए.क्यू.आई. 441 हो गया। नतीजतन गहराते वायु प्रदूषण के मद्देनजर वायु गुणवत्ता आयोग की सब कमेटी ने पूरे दिल्ली-एन.सी.आर. में ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंध लगाने का ऐलान कर दिया। फिर भी रविवार की सुबह ए.क्यू.आई. 500 तक पहुंच गया। देश के दिल दिल्ली में हवा की गुणवत्ता इस साल सबसे खराब मानी जा रही है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा वायु प्रदूषण का यह आलम तब है, जब दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए अपनी पीठ खुद थपथपाती रही है। हाल ही में दावा किया गया कि दीवाली पर पटाखे चले और ऑड-ईवन के तहत कारों-बाजारों पर प्रतिबंध भी नहीं लगाए, फिर भी वायु प्रदूषण पिछले साल के मुकाबले नियंत्रण में रहा। लेकिन दिल्ली वालों को साल में उंगलियों पर गिने जा सकने वाले दिन ही वैसी साफ हवा नसीब हो पाती है, वरना पूरे एन.सी.आर. में लोग जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। दीवाली के आसपास तो ए.क्यू.आई. 900-1000 तक पहुंच जाता है। बेशक दिल्ली-एन.सी.आर. निवासियों के लिए सांसों का यह संकट नया नहीं है। एक दशक से तो वे यह संकट झेल ही रहे हैं, जिसका ठीकरा अक्सर दीवाली पर चलाए जाने वाले पटाखों और पड़ोसी राज्यों में जलाई जाने वाली पराली के सिर फोड़ दिया जाता है। दिल्ली सरकार की पैरवी पर सर्वोच्च न्यायालय ने इसी साल, अर्से बाद दीवाली पर सीमित अवधि के लिए ग्रीन पटाखों की अनुमति दी थी। अगले दिन ए.क्यू.आई. गंभीरतम श्रेणी में पहुंच जाना अवधि की सीमा और ग्रीन पटाखों की व्यावहारिकता, दोनों पर ही सवालिया निशान लगा गया। सैंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमैंट (सी.एस.ई.) का मानना है कि पराली अब मुख्य खलनायक नहीं है। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं कम हुई हैं और वायु प्रदूषण में स्थानीय कारणों का योगदान 85 प्रतिशत तक है। अक्तूबर-नवम्बर में ज्यादातर दिनों वायु प्रदूषण में पराली का योगदान 5 प्रतिशत के आसपास ही रहा। सी.एस.ई. का अध्ययन यह भी बताता है कि वायु प्रदूषण के लिए मुख्य खलनायक वाहन, उद्योग, बिजली संयंत्र और भवन निर्माण आदि हैं। पूरे देश की तो छोडिघ्ए, राजधानी दिल्ली और एन.सी.आर. में भी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। पिछले एक दशक में भी मैट्रो के विस्तार और गिनती की इलैक्ट्रिक बसों के अलावा सार्वजनिक परिवहन को विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इसीलिए लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार निजी वाहनों का इस्तेमाल करने को बाध्य होते हैं। फिटनैस अवधि और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र को भी नजरअंदाज कर पुरानी निजी कारों पर प्रतिबंध से लोगों के कामकाज और अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ता है। सर्वोच्च न्यायालय सांस लेने लायक साफ हवा नागरिकों का मौलिक अधिकार बता चुका है लेकिन उसका हनन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का अभी तक इंतजार है। आयुष्मान भारत का नारा देने वाली सरकार वायु प्रदूषण के चलते दिल्ली-एन.सी.आर. निवासियों की उम्र 8-10 साल कम होने की आशंका वाले अध्ययनों से कैसे मुंह चुरा सकती है?

# अमीरी की जीवनशैली, प्रदूषण का बोझ और गरीब की त्रासदी

**वायु प्रदूषण का संकट केवल वातावरण में धूल और धुएं का मामला नहीं है, यह आर्थिक अन्याय, राजनीतिक असंवेदनशीलता और सामाजिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है। जो सरकारें जनजीवन सुधारने का वादा करती हैं, वे हवा की गुणवत्ता सुधारने में विफल रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दस प्रतिशत तक का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान केवल पैसों में नहीं, बल्कि मानव संसाधन की हानि, स्वास्थ्य पर बोझ और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के रूप में भी दिखाई देता है। अब समय है कि इस संकट को केवल पर्यावरणीय मुद्दा न मानकर एक सामाजिक और नैतिक चुनौती के रूप में देखा जाए। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह अधिकार धीरे-धीरे छिनता जा रहा है। अमीरों को अपनी जीवनशैली पर संयम लाना होगा, अपने निवेशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर मोड़ना होगा, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से दूरी बनानी होगी। सरकारों को सख्त नीति बनानी चाहिए, जो न केवल प्रदूषण फैलाने वालों को दंडित करे बल्कि स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने वालों को प्रोत्साहन दे। वायु प्रदूषण एक सामूहिक अपराध बन गया है जिसमें अपराधी कम और पीड़ित अधिक हैं।**

देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आज जिस घातक पर्यावरण संकट से गुजर रही है, वह केवल एक शहर की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के लिये चेतावनी है। विडंबना यह है कि इस संकट के नाम पर जो तात्कालिक उपाय लागू किए जाते हैं, उनका सबसे बड़ा खामियाजा वही तबका भुगतता है, जिसकी इसमें सबसे कम भूमिका होती है-गरीब और श्रमिक वर्ग। इसी पीड़ा को शब्द देते हुए सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अमीरों की जीवनशैली से पैदा हुई मुश्किलों का सामना गरीबों को करना पड़ता है। यह टिप्पणी न केवल कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और नैतिक चेतना को झकझोरने वाली भी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह मर्मस्पर्शी टिप्पणी की। वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायमित्र अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर करते हुए अदालत ने स्पष्ट कहा कि ग्रैप-4 जैसी सख्त पाबंदियों का सबसे ज्यादा असर गरीबों पर पड़ता है। निर्माण कार्य रुकते हैं, दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी ठप हो जाती है, जबकि प्रदूषण पैदा करने वाली जीवनशैली में शामिल संपन्न तबके पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ता। मुख्य न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या की जड़ अमीरों की जीवनशैली है और समाधान भी वहीं से शुरू होना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत ऐसे प्रभावी और लागू करने योग्य आदेश पारित करेगी, जिन्हें जरूरत पड़ने पर सख्ती से लागू भी किया जा सकेगा। जस्टिस सूर्यकांत का कहना था कि महानगरों में लोगों की अपनी अलग जीवनशैली होती है, जिन्हें वे बदलना नहीं चाहते। यही वजह है कि समस्या अमीरी की वजह से होती है, लेकिन झेलना गरीब को पड़ता है। दरअसल, अदालत की सोच रही है कि हमारा परिवेश-पर्यावरण साफ-सुथरा रहे, इसके लिये हम सबको अपने कुछ सुखों का त्याग करना होगा, अपने जीवन को पर्यावरण के अनुकूल ढालना होगा एवं प्रकृति-एवं पर्यावरण के प्रति सकारात्मक रवैया अपना होगा। यह जानते हुए कि पर्यावरण पर आने वाले संकट व प्रदूषित हवा का अमीर-गरीब पर समान असर पड़ता है फिर भी अमीर लोग इससे बेपरवाह रहते हैं। निस्संदेह, शीर्ष अदालत ने समाज की दुखती रग पर हाथ रखा है। चौड़ी होती सड़कें, नए फ्लाईओवर और हाईवे बनने के बावजूद जाम और प्रदूषण कम नहीं हो रहे। कारण साफ है निजी वाहनों का बेहिसाब इस्तेमाल। एक व्यक्ति, एक कार का चलन न केवल सड़क की जगह घेरता है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी कई गुना बढ़ाता है। कभी ऑड-इवन जैसी योजनाओं पर चर्चा हुई, कार-पूलिंग की बात चली, लेकिन सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुगम और भरोसेमंद बनाने की इच्छाशक्ति लगातार कमजोर रही। आज एसी, कूलर और अन्य वातानुकूलन साधनों का बढ़ता उपयोग भी पर्यावरण संकट को गहराता जा रहा है। इससे बिजली की खपत बढ़ती है, तापमान में वृद्धि होती है और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषण का दायरा फैलता है। उद्योगों में भी पर्यावरणीय नियमों का ईमानदार पालन नहीं होता। जल संकट इसका एक और क्रूर उदाहरण है-जहां झुग्गी-बस्तियों में पीने के पानी की किल्लत है, वहीं पॉश कॉलोनियों में लॉन सींचे जाते हैं, कारें धुलती हैं और स्विमिंग पूल भरे रहते हैं। कुदरत ने हवा, पानी और संसाधन सभी के लिये दिए हैं, लेकिन अमीरी के असमान दखल ने इनके वितरण को अन्यायपूर्ण बना दिया है। राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तो करते हैं, लेकिन ठोस और दीर्घकालिक समाधान सामने नहीं आते। अब समय आ गया है कि सरकार और जनता-दोनों अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं। सरकार को सार्वजनिक परिवहन को मजबूत, सस्ता और आकर्षक बनाना होगा, उद्योगों पर पर्यावरणीय नियमों का कड़ाई से पालन कराना होगा और शहरी विकास की नीतियों को पर्यावरण-संवेदनशील बनाना होगा। वहीं जनता को भी अपनी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा-अनावश्यक वाहन उपयोग से बचना, ऊर्जा की खपत कम करना, एसी और अन्य सुविधाओं का संयमित इस्तेमाल करना और साझा संसाधनों के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना होगा। विडंबना यह है कि सत्ताधीशों ने दिल्ली में सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट को सशक्त करने को प्राथमिकता नहीं दी। यदि सार्वजनिक परिवहन सस्ता व सहज उपलब्ध होता तो शायद सड़कों पर कारों का दबाव कम होता। हाल के दिनों में संपन्न व मध्यम वर्ग में एसी व अन्य वातानुकूलन उपायों के उपयोग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। इससे जहां प्रदूषण बढ़ाने वाली बिजली की खपत बढ़ी है, वहीं बाहर का तापमान व कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा है। इसी तरह तमाम अमीरों द्वारा संचालित उद्योगों में उन उपायों का ईमानदारी से पालन नहीं किया गया जो पर्यावरण में प्रदूषण कम करने में सहायक होते हैं। सरकारों की नीतिगत विफलता इस बढ़ते वायु प्रदूषण की त्रासदी का बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। हर साल सर्दियों में दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य शहरों की हवा जहरीली हो जाती है, तब कुछ दिन के लिए 'आपात कदम' उठाए जाते हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है। नीतियों में पारदर्शिता का अभाव और उद्योगपतियों का दबाव भी एक गहरी समस्या है। कोयला आधारित उद्योगों, पेट्रोलियम कंपनियों और निर्माण व्यवसाय से जुड़ी लॉबी सरकारों पर ऐसा प्रभाव बनाए रखती हैं कि कठोर कदम उठाना राजनीतिक दृष्टि से असुविधाजनक बन जाता है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण को हमेशा 'महंगा विकल्प' बताकर टाला जाता है, जबकि वास्तव में यह निवेश मानव जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा में है। वायु प्रदूषण का संकट केवल वातावरण में धूल और धुएं का मामला नहीं है, यह आर्थिक अन्याय, राजनीतिक असंवेदनशीलता और सामाजिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है। जो सरकारें जनजीवन सुधारने का वादा करती हैं, वे हवा की गुणवत्ता सुधारने में विफल रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दस प्रतिशत तक का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान केवल पैसों में नहीं, बल्कि मानव संसाधन की हानि, स्वास्थ्य पर बोझ और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के रूप में भी दिखाई देता है। अब समय है कि इस संकट को केवल पर्यावरणीय मुद्दा न मानकर एक सामाजिक और नैतिक चुनौती के रूप में देखा जाए। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह अधिकार धीरे-धीरे छिनता जा रहा है। अमीरों को अपनी जीवनशैली पर संयम लाना होगा, अपने निवेशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर मोड़ना होगा, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से दूरी बनानी होगी। सरकारों को सख्त नीति बनानी चाहिए, जो न केवल प्रदूषण फैलाने वालों को दंडित करे बल्कि स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने वालों को प्रोत्साहन दे। वायु प्रदूषण एक सामूहिक अपराध बन गया है जिसमें अपराधी कम और पीड़ित अधिक हैं। अब यह वक्त है जब विकास की परिभाषा में स्वच्छ हवा और सुरक्षित वातावरण को सबसे ऊपर रखा जाए। सरकारें यदि सचमुच राष्ट्र की समृद्धि चाहती हैं, नया भारत-विकसित भारत बनाना चाहती है तो उन्हें सांसों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। अमीर तबके को भी यह समझना होगा कि जिस हवा को वे अपने निवेशों से दूषित कर रहे हैं, वह अंततः उन्हीं की अगली पीढ़ियों की सांसों को रोक देगी। वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण को लेकर किसी किस्म की उदासीनता देश और मानवता के साथ अन्याय होगा। अमीरी होना कोई अपराध नहीं, लेकिन अमीरी की कीमत अगर गरीब चुकाए, तो वह सभ्य समाज की हार है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी और सोच हमें यही संदेश देती है कि स्वच्छ पर्यावरण के लिये कुछ सुखों का त्याग अनिवार्य है। यदि आज हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं, तो आने वाली पीढ़ियों को हम केवल प्रदूषित हवा, सूखते जलस्रोत और असमानता की विरासत ही सौंप पाएंगे। -ललित गर्ग

# पौष अमावस्या का आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व

**विजय कुमार शर्मा**

हिंदू सनातन परंपरा में पौष अमावस्या का विशेष स्थान माना गया है। यह तिथि केवल पंचांग का एक दिन नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, पितृ तृप्ति और नकारात्मक शक्तियों से संरक्षण का महत्वपूर्ण अवसर मानी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पौष अमावस्या के दिन वातावरण में सूक्ष्म नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव अधिक हो जाता है, जिससे मन, विचार और व्यवहार पर उसका असर पड़ सकता है। इसी कारण इस दिन संयम, साधना, पूजा, दान और पितरों के स्मरण को अत्यधिक महत्व दिया गया है। पौष अमावस्या व्यक्ति को आत्मचिंतन का अवसर देती है और जीवन को सही दिशा में ले जाने की प्रेरणा प्रदान करती है। पौष अमावस्या का गहरा संबंध पितृलोक से जुड़ा हुआ माना जाता है। इस दिन श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने से मृत पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है और उनका आशीर्वाद परिवार पर बना रहता है। शास्त्रों में कहा गया है कि जब पितृ संतुष्ट होते हैं, तब परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। जो लोग नियमित रूप से पौष अमावस्या पर पितरों का स्मरण करते हैं, उनके जीवन में आने वाली बाधाएं धीरे-धीरे कम होने लगती हैं और मानसिक तनाव से भी राहत मिलती है। यह दिन हमें अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके योगदान को स्मरण करने का अवसर देता है। धार्मिक दृष्टि से पौष अमावस्या दान पुण्य के लिए अत्यंत शुभ मानी गई है। इस दिन वस्त्र, अन्न और भोजन का दान करने से पुण्य की विशेष प्राप्ति होती है। मान्यता है कि बृहस्पति, शनि, राहु और केतु जैसे ग्रहों के अशुभ प्रभाव इस दिन किए गए दान से काफी हद तक शांत हो जाते हैं। विशेष रूप से निर्धनों, असहायों, वृद्धों और साधु संतों को दान देने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पौष अमावस्या का दान केवल धार्मिक कर्म नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है, जो समाज में करुणा और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। लोक मान्यताओं में यह भी कहा गया है कि पौष अमावस्या के दिन खिचड़ी का भंडारा करने से नकारात्मक शक्तियों और बुरी आत्माओं का प्रभाव समाप्त हो जाता है। खिचड़ी सात्विक भोजन माना जाता है, जो शरीर और मन दोनों के लिए शुद्ध होता है। इस दिन सामूहिक रूप से भोजन वितरण करने से समाज में समरसता बढ़ती है और सेवा भाव का विकास होता है। यह माना जाता है कि इस प्रकार के सेवा कार्य से परिवार और घर पर सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और अनिष्ट शक्तियों का प्रवेश नहीं होता। पौष अमावस्या के दिन कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना भी आवश्यक बताया गया है। इस दिन क्रोध, बैर, द्वेष और ईर्ष्या जैसे नकारात्मक भावों से दूर रहना चाहिए। शास्त्रों में कहा गया है कि अमावस्या के दिन मन अत्यंत संवेदनशील होता है, इसलिए नकारात्मक विचार शीघ्र प्रभाव डाल सकते हैं। ईश्वर का स्मरण करना, शांत मन से ध्यान करना और अच्छे विचारों में तल्लीन रहना इस दिन विशेष फलदायी माना गया है। साथ ही अपने पितरों को भूलना इस दिन अशुभ माना जाता है, इसलिए उनका स्मरण और सम्मान करना आवश्यक समझा गया है। ज्योतिषीय दृष्टि से भी पौष अमावस्या का महत्व बहुत अधिक है। मान्यता है कि इस दिन विधिपूर्वक पूजा उपासना और व्रत करने से शनि की साढ़े साती, ढैया और अन्य ग्रह दोषों का प्रभाव कम किया जा सकता है। जिन जातकों के जीवन में लंबे समय से समस्याएं चल रही होती हैं, उनके लिए यह तिथि विशेष लाभकारी मानी जाती है। श्रद्धा और नियमपूर्वक किए गए कर्म व्यक्ति को कालसर्प दोष और बृहस्पति दोष जैसी बाधाओं से भी काफी हद तक सुरक्षित रखते हैं। इसी कारण ज्योतिषाचार्य पौष अमावस्या को ग्रह शांति के लिए अत्यंत प्रभावशाली मानते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार पौष माह को पुष्य मास भी कहा जाता है। यह वर्ष का ऐसा समय माना जाता है जब देवताओं की पूजा और पितरों के लिए अनुष्ठान करना विशेष फलदायी होता है। पौष अमावस्या इस मास की सबसे महत्वपूर्ण तिथि मानी जाती है। इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा का भी विशेष महत्व है। पौष माह को सौभाग्य लक्ष्मी मास के रूप में भी जाना जाता है। लक्ष्मी पूजा से धन, वैभव और स्थायित्व की प्राप्ति की कामना की जाती है। मान्यता है कि पौष अमावस्या की पूर्व संध्या और अमावस्या की बेला में देवी लक्ष्मी के विभिन्न स्वरूपों की पूजा करने से भक्त को विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## सेहत मंत्र

# पपीता ही नहीं, उसके पत्ते भी सेहत के लिए होते हैं लाभकारी

पपीता एक ऐसा फल है, जिसे हेल्थ के लिए काफी लाभदायी माना गया है। इसलिए तो जब भी कोई व्यक्ति बीमार होता है तो उसे पपीता खाने की सलाह दी जाती है। आप भी पपीते का सेवन करते ही होंगे लेकिन क्या आप जानते हैं कि पपीता ही नहीं, उसके पत्ते भी सेहत के लिए वरदान समान हैं। तो चलिए जानते हैं पपीते के पत्ते से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? पपीते की तरह ही उसके पत्तों में भी पोषक तत्वों की भरमार होती है। पपीते के पत्ते में विटामिन ए, बी, सी, डी और ई के साथ?साथ एंटीऑक्सीडेंट्स, फलेवोनोइड्स, कैरोटीन होते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें थ्रेओनाइन, ग्लूटामेट एसिड, ग्लाइसीन, वेलिन, ल्यूसीन, लाइसिन, हिस्टीडाइन, एलानिन, प्रोलाइन जैसे 50 से अधिक अमीनो एसिड व पाचन एंजाइम्स पाए जाते हैं। यह पाचन एंजाइम्स शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइडेट व वसा को पचाने में मदद करते हैं। जो व्यक्ति कैंसर पीड़ित हैं, उन्हें पपीते के पत्ते का सेवन अवश्य करना चाहिए। पपीते के पत्ते में एंटीबैक्टीरियल तत्व व एसीटोजेन नामक तत्व पाया जाता है, जो कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने व उन्हें मारने में अहम भूमिका निभाता है। खासतौर से, गर्भाशय ग्रीवा, प्रोस्टेट, यकृत, स्तन व फ़ेफड़ों के कैंसर में यह बहुत कारगर साबित हुआ है। शायद आपको पता न हो लेकिन पपीते के पत्ते का सेवन करने से प्रतिरक्षा तंत्र काफी मजबूत होता है। दरअसल, पपीते के पत्तों में कई तरह के शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो इम्युन सिस्टम को स्टांग बनाते हैं। अगर इसके रस का सेवन किया जाए तो खून में व्हाइट ब्लड सेल्स की मात्रा बढ़ जाती है। डेंगू ऐसी बीमारी है जिसमें व्यक्ति के प्लेटलेट्स गिरने लगते हैं। इतना ही नहीं, कई बार तो इस बीमारी के चलते व्यक्ति की जान तक चली जाती है। यहां गौर करने वाली बात है कि डेंगू से लड़ने के लिए अभी तक कोई भी दवा उपलब्ध नहीं है। लेकिन जो लोग पपीते के पत्ते का सेवन इस बीमारी में करते हैं, उससे उन्हें विशेष फायदा होता है क्योंकि पपीते के पत्ते के सेवन से शरीर में प्लेटलेटस की संख्या बढ़ने लगती है। कई अध्ययनों में यह बात साबित भी हो चुकी है।

## धर्म मंत्र

# घर की सुख-समृद्धि के लिए शिवलिंग पर शमी के पत्ते चढ़ाते समय बोलना चाहिए एक मंत्र




शिवपुराण के अनुसार शिव पूजा में फूल-पत्तियां चढ़ाने का विशेष महत्व है। शिवलिंग पर बिल्व पत्र तो सभी चढ़ाते हैं, लेकिन इसके साथ ही शमी के पत्ते भी शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। शमी वृक्ष पूजनीय और पवित्र है। घर में शमी का वृक्ष लगाने से कुंडली के और वास्तु के कई दोष दूर हो सकते हैं। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार जानें शिवजी को कैसे चढ़ाएं शमी के पत्ते.... - रोज सुबह शिव मंदिर जाएं और तांबे के लोटे में गंगाजल या पवित्र जल में गंगाजल, चावल, सफ़ेद चंदन मिलाकर शिवलिंग पर ऊँ नमः शिवाय मंत्र बोलते हुए अर्पित करें। तांबे के लोटे से जल चढ़ाने के बाद शिवलिंग पर चावल, बिल्वपत्र, सफ़ेद वस्त्र, जनेऊ और मिठाई के साथ ही शमी के पत्ते भी चढ़ाएं।

शमी पत्ते चढ़ाते समय ये मंत्र बोलें

अमंगलानां च शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च।
दुःस्वप्रनाशिनीं धन्यां प्रपद्येहं शमीं शुभाम्।।

शमी पत्र चढ़ाने के बाद शिवजी की धूप, दीप और कर्पूर से आरती कर प्रसाद ग्रहण करें।

## पर्यटन



# लेखक और फिल्मों की वजह से मशहूर हुए हैं ये ऑफ-बीट ट्रैवल डेस्टिनेशन

अंडमान- निकोबार, असम, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, उत्तराखंड आदि राज्यों में ऐसी बहुत सारी जगहें हैं, जिनके बारे में आम लोग न के बराबर जानते हैं। हरसिल (उत्तराखंड) आने वाले लोगों की संख्या तब और अधिक बढ़ गई जब 'राम तेरी गंगा मैली' फिल्म आई, क्योंकि इस फिल्म की शूटिंग यहीं हुई थी। यही बात लेखकों के साथ भी लागू होती है। वे साधारण-सी जगहों के बारे में अपने अनुभवों को इतने दिलचस्प तरीके से लिखते हैं कि पाठकों के दिमाग पर शब्द चित्रों के रूप में अंकित हो जाते हैं। सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय ने अपनी यात्राओं के आधार पर संस्मरण लिखा 'अरे यायावर रहेगा याद'। उन्होंने इस किताब में पूर्वोत्तर के कुछ ऐसे इलाकों, कस्बों, जंगलों, माजुली जैसे द्वीप के बारे में बताया, जहां के बारे में उत्तर भारत के लोग नहीं जानते या फिर बहुत कम जानते हैं। उत्तर भारत के लोगों के मन में पूर्वोत्तर के प्रति जो डर है, उसे ट्रैवलर और राइटर खत्म करना चाहते हैं, ताकि उनमें यह विश्र्वास पैदा हो सके कि घूमने के लिहाज से पूर्वोत्तर के राज्य बेहद सुरक्षित हैं। वरिष्ठ लेखक विश्र्वनाथ त्रिपाठी ने किताब लिखी 'नंगातलाई का गांव'। हालांकि यह काल्पनिक किताब है पर किताब में गांवों की प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ आम लोगों की स्थिति, गरीबी के बारे में त्रिपाठी जी ने इतना सजीव चित्रण किया कि आज भी पर्यटक नंगातलाई का गांव ढूंढ़ते हैं। विश्र्वनाथ त्रिपाठी कहते हैं, 'मुझे लगता है कि जब आदमी पुरानी यादों या फिर आम लोगों के बारे में साधारण, लेकिन सच्ची बातों को लिखता है, तो उसका विवरण वह दिल से करता है। फिर उस गांव या शहर को देखने की चाह लोगों में पैदा हो जाती है।' त्रिपाठी जी से दशकों पहले महान साहित्यकार राहुलसांकृत्यायन ने बस, घोड़े और कभी पैदल चलकर हिमाचल के किन्नौर की यात्रा की और लिखा 'किन्नर देश में'। इसी तरह अज्ञेय ने एक फौजी ट्रक हांकते हुए पूर्वोत्तर की यात्रा की थी और लिखा 'अरे यायावर रहेगा याद'। ये किताबें आज भी भारत की दस सर्वश्रेष्ठ यात्रा संस्मरणों में शुमार हैं।

# ग्राम पंचायत कमेला : सुशासन, स्वच्छता और नवाचार का जीवंत उदाहरण

**मध्यप्रदेश से आए सरपंचों व पंचायत प्रतिनिधियों ने एक्सपोजर विजिट में की मुक्त कंठ से सराहना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । विकास की मजबूत सोच और ज़मीनी क्रियान्वयन की मिसाल बन चुकी ग्राम पंचायत कमेला एक बार फिर चर्चा का केंद्र बनी, जब मध्यप्रदेश से आए सरपंचों, क्षेत्र प्रमुखों एवं पंचायत सचिवों के प्रतिनिधिमंडल ने यहां एक्सपोजर विजिट किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, सुव्यवस्थित प्रशासनिक ढांचे और जनहित में किए जा रहे नवाचारी कार्यों को देखकर आगंतुक प्रतिनिधि अत्यंत प्रभावित दिखाई दिए। एक्सपोजर विजिट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय, प्रधान कार्यालय, आधुनिक एवं ज्ञानवर्धक सुविधाओं से युक्त पंचायत लाइब्रेरी, पंचायत सचिव कार्यकाल, पंचायत सहायक कार्यालय, दो बेसिक विद्यालयों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का अवलोकन किया। स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था, कार्यालयों की पारदर्शी कार्यप्रणाली, शिक्षा को बढ़ावा देने वाली लाइब्रेरी और स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ संरचना ने प्रतिनिधियों को विशेष रूप से प्रभावित किया।प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत कमेला द्वारा किए गए कार्यों की खुले मन से प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां दिखाई दे रहा विकास ग्रामीण भारत के लिए एक आदर्श मॉडल है। उन्होंने माना कि सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर योजना, जनसहभागिता और जिम्मेदार नेतृत्व के कारण कमेला पंचायत ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणादायी हैं। प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि वे यहां से मिली सीख को अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लागू करेंगे। मध्यप्रदेश से आए प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत की कार्यशैली को सुशासन, अनुशासन और समर्पण का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कमेला ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सोच स्पष्ट हो और कार्य ईमानदारी से किए जाएं, तो गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना पूरी तरह संभव है। एक्सपोजर विजिट के अंत में प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत के समस्त कार्यों की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों की पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्रोत बताया।

## स्पोर्ट्स मीट उड़ान खेल कौशल,शारीरिक फिटनेस प्रदर्शन का अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित आठवीं स्पोर्ट्स मीट ''उड़ान'' के अठारहवें दिन कंपनी बाग एवं सिविल लाइन शाखा में प्रारंभिक वर्ग के बच्चों के लिए कलरिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।साथ ही,बालाजी सत्य प्रेमी नगर एवं बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में सभी हाउसेस की इंट्रा,इंटर सैक रेस ग्रुप ए ,इंटर टेबल टेनिस ग्रुप सी प्रतियोगिता एवं कबड्डी बॉयज गर्ल्स प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें सीनियर,जूनियर दोनों वर्ग के बच्चों भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया उन्होंने अपनी पूरी ताकत और ऊर्जा के साथ खेला और सामने वाले खिलाड़ी को पछाड़ दिया और उन्होंने अपनी गति का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सबको पीछे छोड़ दिया।इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल,शारीरिक फिटनेस और टीम वर्क दिखाने का मौका देना है। इससे खिलाड़ियों को अपने खेल को और अच्छा बनाने में मदद मिलती है।बालाजी का बचपन सत्य प्रेमी ब्रांच में आयोजित प्रतियोगिताएं में सैक रेस ग्रुप ए प्रतियोगिता में लड़कों में कंपैशन हाउस से प्रथम स्थान कृतार्थ इनोवेशन हाउस से



द्वितीय स्थान श्रीखंड क्रिएटिविटी हाउस से तृतीय स्थान सिद्धांत विजेता रहे।सैक रेस ग्रुप ए से लड़कियों में क्रिएटिविटी हाउस से प्रथम स्थान राशि इनोवेशन हाउस से द्वितीय स्थान फरवा क्रिएटिविटी हाउस तृतीय स्थान असरा विजेता रहे कबड्डी प्रतियोगिता में टीम बी से लड़कों में सात्विक पांडे,कृष्णा शुक्ला, देवांश मिश्रा,अगम तिवारी, जकारिया, विनायक गुप्ता,यश पटेल,अब्बू हमजा,अंश पाठक, आदित्य सिंह विजेता रहे।टीम ए में लड़कियों से अमानत,अश्लेषा, भव्या,अरीबा,अलंकृत,आद्रिका शुक्ला,अंशिका गुप्ता,शॉन वर्मा आद्रिका तिवारी,मान्या तिवारी विजेता रहे।बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में आयोजित प्रतियोगिता मेंसैक प्रतियोगिता लड़कों में हार्मनी हाउस से प्रथम स्थान हम्ज़ा इंटीग्रिटी हाउस से द्वितीय स्थान ओम करेज हाउस से तृतीय स्थान आदर्श विजेता रहे।सैक रेस प्रतियोगिता लड़कियों मे विजडम हाउस से प्रथम स्थान मानवी विजडम हाउस से द्वितीय स्थान दिशा विजडम हाउस से दिव्याशी विजेता रहे।टेबल टेनिस ग्रुप सी में हार्मनी हाउस से प्रथम स्थान हर्षित सिंह इंटीग्रिटी हाउस से द्वितीय स्थान अभय वर्मा विजडम हाउस से तृतीय स्थान अदनान विजेता रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में लड़कियों से टीम बी बुशरा अंसारी, रश्मि यादव, रिया सिंह, अन्वेषा वर्मा,अर्ध्या यादव,रागिनी कश्यप, मुसनक यादव, आद्या सुभोध विजेता रहे। टीम ए में नबा खान, इशिता यादव, अर्चना भारती, सृष्टि यादव,दीप्ति यादव, अनुराधा भारती, अरिबा खान उपविजेता रहे।कबड्डी प्रतियोगिता लड़कों में टीम ए से अदनान, शिवांश वर्मा, रौनक वर्मा, आर्यन यादव,कृष्णा यादव, प्रशांत सारस्वत, उमर मुख्तार अंसारी,लक्ष्य यादव1, हर्षित सिंह, समर्थ शुक्ला विजेता रहे। टीम बी में अनूप सिंह, लक्ष्य यादव 2, मोहम्मद समीर,अभिषेक मौर्य, अलहमद मिर्ज़ा, आर्यनसिंह,अल्कामावली, मोहम्मद तबरेज़, प्रथम कश्यप उपविजेता रहे। टाइम्स पब्लिक स्कूल कंपनी बाग में आयोजित प्रतियोगिता मे कक्षा प्ले ग्रुप में कलरिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रुद्वेद त्रिपाठी द्वितीय स्थान सफवान हसन तृतीय स्थान कार्तिकेय यादव कंसोलेशन पुरस्कार ज़ुर्नेशिा वेदांत पाठक कविश गोस्वामी शौर्य कुशवाहा कक्षा अपर प्ले ग्रुप में कलरिंग प्रतियोगिता प्रथम स्थान मोहम्मद सुहान द्वितीय स्थान समरा शेख तृतीय स्थान उम्मे ज़ैनब कंसोलेशन पुरस्कार शाद हुसैन, अरुही यादव, तान्या सिंह ,स्वास्तिक मिश्रा, अथर्व प्राप्त किया ।कक्षा लोअर किंडरगार्टन कलरिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एलिस राथौर द्वितीय स्थान अतुल्या पटेल तृतीय स्थान आयज़ा खान कंसोलेशन पुरस्कार अनाया तिवारी मोहम्मद गनी अनाया श्रीवास्तव अवंतिका सिंह आद्या राय विजेता रहे। बालाजी किड्स आ प्ले स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में प्ले ग्रुप कलरिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान,नितिजा नितिन श्रीवास्तव, तीसा सेठ द्वितीय स्थान दर्श पोद्दार,समीक्षा सोनी तृतीय स्थान रेवांश निगम सम्राट सोनी विजेता रहे।विद्यालय के निदेशक अंकुर माथुर , चारों शाखाओं की प्रधानाध्यापकों द्वारा सभी विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।

## बीएचयू के वैज्ञानिकों ने

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सेंटर फॉर जेनेटिक डिसऑर्डर्स में गुरूवार को एक दिवसीय विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सरकारी और दूरदराज के क्षेत्रों के स्कूलों से 75 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

इस कार्यशाला में डॉ. चंदना बसु (वैज्ञानिक, सीजीडी) ने छात्रों को डीएनए की आकर्षक दुनिया से परिचित कराया। डॉ. प्रज्ञा वर्मा ( वैज्ञानिक, जूलॉजी विभाग बीएचयू) ने छात्रों को उनकी जैविक घड़ी के काम करने के तरीके के बारे में बताया। डॉ. पुरबी सैकिया (सहायक प्रोफ़ेसर, बॉटनी विभाग )ने हर्बेरियम तकनीकों और उनके महत्व के बारे में सिखाया। छात्रों ने इन प्रयोगों को स्वयं किया और विशेषज्ञों से सवाल भी किया। छात्रों को जूलॉजी विभाग के जूलॉजिकल म्यूजियम और विज्ञान संस्थान के बॉटनी विभाग के डिजिटल हर्बेरियम में भ्रमण कराया गया।

## टैक्स नहीं तो ताला तय! बकायेदारों पर नगर निगम का कहर, दूसरे दिन भी कई शोरूमऽमार्केट सील

बरेली। नगर निगम के टैक्स विभाग ने संपत्ति कर के बकायेदारों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई छेड़ दी है। करोड़ों रुपये के बकाया पर कुंडली मारे बैठे भवन मालिकों के खिलाफ निगम की सीलिंग ब्रिगेड मैदान में उतर आई है। शहर के प्रमुख शोरूम और मार्केटों में ताले जड़ दिए गए, जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया। जोन-2 और जोन-4 में गुरुवार को एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए निगम टीम ने कई बकायेदार संपत्तियों को सील कर दिया। कार्रवाई इतनी सख्त रही कि मौके पर ही भवन स्वामियों को जेब ढीली करनी पड़ी। चीफ टैक्स ऑफिसर पीके द्विवेदी ने बताया कि जोन-2 के कानूनगोयान स्थित एक कॉमर्शियल शोरूम पर 8.13 लाख रुपये का टैक्स बकाया था। सीलिंग होते ही भवन स्वामी ने मौके पर एक लाख रुपये जमा कर दिए। इसी तरह आजमनगर स्थित सराय खाम में हुसैन खां उर्फ दुलारा खां की कपड़ा मार्केट पर तीन लाख रुपये से अधिक बकाया था।

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण, जीवन यापन के कौशल गुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज बरदरी,में चल रहे पांच दिवसीय भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण के चौथे दिन छात्र-छात्राओं को टेंट बनाने और आपातकालीन स्थितियों में जीवन यापन के कौशल सिखाए गए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को विषम परिस्थितियों के लिए तैयार करना है।प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को सिखाया गया कि आपातकालीन परिस्थितियों में कैसे टेंट बनाया जाए, उसमें कैसे रहा जाए और भोजन कैसे तैयार किया जाए। उन्हें यह भी बताया गया कि टेंट बनाने के लिए किन सामग्रियों की आवश्यकता होती है और इसे घर के रूप में कैसे उपयोग किया जा सकता है।प्रशिक्षक सत्यदेव ने रिपोर्टिंग, सेल्यूटिंग, स्काउट गाइड



प्रार्थना, झंडा गीत और नियम प्रतिज्ञा के साथ-साथ गांठ बांधने जैसे महत्वपूर्ण हुनर भी प्रशिक्षुओं को सिखाए। यह सभी कौशल आपातकालीन प्रबंधन में सहायक होते हैं।इस अवसर पर महाविद्यालय के डीएलएड शिक्षक, विभागाध्यक्ष और प्राचार्य डॉ. गयाप्रसाद दुबे, अनुपम जायसवाल, अंशू वर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## वाईएस लोहित बने उच्च न्यायालय के सीनियर एडवोकेट, उप-मुख्यमंत्री ने दी बधाई





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। इण्डियन एसोसिशन ऑफ लायर्स के राष्ट्रीय महासचिव सीनियर अधिवक्ता वाई.एस लोहित को उच्च न्यायालय मे सीनियर अधिवक्ता नियुक्त किये जाने के बाद अधिवक्ताओ द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कार्यक्रम मे मौजूद रहे। मानस सलब्रेशन लॉन मे आयोजित कार्यक्रम मे माननीय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी, श्रीप्रकाश सिंह, बी0आर सिंह सहित राम मनोहर नारायण मिश्रा मौजूद रहे। जनपद से भी अधिवक्ताओ ने कार्यक्रम मे शिरकत की। सीनियर अधिवक्ता श्री लोहित ने 23 अप्रैल 1978 से वकालत की शुरुआत की थी। मूल रुप से बस्ती जिले के निवासी श्री लोहित वर्तमान मे इण्डियन एसोसिशन ऑफ लायर्स के प्रदेश अध्यक्ष भी है। वकालत मे महारत हासिल करने के साथ 1992 से लेकर 2021 तक उनके द्वारा जे0टी0आर0आई लखनऊ मे सिविल जजो को ट्रेनिंग दिये जाने मे भी अपना योगदान दिया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री पाठक ने अपने सम्बोधन मे कहा कि सीनियर अधिवक्ता श्री लोहित से हमारा बहुत पुराना कालेज समय का रिश्ता है। एक ही हास्टल मे सीनियर के रुप मे मैने श्री लोहित को पाया था। उस समय भी श्री लोहित पढ़ने मे अव्वल थे। इसके बाद सीनियर अधिवक्ता श्री लोहित को शाल पहनाकर व बूके देकर सभी ने स्वागत किया। गैर जनपदो से भी अधिवक्ताओ का समूह बधाई देने के लिये पहुंचा था। बाराबंकी जनपद से सीनियर अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने श्री लोहित उपहार व बूके देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर सीनियर अधिवक्ता सतीश चन्द्र मिश्रा, अवध बार अध्यक्ष पंडित एस0 चन्द्रा, महामंत्री ललित तिवारी, मुख्य महासचिव महेन्द्र राय, विजय प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार सिंह, सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की, शरद नन्दन ओझा, शिवानी मौर्या, श्याम सिंह, सरदार त्रिपत सिंह, नीरज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने जानी विकास कार्यों की हकीकत

हाथरस। क्षेत्र में लखनऊ से आए नोडल अधिकारी आईएएस विवेक कुमार ने सीडीओ पीएन दीक्षित और जिले के अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने नगर पंचायत सहपऊ के कंपोजिट गड्ढे, ग्राम पंचायत सुल्तानपुर, लोधई और धाधऊ में जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्यों की समीक्षा की। कोंकना कलां में अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया गया।

ग्राम लोधई में आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पंचायत सचिव की अनुपस्थिति और सफाईकर्मियों द्वारा नियमित सफाई न करने की शिकायत की। नोडल अधिकारी ने इन शिकायतों को गंभीरता से लिया। इसके बाद, उधैना गौशाला का निरीक्षण करते हुए आईएएस विवेक कुमार ने वहां टूटे हुए टिन शेड देखकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कर्मचारियों को तीन दिन के भीतर इन शेडों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। गौशाला में गायों को गुड़ भी खिलाया गया। कोंकना कलां में अमृत सरोवर मिशन के तहत हुए कार्यों में भी कुछ कमियां पाए जाने पर नोडल अधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। ग्राम लोधई के कंपोजिट विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया, जहां बच्चों से मिड-डे मील की गुणवत्ता और वितरण के बारे में पूछताछ की गई। गौशाला में गायों के लिए बने टिन शेड और उनके चारे की व्यवस्था का जायजा लेने के बाद, अधिकारियों ने गायों को सर्दी से बचाने के लिए तिरपाल लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने गौशाला के लिए कुछ आर्थिक सहायता भी दान की। मुख्य विकास अधिकारी पीएन दीक्षित ने ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे तीन दिन के भीतर गौशाला के टिन शेडों को ठीक कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्देशों का पालन न करने पर संबंधितों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रमुख रामकिशन सिंह, बीडीओ बीपी लवानिया, एडीओ पंचायत अनिल कुमार उपाध्याय, कोतवाली प्रभारी मयंक चौधरी पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

## नि:क्षय शिविर में हुई 82 श्रमिकों की निशुल्क जांच

निंद्रा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। औद्योगिक क्षेत्र स्थित कोका कोला कंपनी में आज टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित नि:क्षय शिविर में कंपनी में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में 60 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों के भी स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर विशेष रूप से जिला क्षय अस्पताल की ओर से आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक संचालित शिविर में 82 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें 45 लोगों के एक्सरे और 25 के बलगम टेस्ट किए गए, जो नेगेटिव पाए गए। शिविर में सभी प्रकार की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गई।इस मौके पर एक्स-राय टेक्निशियन इरफान व आदर्श कम्युनिटी वॉलिंटियर ,मोहम्मद फुरकान सुदेश आदि लोग उपस्थित रहे।

## निरीक्षण, अनुपस्थित शिक्षिका का कटेगा वेतन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड बनीकोडर के खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय पारसोला, अहमदपुर और देवकली विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय पर परसोला में सहायक अध्यापिका साधना उपाध्याय अनुपस्थित मिली। जिनका एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए। शिक्षा के गुणवत्ता और साफ सफाई में सुधार तथा बच्चों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े,स्वेटर पहनने के निर्देश दिए गए।

## एसडीएम की विशेष बैठक में मैपिंग के दिशा निर्देश

सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सिरौलीगौसपुर सभागार में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश विशेष पर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार व नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडेय ने क्षेत्र के सभी कोटेदारों के साथ एसआईआर मैपिंग में बचे हुए मतदाताओं की सूची पर विचार विमर्श कर और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।गुरुवार सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई इस बैठक में नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडे ने बताया कि गांव में अभी भी कुछ मतदाता ऐसे हैं जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई है। उन्होंने कोटेदारों को निर्देश दिया कि वे इन मतदाताओं से संपर्क करें और 2003 की सूची के आधार पर उनके माता-पिता, बाबा-दादी या नाना-नानी के नाम और क्रम संख्या की जानकारी एकत्र करें। यह जानकारी बीएलओ को देकर मैपिंग का कार्य पूरा करवाया जाए। उन्होंने कोटेदारों से इस कार्य में पूरी निष्ठा और मेहनत से जुटने का आह्वान किया।पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार ने जानकारी दी कि सिरौली गौसपुर क्षेत्र के सभी कोटेदारों को बुलाकर बचे हुए मतदाताओं की मैपिंग के लिए सूची सौंपी गई है। उन्होंने विशेष रूप से महिला मतदाताओं की मैपिंग के संबंध में निर्देश दिए। कोटेदारों से कहा गया कि वे महिला मतदाताओं से संपर्क कर उनकी मैपिंग उनके मायके से 2003 की सूची के आधार पर करवाएं।

## ‘पढ़ाई भी पोषण भी’ दूसरे चरण का शुभारंभ

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक सिरौलीगौसपुर सभागार में सीडीपीओ अर्चना वर्मा द्वारा आयोजित ‘पढ़ाई भी पोषण भी’ कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ आज जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश मिश्रा, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, मंडल महामंत्री अमित भैया, राम जी प्रधान, दयाशंकर शुक्ल, रविंद्र अवस्थी और विकास मौर्य सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए आयोजित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश मिश्रा ने गुरुवार को ब्लॉक सभागार में कार्यकत्रियों को संबोधित करते हुए इसकी जानकारी दी।मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों में 0 से 3 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन प्रदान करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, दिव्यांग बच्चों सहित 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बातदेखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) को बढ़ावा देना भी इसका लक्ष्य है। 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ पोषण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने बताया कि ‘पढ़ाई भी पोषण भी’ कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित कर उन्हें और अधिक कुशल बनाया जा रहा है, जिससे वे बच्चों के भविष्य निर्माण में बेहतर योगदान दे सकें।इस मौके पर सुपर वाइजर अर्चना सिंह, ज्योति सिंह, रेनू वर्मा,मधु सिंह सहित रामनगर व सिरौलीगौसपुर की आँगनबांड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

## अजपुरा-मोहना में विद्युत कैंप, बकाएदारों के कटे कनेक्शन

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हरख विकासखंड की ग्राम पंचायत अजपुरा और मोहना में गुरुवार को विद्युत विभाग द्वारा विशेष कैंप लगाए गए। इन कैंपों में अधिक बिल बकायादारों से बिजली बिल जमा कराए गए और लाउडस्पीकर के माध्यम से उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया।

इस संबंध में जैदपुर उपखंड अधिकारी शिवेंद्र मोहन ने बताया कि सरकार की पहल पर बकायादारों को कैंप में बुलाकर जागरूक किया गया और उनसे बकाया बिल जमा कराए गए। जिन अधिक बकायादारों ने बिल जमा नहीं किया, उनके कनेक्शन भी काटे गए।

यह कार्रवाई अवर अभियंता मिर्ज़ा परवेज हुसैन के नेतृत्व मेंकी गई।अजपुरा गांव में श्रवण कुमार उर्फ पुल्ली और उनके सहयोगियों ने कैंप लगाकर करीब 70 हजार बिल वसूले और कनेक्शन काटे भी। वहीं, अवर अभियंता मिर्ज़ा परवेज हुसैन ने मोहना ग्राम पंचायत में कैंप लगाकर बकाया विद्युत बिलों की वसूली की।

## सभी एसडीएम सप्ताह में एक दिन करें प्रवर्तन कार्यवाहीऽडीएम शंशाक

**राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण कड़े निर्देश**

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में आयोजित राजस्व कार्यों, कर-करेत्तर एवं प्रवर्तन कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक के दौरान श्री त्रिपाठी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति, प्रवर्तन कार्यों की स्थिति तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कर वसूली एवं प्रवर्तन से जुड़े समस्त कार्य लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं। राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलों में लंबित वादों की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर वादों के निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी उपजिलाधिकारी सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, अवैध खनन, खाद्य सुरक्षा, गन्ना तौल केंद्रों, धान क्रय केंद्रों तथा नहरों में कराई जा रही सिल्ट सफाई से संबंधित कार्यों में प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से वैध रूप से संचालित अस्पतालों की सूची प्राप्त कर संबंधित चिकित्सा अधीक्षकों के साथ अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के विरुद्ध सीलिंग की कार्यवाही प्रभावी ढंग से की जाए।

जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के प्रवर्तन कार्यो की समीक्षा के दौरान कहा कि प्राय: यह देखने मे आता है कि परिवहन की अनुबंधित बसें बिना स्टॉप के चौराहों पर सवारियों को बैठाने के लिए रुक जाती है जिससे जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है इसके सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही करते हुए ऐसे चालको व परिचालकों पर जुर्माने की वसूली की जाए।डीएम श्री त्रिपाठी ने कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली में लक्ष्य के सापेक्ष 90 प्रतिशत से कम प्राप्ति वाले विभागों को पत्राचार के कड़े निर्देश दिए हैं?।

## दुधिया खुर्द मुजफ्फरनगर खेत में मिले बाघ के पदचिह्न, इलाके में दहशत

पूरनपुर।तहसील क्षेत्र के दूधिया खुर्द और मुजफ्फरनगर के बीच स्थित एक फार्म हाउस के पास खेत में बाघ के पदचिह्न मिलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे स्थानीय किसान ने खेत में बने बाघ जैसे बड़े पदचिह्न देखे। उसने तुरंत इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की। वीडियो वायरल होते ही आसपास के गांवों में भय का माहौल बन गया। किसान खेतों में जाने से कतराने लगे हैं और बच्चों को अकेले बाहर न निकलने की सलाह दी जा रही है।

## धनाराघाट शारदा नदी पर 25 दिसंबर से पेंटून पुल शुरू होने की उम्मीद है

पूरनपुर।हजारा थाना क्षेत्र के धनाराघाट शारदा नदी पर बनने वाले पेंटून पुल का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने के कारण क्षेत्रीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन की ओर से हर वर्ष 15 अक्टूबर तक पेंटून पुल का निर्माण पूर्ण कर आवागमन सुचारु कराने के स्पष्ट निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन इस वर्ष तय समय सीमा के काफी बाद दिसंबर माह में निर्माण कार्य शुरू किया गया। इससे लोगों में रोष और नाराजगी देखी जा रही है। पेंटून पुल न बनने के कारण नदी के दोनों ओर बसे गांवों के लोगों को लंबा चक्कर लगाकर आवागमन करना पड़ रहा है। खासकर किसानों, छात्रों और मरीजों को अधिक दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर पुल न बनने से व्यापार और खेती पर भी असर पड़ा है। गुरुवार सुबह 11 बजे मिली जानकारी के अनुसार संबंधित विभाग द्वारा बताया गया है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो 25 दिसंबर से पेंटून पुल चालू होने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने कार्य में तेजी लाने की मांग की है।





# श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत, सूर्यकुमार के प्रदर्शन पर होगी निगाह

एजेंसी



अहमदाबाद। चयन को लेकर उठे सवालों और कुछ कमजोरियों के उजागर होने के बीच भारत शुक्रवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चुनौतीपूर्ण श्रृंखला का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगा। टेस्ट श्रृंखला में 0-2 से हारने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए वनडे श्रृंखला जीती। अब उसने टी20 श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली है, क्योंकि बुधवार को लखनऊ में खराब मौसम के कारण चौथा मैच रद्द कर दिया गया था। यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस श्रृंखला को हार नहीं सकता है जो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के दो प्रमुख खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव तथा टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्यकुमार की फॉर्म भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने टी20 में इस साल 20 मैचों में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए। गिल का छोटे प्रारूप में नहीं चल पाना भी भारत के लिए अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले चिंता का विषय होगा। वह पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगी क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प मौजूद है। सैमसन निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने अपने तीनों टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक शीर्ष क्रम पर खेलते हुए बनाए हैं। अंतिम मैच में गिल की अनुपलब्धता की स्थिति में मौका मिलने पर केरल का यह विकेटकीपर-बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। इसके अलावा भारतीय टीम संतुलित नजर आती है क्योंकि दोनों ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे अब तक खेले गए तीनों मैचों में अंतिम एकादश में शामिल रहे हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं। यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस श्रृंखला में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती (छह विकेट) के लिए चुनौती पेश करेगी। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है। अगर उसे श्रृंखला बराबर करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम रीजा हेंड्रिक्स की जगह एडेन मार्क्रम को शीर्ष क्रम में वापस लाने पर विचार कर सकती है। रीजा हेंड्रिक्स इस दौरे पर अपनी लय हासिल नहीं कर पाए हैं।

# लैथम और कॉनवे की रिकॉर्ड साझेदारी से न्यूजीलैंड मजबूत स्थिति में

एजेंसी



माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड)। कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे के बीच पहले विकेट के लिए रिकार्ड साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन गुरुवार को एक विकेट पर 334 रन बनाए। पहले दिन का खेल समाप्त होने से तीन ओवर पहले लैथम 137 रन बनाकर आउट हो गए। स्टंप उखड़ने के समय कॉनवे 178 रन पर खेल रहे थे जबकि नाइटवॉचमैन जैकब डफी ने नौ रन बनाए थे। लैथम और कॉनवे ने पहले विकेट के लिए 323 रन जोड़े जो न्यूजीलैंड की तरफ से पहले विकेट के लिए दूसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। यह 2025 में किसी भी टीम की तरफ से किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। लैथम ने दूसरी नई गेंद आने के तुरंत बाद स्लिप में कैच देने से पहले 245 गेंदों का सामना किया तथा 15 चौके और एक छक्का लगाया। कॉनवे ने अब तक 279 गेंदों का सामना किया है और उन्होंने 25 चौके लगाए हैं। उन्होंने दिन भर बल्लेबाजी की जिससे वह अपने सर्वोच्च टेस्ट स्कोर (2021 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में बनाए गए 200 रन) के करीब पहुंच गए हैं। लैथम का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला साहसिक था क्योंकि बे ओवल की पिच हरी थी। वेस्टइंडीज के गेंदबाज हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाए तथा लैथम और कॉनवे ने शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश करके फैसले को सही साबित करके कैरेबियाई टीम को बैकफुट पर भेज दिया। न्यूजीलैंड के लिए आखिरी बार दोनों सलामी बल्लेबाजों ने 2019 में टेस्ट मैच में शतक बनाए थे।

# लियोन ने मैकग्रा को पीछे छोड़ा, इंग्लैंड का संघर्ष जारी

एजेंसी



एडिलेड। नाथन लियोन के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन और इस मैच में वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस की शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां अपना पलड़ा भारी रखा। इंग्लैंड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में आठ विकेट पर 213 रन बनाए हैं और वह ऑस्ट्रेलिया से 158 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 371 रन बनाए थे। इंग्लैंड का दारोमदार कप्तान बेन स्टोक्स पर टिका है जो 151 गेंद पर 45 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े जोफ्रा आर्चर ने 30 रन बनाए हैं। इंग्लैंड का स्कोर एक समय आठ विकेट पर 168 रन था और लग रहा था कि उसकी पहली पारी दूसरे दिन ही समाप्त हो जाएगी लेकिन स्टोक्स और आर्चर दिन के अंतिम 14 ओवर में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इन दोनों ने अभी तक नौवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 326 रन से आगे बढ़ाई। आर्चर (53 रन देकर पांच विकेट) ने मिचेल स्टार्क (54 रन) को बोल्ड और लियोन (09) को पगबाधा आउट करके पारी में पांच विकेट पूरे किए। स्कॉट बोलैंड 21 गेंदों पर 14 रन बनाकर नाबाद रहे। लियोन ने अपने पहले ही ओवर में दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी सूची में मैकग्रा को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया। उन्होंने अब तक 51 रन देकर दो विकेट लिए हैं। कमिंस ने 54 रन देकर तीन जबकि बोलैंड ने 31 रन देकर दो विकेट लिए हैं। इस श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने वाले स्टार्क को 12 ओवर में अभी तक कोई विकेट नहीं मिला है। इंग्लैंड ने सहज शुरुआत की और एक समय उसका स्कोर बिना किसी नुकसान के 37 रन था। कमिंस ने जैक क्रॉली (09) को आउट करके श्रृंखला का अपना पहला विकेट लिया। इससे इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गई और उसने 15 गेंद और पांच रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। ऑफ स्पिनर लियोन को 10वें ओवर में गेंद सौंपी गई। उन्होंने चार गेंदों के अंदर ओली पोप (03) और बेन डकेट (29) को आउट कर दिया, जिससे इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 42 रन हो गया। उन्होंने पोप को एक घूमती हुई गेंद पर आगे बढ़कर खेलने के लिए मजबूर किया और उनके शॉट को जोश इंग्लिस ने मिडविकेट पर डाइव लगाते हुए कैच कर दिया। इससे उन्होंने तेज गेंदबाज मैकग्रा के 563 टेस्ट विकेटों की बराबरी कर ली। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर लियोन ने डकेट को बोल्ड किया और इस तरह से वह मैकग्रा से आगे निकल गए। टीवी कवरेज में स्टेडियम के कमेंट्री बूथ में बैठे मैकग्रा को नकली नाराजगी जताते हुए कुर्सी फेंकने का नाटक करते हुए दिखाया गया।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अब केवल महान शेन वार्न ही लियोन से आगे हैं। वार्न ने 1992 से 2007 तक 145 टेस्ट मैचों में 708 विकेट लिए। लियोन ने इस तरह से शानदार वापसी की। उन्हें ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच से बाहर रखा गया था। कमिंस ने जो रूट (19) को आउट किया, जबकि कैमरन ग्रीन ने अपनी तीसरी ही गेंद पर हैरी ब्रूक को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया जिससे चाय के विश्राम से ठीक पहले पांचवें विकेट के लिए उनकी 56 रन की साझेदारी टूट गई। ब्रूक ने 63 गेंदों में 45 रन बनाए। इस मैच में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) की भूमिका भी संदिग्ध रही है। जेमी स्मिथ (22) जब 16 रन पर थे तब उन्होंने स्लिप में खड़े उस्मान ख्वाजा को कैच दे दिया। मैदानी अंपायरों ने कैच का मामला टीवी अंपायर को सौंप दिया, जिन्होंने फैसला सुनाया कि गेंद ग्लव्स या बल्ले से नहीं बल्कि हेलमेट से लगकर स्लिप में गई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी इस फैसले से हैरान थे। इसी बल्लेबाज के खिलाफ कमिंस की गेंद बल्ले के निचले हिस्से से लगकर विकेटकीपर कैरी के पास पहुंची तो अंपायर ने उसे आउट करार दिया।

## भारतीय निशानेबाजी लीग में नई फ्रेंचाइजी शामिल

नयी दिल्ली। अगले साल 16 से 26 फरवरी तक होने वाली भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में गुरुवार को यूपी प्रोमेथियंस के रूप में नहीं फ्रेंचाइजी को शामिल किया गया। यह टीम नोएडा स्थित प्रोमेथियस स्कूल की है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में खेल की अपार संभावनाएं हैं तथा एक मजबूत शैक्षणिक और विकास के मूल मंत्र से से प्रेरित फ्रेंचाइजी के जुड़ने से लीग का महत्व बढ़ गया है। एसएलआई में पिस्टल, राइफल और शॉटगन की स्पर्धाओं में मिश्रित टीम प्रारूप में खेलने वाले शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी। इनमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) शामिल हैं। लीग चरण के लिए टीमों को दो वर्ग में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट राउंड के मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों का चयन चार श्रेणियों एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, राष्ट्रीय चैंपियन तथा जूनियर एवं युवा में किया जाएगा। इस तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टार खिलाड़ियों, भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं के संयोजन वाली टीम तैयार की जाएंगी।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20413-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22130-SLR-F1-AYC-LTT-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 19402-SLR-F1- LKO-SBIB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-6 (Parcel-Parcel Van) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3901/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# निसान मोटर की 7 सीटर एमपीवी ग्रेवाइट जनवरी में होगी लॉन्च, मार्च से शो रूम में मिलेगी

नई दिल्ली। निशान मोटर इंडिया ने अपनी नई कॉम्पैक्ट बी-एमपीवी ग्रेवाइट से पर्दा उठा दिया है। यह गाड़ी भारत में 2026 की शुरुआत में लॉन्च की जाएगी, जो मार्च 2026 से शो रूम में उपलब्ध होगी। हालांकि, कंपनी ने इसकी कीमत का खुलासा अभी नहीं किया है। यह भारत के लिए ब्रांड की रीफ्रेश्ड एवं स्ट्रेटजिक लाइन-अप के तहत लॉन्च किया गया पहला मॉडल होगा। इससे निसान के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के विस्तार को गति मिलेगी। निसान मोटर इंडिया ने गुरुवार को कहा कि अपनी महत्वाकांक्षी प्रोडक्ट ऑफेंसिव के तहत दूसरे मॉडल के रूप में जुलाई, 2024 में ग्रेवाइट की घोषणा की गई थी। ये कंपनी के विकास की गति को दिखाने वाला मॉडल है। कंपनी के प्रोडक्ट रोडमैप में 2026 की शुरुआत में ग्रेवाइट की लॉन्चिंग, 2026 के मध्य में टेक्टॉन और 2027 की शुरुआत में7-सीटर सी-एसयूवी की लॉन्चिंग शामिल है। इससे भारतीय ग्राहकों के लिए अपनी ऑफरिंग को विविध, मजबूत और रीवाइटलाइज करने की निसान की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है। कंपनी ने बताया कि केबिन में शानदार खुलेपन और खास क्लास-लीडिंग स्टोरेज इनोवेशन के साथ ग्रेवाइट परिवारों के सफर को खास बनाएगी। इसके हर पहलू को खास तौर पर विविधता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें पैसेंजर एवं कार्गो की अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से एडाप्ट करने वाली अल्ट्रा मॉड्यूलर सीटिंग है। इससे स्मार्ट तरीके से स्पेस यूटिलाइजेशन होता है, जो रोजाना के सफर के साथ-साथ फैमिली रोड ट्रिप के लिए भी सुगम है। 2026 की शुरुआत में ग्रांड डेब्यू के लिए तैयार ऑल न्यू ग्रेवाइट को चेन्नई स्थित प्लांट में मैन्युफैक्चर किया जाएगा। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा कि ऑल न्यू ग्रेवाइट बदलते भारतीय बाजार पर निसान मोटर इंडिया के नए सिरे से फोकस करने का सबूत है।

# इंडिगो ने रोजाना शुरू कीं 2,200 फ्लाइट्स खुद को मजबूत करने पर ध्यान केन्द्रित किया

एजेंसी




नई दिल्ली। विमानन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने गुरुवार को कहा कि एयरलाइन अपने फ्लाइट नेटवर्क को फिर से शुरू कर दिया है, अब रोजाना लगभग 2,200 उड़ानों का परिचालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि विमानन कंपनी का ध्यान अब खुद को मजबूत करने, मूल कारण का विश्लेषण और फिर से वापसी करने पर है। इंडिगो सीईओ का यह बयान एक संसदीय समिति द्वारा एयरलाइन की कड़ी आलोचना के कुछ घंटे बाद आया है, जिसने दिसंबर की शुरुआत में ऑपरेशनल दिक्कतों के कारण भारतीय एविएशन को लगभग ठप कर दिया था। पीटर एल्बर्स ने इंडिगो कर्मचारियों को एक वीडियो मैसेज में कहा कि एयरलाइन की टीमों ने मुश्किल समय में कंधे से कंधा मिलाकर काम किया और एक-दूसरे का साथ देते हुए बड़े नेटवर्क को धीरे-धीरे वापस पटरी पर लाया। उन्होंने बताया कि विमानन कंपनी के निदेशक मंडल ने मूल-कारण का विश्लेषण करने के लिए एक बाहरी विमानन विशेषज्ञ को भी नियुक्त किया है। उन्होंने कहा, ''9 दिसंबर को मैंने इंडिगो के परिचालन में स्थिरता आने की जानकारी साझा की थी। उसके बाद, आज 18 दिसंबर को हमने अपने नेटवर्क को 2,200 उड़ानों के साथ बहाल किया है। अब हम तीन चीजों, विमानन कंपनी को मजबूत करने, मूल कारण का विश्लेषण करने और फिर से वापसी करने ध्यान दे रहे हैं। पीटर एल्बर्स ने कहा कि हाल की दिक्कतों का सबसे बुरा दौर अब पूरी तरह से पीछे छूट गया है। एल्बर्स ने कहा कि वह नेतृत्व दल के साथ कई स्थानों की यात्रा करेंगे, ताकि कर्मचारियों से मिल सकें और व्यवधानों के दौरान उन्हें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उन्हें समझ सकें। ये वे कर्मचारी हैं जिन्होंने व्यापक व्यवधान के दौरान जमीनी स्तर पर काम किया था। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलट के 'ड्यूटी' के समय एवं आराम संबंधी नए नियमों को लागू करने में विफलता और कर्मचारियों की कमी के कारण इंडिगो ने एक से नौ दिसंबर के बीच हजारों उड़ानें रद्द कर थी। ये नियम एक नवंबर से लागू किए गए थे। डीजीसीए की एक समिति भी इंडिगो में परिचालन संबंधी व्यवधानों की जांच कर रही है। इसके अलावा, इस महीने की शुरुआत में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने के बाद सरकार ने इंडिगो के मौजूदा शीतकालीन कार्यक्रम (शेड्यूल) में 10 फीसदी की कटौती कर दी है।

उल्लेखनीय है कि घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो में परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण इस महीने की शुरुआत में उसकी हजारों उड़ानें रद्द हुईं, जिससे देशभर में हवाई अड्डे पर लाखों यात्रियों को असुविधा और कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाडियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ी सं. 04696/04695 अमृतसर – बांद्रा टर्मिनस – अमृतसर आरक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** (04 फेरे)

| गाड़ी सं. 04696 आगमन | गाड़ी सं. 04696 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04695 आगमन | गाड़ी सं. 04695 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:20 | अमृतसर | 20:30 | ---- |
| 11:00 | ---- | बांद्रा टर्मिनस | ---- | 14:00 |

चलने के दिन: 04696 अमृतसर से दिनांक 23.12.2025 एवं 27.12.2025 को और 04695 बांद्रा टर्मिनस से दिनांक 24.12.2025 एवं 28.12.2025 को।

ठहराव: ब्यास, जलंधर शहर, लुधियाना जं., अंबाला छावनी, पानीपत जं., दिल्ली सफदरजंग, मथुरा जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., वडोदरा जं., भरूच जं., सूरत, वलसाड़, वापी एवं बोरीवली स्टेशन।

स्थान: प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04002/04001 नई दिल्ली – मुंबई सेंट्रल – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** (08 फेरे)

| गाड़ी सं. 04002 आगमन | गाड़ी सं. 04002 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04001 आगमन | गाड़ी सं. 04001 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:40 | नई दिल्ली | 20:50 | ---- |
| 21:00 | ---- | मुंबई सेंट्रल | ---- | 23:30 |

चलने के दिन: 04002 नई दिल्ली से दिनांक 20, 23, 26 एवं 29.12.2025 को और 04001 मुंबई सेंट्रल से दिनांक 21, 24, 27 एवं 30.12.2025 को।

ठहराव: मथुरा, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।

स्थान: प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. 3 टियर इकॉनोमी एवं शयनयान श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04078/04077 नई दिल्ली – कामाख्या जं. – नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** (06 फेरे)

| गाड़ी सं. 04078 आगमन | गाड़ी सं. 04078 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04077 आगमन | गाड़ी सं. 04077 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:15 | नई दिल्ली | 08:20 | ---- |
| 10:30 | ---- | कामाख्या जं. | ---- | 14:00 |

चलने के दिन: 04078 नई दिल्ली से दिनांक 20, 25 एवं 30.12.2025 को और 04077 कामाख्या जं. से दिनांक 22, 27.12.2025 एवं 01.01.2026 को।

ठहराव: गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोच बिहार, कोकराझार, न्यू बंगाईगाँव, बरपेटा रोड एवं रंगिया जं. स्टेशन।

स्थान: वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**रेलगाड़ी सं. 05905/05906 डिब्रुगढ़ – लखनऊ जं. – डिब्रुगढ़ विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** (02 फेरे)

| गाड़ी सं. 05905 आगमन | गाड़ी सं. 05905 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05906 आगमन | गाड़ी सं. 05906 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:00 | डिब्रुगढ़ | 05:30 | ---- |
| 16:30 | ---- | लखनऊ जं. | ---- | 23:30 |

चलने के दिन: 05905 डिब्रुगढ़ से दिनांक 19.12.2025 को और 05906 लखनऊ जं. से दिनांक 23.12.2025 को।

ठहराव: न्यू तिनसुकिया, शिमलगुड़ी जं., मरियानी जं., फरकाटिंग जं., डिमापुर, लामडिंग जं., होजाई, चापरमुख जं., जगी रोड, गुवाहाटी, कामाख्या जं., रंगिया जं., बरपेटा रोड, न्यू बंगाईगाँव जं., फकिराग्राम जं., न्यू कोचबिहार, अलीपुरद्वार जं., न्यू माल जं., सिलीगुड़ी जं., न्यु जलपाईगुड़ी, अलुआबाड़ी रोड जं., किशनगंज, बारसोई जं., कटिहार जं., नौगछिया, खगड़िया, बेगुसराय, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., छपरा, सीवान जं., गोरखपुर जं., गोंडा जं., बाराबंकी जं., स्टेशन। स्थान: शयनयान श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 06043/06044 कोयम्बत्तूर जं. – हरिद्वार जं. – कोयम्बत्तूर जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** (02 फेरे)

| गाड़ी सं. 06043 आगमन | गाड़ी सं. 06043 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 06044 आगमन | गाड़ी सं. 06044 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:15 | कोयम्बत्तूर जं. | 04:00 | ---- |
| 17:00 | 17:10 | हजरत निजामुद्दीन | 03:15 | 03:25 |
| 00:05 | ---- | हरिद्वार जं. | ---- | 22:30 |

चलने के दिन: 06043 कोयम्बत्तूर जं. से दिनांक 24.12.2025 को एवं 06044 हरिद्वार जं. से दिनांक 30.12.2025 को।

ठहराव: पालक्काड जं., षोरणूर जं., कोषिक्कोड, कण्णूर, मंगलूरु जं., उडुपि, कुन्दापूरा, मूकांबिका रोड बैन्दूर, कारवार, मडगांव जं., थिविम, रत्नागिरी, चिपलूण, रोहा, पनवेल, वसई रोड, उधना जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., मथुरा जं., हजरत निजामुद्दीन, गाज़ियाबाद एवं रूड़की स्टेशन।

स्थान: वाता. 3 टियर, वाता. 3 टियर इकॉनोमी एवं शयनयान श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 09497/09498 साबरमती बीजी– शकूर बस्ती – साबरमती बीजी सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (विशेष किराये पर)** (04 फेरे)

| गाड़ी सं. 09497 आगमन | गाड़ी सं. 09497 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 09498 आगमन | गाड़ी सं. 09498 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:55 | साबरमती बीजी | 12:20 | ---- |
| 15:15 | ---- | शकूर बस्ती | ---- | 21:00 |

चलने के दिन: 09497 साबरमती बीजी से दिनांक 22.12.2025 एवं 24.12.2025 को और 09498 शकूर बस्ती से दिनांक 23.12.2025 एवं 25.12.2025 को।

ठहराव: महेसाणा जं., पालनपुर जं., आबू रोड, मारवाड़ जं., अजमेर जं., जयपुर जं., अलवर जं., रेवाड़ी जं., गुड़गांव एवं दिल्ली छावनी स्टेशन।

स्थान: वाता. 3 टियर।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संसद में विधेयक की प्रति फाड़कर विपक्ष के सांसदों ने लोकतंत्र को कलंकित किया: शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को संसद में विकसित भारतः रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) ( वीबी-जी राम जी) विधेयक की प्रति फाड़ने पर कंग्रेस और इंडिया गठबंधन के सांसदों के आचरण की आलोचना करते हुए इसे लोकतंत्र को कलंकित करने वाला बताया।

श्री चौहान ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज लोकसभा में विपक्षी दल कंग्रेस और इंडिया गठबंधन के सांसदों के आचरण से संसदीय मर्यादाएं तार-तार हुई हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपने कृत्य से लोकतंत्र को भीड़तंत्र और गुंडातंत्र में बदला है।



श्री चौहान ने कहा, '' आप जानते हैं कि विकसित भारतः रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) ( वीबी-जीरामजी) विधेयक पर चर्चा थी। संसद में बुधवार को इस विधेयक पर चर्चा शुरू हुई, हमने पूरी गंभीरता से माननीय सांसदों की बातें सुनीं, क्योंकि चर्चा ही लोकतंत्र की प्राण है। लेकिन विपक्ष द्वारा जैसा अमर्यादित आचरण का प्रदर्शन हुआ, कागज फाड़कर उछाले गए, तो क्या ये बापू का अपमान नहीं है। मैं उनके इस कृत्य का घोर निंदा करता हूं। श्री चौहान ने कहा कि गरीब कल्याण... यह भाजपा का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नहीं अनेकों योजनाएं लगातार गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने का काम कर रही हैं। जिससे 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। विकसित भारत के लिए, रोजगार और विकसित गांव... ये मोदी जी का संकल्प है। इस योजना में रोजगार के लिए जहां 100 दिन की गारंटी थी, अब वो बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। श्री चौहान ने कहा , ''इस योजना के तहत हमने एक संपूर्ण योजना बनाई, जिसमें विकसित गांव का स्वरूप क्या होगा। गांव में आधारभूत ढांचा, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, जल संरक्षण, आंगनबाड़ी भवन, आजीविका के काम, सड़क आदि विकास कार्यों की एक पूरी सूची है, ताकि गांव विकसित हो सके।अब मुझे समझ में नहीं आता है कि मानवीय दृष्टि से जिन चीजों का ध्यान रखा गया, उसमें भी इनको (विपक्ष) तकलीफ क्यों है। ये तकनीक के इस्तेमाल का भी विरोध करते हैं।'

# मनरेगा खत्म करने की साजिश है 'वीबी-जी-राम-जी' करेंगे सख्त विरोध : खरगे-प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि ''विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (संशोधन) विधेयक 2025' गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है जिसका सख्त विरोध किया जाएगा।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा में 'वीबी-जी-राम-जी (संशोधन) विधेयक 2025 के पारित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि ''यह बिल गरीबों के खिलाफ है। वह और उनकी पार्टी इस विधेयक का विरोध करेगी। इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा। जैसे ही इसका बोझ राज्यों पर पड़ेगा, यह योजना धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म करने वाले इस विधेयक का उनका



गठबंधन पूरी तरह से विरोध करेगा। सभी विपक्षी दल इस मुद्दे पर सहमत हैं और एकसाथ हैं। श्रीमती वाड्रा ने इस विधेयक को मनरेगा खत्म करने की योजना बताते हुए कहा ''100 दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है। इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा स्कीम खत्म हो जाएगी। जैसे ही बजट का बोझ राज्य सरकारों पर पड़ेगा, वैसे ही धीरे-धीरे मनरेगा बंद होने लगेगी। मनरेगा योजना देश के गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालातों में भी उनके साथ थी। यह विधेयक गरीब-मजदूरों के खिलाफ है, हम इसका सख्त विरोध करेंगे।'' इससे पहले कंग्रेस तथा विपक्षी दलों के नेताओं ने संसद भवन परिसर में इस विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए सरकार से इसे वापस लेने की मांग की। इस प्रदर्शन में कंग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, डीएमके के टीआर बालू समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन सहित कई दलों के सांसद शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद श्री खरगे ने कहा, ''यह मनरेगा का केवल नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी रोज़गार योजना की योजनाबद्ध हत्या है। नये विधेयक के जरिए भाजपा सरकार उस अधिकार को छीन रही है जो कंग्रेस ने दिया था। यह काम के अधिकार को छीनने की कोशिश है। यह एक बड़ा मुद्दा है और पिछड़े वर्ग, दलित वर्ग के साथ गरीबों के अधिकारों पर हमला है। हम लोगों के अधिकार के लिए हर राज्य और जिले में लड़ेंगे। ये सिर्फ महात्मा गांधी जी के नाम की बात नहीं है, बल्कि सवाल अधिकारों का भी है।''

## बुरा समय बीच चुका है: इंडिगो सीईओ

**नयी दिल्ली।** इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने गुरुवार को कहा कि बुरा समय बीत चुका है और 19 साल पुरानी विमान सेवा कंपनी को सिर्फ संकट के ''तीन दिन'' के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिये। श्री एल्बर्स ने कर्मचारियों के नाम जारी एक वीडियो संदेश में कठिन समय में साथ देने के लिए कर्मचारियों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ''बुरा समय अब पीछे छूट चुका है। कंपनी आज 2,200 उड़ानों का परिचालन कर रही है। यह टीमवर्क का नतीजा है। उन्होंने कहा कि अब एयरलाइंस तीन बातों पर फोकस कर रही है - खुद को मजबूत बनाना, मूल कारणों का विश्लेषण और पुनर्गठन। कंपनी ने दिसंबर के पहले सप्ताह में पैदा संकट की जांच के लिए विदेशी विशेषज्ञ की नियुक्ति की है। साथ ही वह खुद भी विभिन्न स्थानों का दौरा कर कर्मचारियों से मुलाकात करेंगे। वीडियो संदेश में श्री एल्बर्स ने बताया है कि मूल कारणों की विश्लेषण और कर्मचारियों के इनपुट से इंडिगो पहले से कहीं मजबूत और बेहतरीन बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा, ''हमने मिलकर 19 साल में जो बनाया है उसे सिर्फ तीन दिन (03-05 दिसंबर) के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिये। उल्लेखनीय है कि 03 दिसंबर से 05 दिसंबर तक और उसके बाद भी इंडिगो ने बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कीं। सबसे बुरा हाल 05 दिसंबर को रहा जब 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द की गयीं। उसने इसके लिए पायलटों की फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित नये नियमों और उसके अनुसार रोस्टरिंग में कंपनी विफलता को मुख्य कारण बताया था। सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है जो जांच कर रही है। इस बीच इंडिगो को अस्थायी तौर पर नाइट फ्लाइंग के नियमों में कुछ छूट भी दी गयी है। श्री एल्बर्स ने अपने वीडियो संदेश में कहा है कि संकट के बीच इंडिगो ने फिर से अपनी उड़ान हासिल कर ली है और यहां से सिर्फ आगे की ओर, ऊपर की ओर जायेगी।

## भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और सहयोग बढाने के आशय पत्रों का आदान-प्रदान किया

**नयी दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और रक्षा प्रौद्योगिकी तथा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए गुरुवार को यहां आशय पत्रों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील मौजूद थे। श्री सिंह ने यहां श्री वैन के साथ वार्ता की और दोनों देशों के बीच मजबूत तथा बढ़ती रक्षा साझेदारी की पुष्टि की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने रणनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सैन्य-से-सैन्य सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बातचीत के दौरान भारत और नीदरलैंड ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्र के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। मंत्रियों ने घनिष्ठ रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को खासकर विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में नीदरलैंड की राजदूत सुश्री मारिसा गेरारड्स ने रक्षा सहयोग पर आशय पत्र का आदान-प्रदान किया । दोनों देशों ने प्रौद्योगिकी सहयोग, प्लेटफॉर्म और उपकरणों के सह-उत्पादन तथा सह-विकास के लिए एक रक्षा औद्योगिक रोडमैप विकसित करके आपसी लाभ के लिए पहचाने गए क्षेत्रों में रक्षा सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने का इरादा व्यक्त किया। श्री सिंह ने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर संबंध बहुत मजबूत हैं जिसमें नीदरलैंड में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी एक सेतु के रूप में काम कर रहे हैं और दोस्ती के बंधन को मजबूत कर रहे हैं।

## प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का निधन, पंचतत्व में हुए विलीन

**नोएडा।** प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का बुधवार देर रात निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। श्री सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की जानकारी दी। श्री राम सुतार ने देर रात अपने नोएडा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका गुरुवार दोपहर को नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। श्री सुतार के पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान कई कलाकार और बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक मौजूद थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही सुबह से ही सेक्टर 19 स्थित उनके आवास पर शोक जताने एवं श्रद्धांजलि देने के लिए कई गणमान्य व्यक्ति राजनीतिक दलों के नेता और शहरवासी बड़ी संख्या में पहुंचने लगे। प्रख्यात मूर्तिकार सुतार का निधन कला जगत के लिए बड़ी क्षति है। श्री सुतार की पहचान सिर्फ एक कलाकार के तौर पर नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्मृतियों को आकार देने वाले शिल्पकार के रूप में थी। उनकी कला ने देश को दुनिया में अलग मुकाम दिलाया। दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमाओं में शामिल गुजरात के केवड़िया में नर्मदा नदी किनारे स्थित 182 मीटर ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का डिजाइन उन्होंने ही तैयार किया था जिसने भारतीय शिल्प को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलायी। संसद परिसर में ध्यान में बैठे हुए महात्मा गांधी और घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाएं भी उन्होंने ही बनाई हैं। महाराष्ट्र के धुले ज़िले के गोंदुर गांव में 19 फरवरी 1925 को जन्मे श्री सुतार ने छोटी उम्र में ही पढ़ाई के दौरान मूर्ति तरासने की राह चुन ली थी। मूर्तिकला की शुरुआती बारीकियां उन्होंने अपने गुरु श्रीराम कृष्ण जोशी से सीखी और फिर मुंबई के जेजे स्कूल ऑफ आर्ट्स से औपचारिक प्रशिक्षण लिया और 'आर्ट एंड आर्किटेक्चर' में गोल्ड मेडल हासिल किया था। वर्ष 1959 में उन्होंने दिल्ली में सूचना एवं दूरसंचार मंत्रालय से अपने जीवन के नए करियर की शुरुआत की लेकिन कुछ ही वर्ष बाद उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़कर पूर्ण रूप से मूर्तिकार की राह चुन ली। इसके बाद दिल्ली में अपना स्वतंत्र मूर्तिकला स्टूडियो स्थापित कर उन्होंने कई ऐतिहासिक प्रतिमाओं तथा कला कृतियों को भव्य आकार दिया। उनके योगदान के लिए उन्हें 1999 में पद्म श्री और 2016 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

## टोल टैक्स भुगतान प्रणाली का किया जा रहा है सरलीकरण : गडकरी

**नयी दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि नयी नीति में टोल टैक्स उसी स्थान से लगेगा जहां से कोई वाहन सड़क पर प्रवेश करेगा। श्री गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि नयी नीति में अब किसी वाहन को सड़क पर प्रवेश करने वाले स्थान से ही अगले नाके पर टोल टैक्स देना होगा। यदि कोई वाहन 15 किलोमीटर चलने के बाद ही किसी टोल नाके पर पहुंच जाता है, तो उसे इतनी ही दूरी का टोल टैक्स देना होगा। उन्होंने बताया कि नयी नीति के प्रावधानों के अनुसार 15 रुपये में भी एक टोल नाके को पार किया जा सकेगा। अब ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं जिससे वाहनों को टोल नाकों पर कतार नहीं लगानी पड़े और गाड़ियां 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से भी टोल नाके पार कर सकेंगी। उनके वाहन की नंबर प्लेट और फास्ट टैग को नाके पर रिकॉर्ड करने के बाद टैक्स स्वतः कट जायेगा। उन्होंने कंग्रेस के दीपेन्द्र हुड्डा के प्रश्न के उत्तर में बताया कि हरियाणा में 12 वर्षों में सबसे ज्यादा सड़कें बनायी गयी।

# आत्मविश्वास से लबरेज और चुनौतियों के लिए तैयार है वायु सेना : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना को प्रौद्योगिकी में निपुण, अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की ताकत और अभियान क्षमता का बखूबी से प्रदर्शन किया। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां वायु सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेते हुए भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की लड़ाई सिर्फ हथियारों की लड़ाई नहीं है, यह विचारों, प्रौद्योगिकी और जल्द से जल्द स्थिति के अनुरूप ढलने क्षमता की लड़ाई है। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार सुरक्षा व्यवस्था को और मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्षा मंत्री ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आर्म्ड फोर्सेज़ ने भारत की हाई-इम्पैक्ट, कम समय की ऑपरेशनल क्षमता दिखाई।'' वायु सेना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा यह, '' टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड, ऑपरेशन में फुर्तीली, स्ट्रेटेजिक रूप से कॉन्फिडेंट और भविष्य को ध्यान में रखने वाली फ़ोर्स है जो लगातार बदलती ग्लोबल व्यवस्था के बीच देश के हितों की रक्षा कर रही है। ''

श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी कैंपों को नष्ट करने और 'स्ट्राइक' के बाद पाकिस्तान की ''गैर-ज़िम्मेदाराना प्रतिक्रिया'' को असरदार तरीके से संभालने की हिम्मत, तेज़ी और सटीकता के लिए वायु सेना की तारीफ़ की। वायु रक्षा प्रणाली क्षमता में लोगों के भरोसे पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा, ''आमतौर पर, जब दुश्मन हमला करता है, तो लोग छिप जाते हैं। लेकिन, जब पाकिस्तानी सेना ने भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, तो भारत के लोग शांत रहे और अपने रोज़ाना के काम करते रहे। यह हमारी परिचालन तैयारियों में प्रत्येक भारतीय के भरोसे का प्रमाण है''। निर्णायक बढत बनाए रखने के लिए दुश्मन की आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं को अच्छी तरह से समझने के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेने और भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए सतर्क और तैयार रहने का आग्रह किया। युद्ध के बदलते स्वरूप की चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष, इज़राइल-हमास युद्ध, बालाकोट हवाई हमले और ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रमाण हैं कि वायु शक्ति आज के समय में एक निर्णायक ताकत के रूप में उभरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वायु शक्ति केवल एक सामरिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक उपकरण है और गति, आश्चर्य तथा प्रभाव इसकी अंतर्निहित विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा, ''वायु शक्ति किसी भी नेतृत्व को विरोधी को स्पष्ट रणनीतिक संदेश देने की क्षमता देती है कि राष्ट्रीय हितों को बनाए रखने के लिए हर कदम उठाया जाएगा। ''स्पीड, पहुंच और सटीकता के ज़रिए, एयर पावर देश के लक्ष्यों को मिलिट्री तरीकों के साथ जोड़ने का एक असरदार तरीका बन गया है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के वायु रक्षा प्रणाली और दूसरे हथियारों की सफलता का उल्लेख किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के देश के सुरक्षा तंत्र को और मज़बूत करने के वादे को दोहराया। उन्होंने कहा,'' 21वीं सदी की लड़ाई सिर्फ़ हथियारों की लड़ाई नहीं है। यह आइडिया, टेक्नोलॉजी और एडजस्ट करने की क्षमता की लड़ाई है। साइबर वॉरफ़ेयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिना पायलट वाले एरियल व्हीकल, सैटेलाइट-बेस्ड सर्विलांस और स्पेस से चलने वाली क्षमताएं लड़ाई के भविष्य को पूरी तरह बदल रही हैं। सटीक गाइडेड हथियार, रियल-टाइम इंटेलिजेंस और डेटा-ड्रिवन फैसले लेना अब ऑप्शनल नहीं हैं; ये आज की लड़ाइयों में सफलता के लिए बेसिक ज़रूरतें बन गई हैं। उन्होंने कहा, ''जो देश टेक्नोलॉजी, स्ट्रेटेजिक विज़न और एडैप्टेबिलिटी की तिकड़ी में माहिर हो जाएंगे, वे ग्लोबल लीडरशिप की ओर बढ़ेंगे। श्री सिंह ने भरोसा जताया कि सुदर्शन चक्र जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री ने इस साल स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में की थी आने वाले समय में देश के प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जेट इंजन का विकासव राष्ट्रीय मिशन बन गया है, और सरकार इस मकसद को पाने के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार निजी क्षेत्र जिसमें स्टार्ट-अप और छोटी औद्योगिकी इकाईयां शामिल हैं के साथ मिलकर सेनाओं के आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को तीनों सेनाओं के तालमेल का एक शानदार उदाहरण बताते हुए तेज़ी से बदलते समय में मिलकर काम करने के महत्व पर ज़ोर दिया।

# पेज एक का शेष

## सरकार सभी चर्चाओं ...

रूप में विराट अभियान प्रारम्भ किया है। सभी जनप्रतिनिधि इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं। एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर वास्तविक मतदाताओं के नाम सम्मिलित करना लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला कदम है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। पक्ष और विपक्ष के सहयोग से ही सदन को सुचारु रूप से चलाया जा सकता है। प्रदेश सरकार संवेदनशील है। सदन के सदस्यों द्वारा कही गई बातों पर सरकार द्वारा संज्ञान लिया गया है। बैठक में नेता प्रतिपक्ष समाजवादी पार्टी के माता प्रसाद पाण्डेय, अपना दल (सोनेलाल) के राम निवास वर्मा, राष्ट्रीय लोकदल के राजपाल सिंह बालियान, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओम प्रकाश राजभर, निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल के रमेश सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कंग्रेस की आराधना मिश्रा 'मोना', जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के विनोद सरोज तथा बहुजन समाज पार्टी के उमाशंकर सिंह ने सदन की कार्यवाही के निर्बाध संचालन के लिए अपने-अपने दलों की ओर से पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मत्स्य मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद भी उपस्थित थे।

## भारत-ओमान...

और स्वास्थ्य सेवाओं में भारतीय कंपनियां अब ओमान में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कर सकेंगी। शुल्क कटौती से एफटीए में कई क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। डेयरी, चाय, कॉफी, रबर, तंबाकू उत्पाद, सोना-चांदी की ईंटें और स्क्रैप धातु जैसे संवेदनशील उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी गई है।

ओमान के निर्यात हितों वाले कुछ उत्पादों के लिए भारत ने टैरिफ-रेट कोटा उदारीकरण का रास्ताअपनाया है, ताकि घरेलू उद्योग प्रभावित न हों। ओमान मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजारों के लिए भारत का एक महत्वपूर्ण गेटवे (प्रवेश द्वार) है। ओमान में 6,000 से अधिक भारतीय प्रतिष्ठान काम कर रहे हैं। ब्रिटेन के बाद पिछले 6 महीनों में यह भारत का दूसरा बड़ा व्यापारिक समझौता है, जो भारत की आक्रामक वैश्विक व्यापार रणनीति का उदाहरण है। दोनों देशों ने भविष्य में ओमान की अंशदायी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली लागू होने पर 'सामाजिक सुरक्षा समन्वय' पर चर्चा करने पर भी सहमति जताई है।

## 21वीं सदी में साहसी...

भारत-ओमान मैत्री पर्व दोनों देशों के बीच स्थायी दोस्ती का प्रतीक है। श्री मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने में भारतीय प्रवासियों की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय भारत और ओमान को करीब लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर ओमान पहुंचे। यहां वह ओमान के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। दोनों देशों के बीच एक व्यापार समझौता होने की उम्मीद है। हवाई अड्डे पर ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री सैय्यद शिहाब बिन तारिक अल सईद ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, जहां श्री मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। श्री मोदी सुल्तान हैसम बिन तारिक के निमंत्रण पर ओमान का दौरा कर रहे हैं। यह श्री मोदी की दूसरी ओमान यात्रा है और यह दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 साल पूरे होने का प्रतीक है। यात्रा के दौरान, श्री मोदी सुल्तान हैसम बिन तारिक के साथ रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने और वाणिज्यिक एवं आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा करेंगे। भारत ने इस यात्रा के दौरान ओमान के साथ एक महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की आशा व्यक्त की है। भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते को शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025 को केंद्रीय कैबिनेट ने मंज़ूरी दे दी। इस समझौते के लिये बातचीत नवंबर 2023 में औपचारिक रूप से शुरू हुई थी और इस साल खत्म हुई। जब विदेश मंत्रालय के सचिव अरुण चटर्जी से संवाददाता सम्मेलन में यह पूछा गया कि क्या श्री मोदी की यात्रा के दौरान इस 'व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते' (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किये जाएंगे, तो उन्होंने कहा, ''हम सभी इसके बारे में बहुत आशावादी हैं। दोनों तरफ की टीमें इसे जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के लिए बहुत मेहनत कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''हमें पूरा विश्वास है कि अगर इस यात्रा के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर होते हैं तो यह भारत और ओमान के बीच आर्थिक संबंधों को काफी मज़बूत करेगा। यह भारत-ओमान व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू करेगा।''

## 'वीबी-जी...

देश हमारे लिए एक है। चेन्नई हो या गुवाहाटी, अपना देश-अपनी माटी। अलग भाषा-अलग वेष, फिर भी अपना एक देश। उन्होंने आगे कहा, मैं इनको बताना चाहता हूं कि अटल जी ने क्या कहा था। माननीय अध्यक्ष महोदय, हम देश के किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करते। हमारे नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था - यह देश हमारे लिए जमीन का टुकड़ा नहीं है, जीता-जाता राष्ट्र पुरुष है। कंग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की टिप्पणी पर जवाब देते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सनक मोदी सरकार पर सवार नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने खानदान का महिमामंडन करने के लिए इन्होंने महात्मा गांधी की बजाय केवल नेहरू परिवार के नाम पर सरकारी योजनाओं का नामकरण किया। कंग्रेस पर खानदान के महिमामंडन में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए शिवराज ने कहा कि नेहरू परिवार के नाम पर योजनाओं के नाम रखे गए। उन्होंने दावा किया कि 25 नाम स्वर्गीय राजीव गांधी और 27 नाम इंदिरा गांधी के नाम पर रखे गए। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों, सड़कों, इमारतों, अवार्ड्स के नाम भी इसी खानदान के लोगों के नाम पर रखे गए।

## अभद्र टिप्पणी...

से दर्ज रिपोर्ट में कहा गया था कि 29 मार्च 2019 को आजम खान ने सपा कार्यालय पर भाषण दिया, जिसकी वीडियो वायरल हुई थी। उसमें आजम खान लोगों को तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों के खिलाफ भड़काने का आरोप था। आजम खान ने अपने भाषण में कहा था कि ये अधिकारी रामपुर को खून से नहलाना चाहते हैं। यह जिन जिलों में रहे हैं, वहां कमजोरों को तेजाब डालकर गलाया है। उनके खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम आदि धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही थी। इसमें गवाही पूरी हो चुकी थी। आजम खान के खिलाफ अब तक 14 मुकदमों में फैसला आ चुका है। उन्हें सात मामलों में सजा मिल चुकी है, जबकि सात मुकदमों में वह दोषमुक्त हुए हैं। आजम पक्ष के अधिवक्ता नासिर सुल्तान ने बताया कि अभियोजन पक्ष इसमें इलेक्ट्रॉनिक सबूत पेश नहीं कर सका, जिसके चलते एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम खान को दोष मुक्त करार दिया है।

## लाल किला बम...

उन नबी और मुफ्ती इरफान शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी विभिन्न राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस आतंकी हमले के पीछे की पूरी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए तेजी से काम कर रही है। इस महीने की शुरुआत में एजेंसी ने जम्मू कश्मीर और उत्तर प्रदेश में कई आरोपियों और संदिग्धों के ठिकानों पर व्यापक तलाशी ली थी और वहां से कई डिजिटल उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की थी। इससे पहले मुख्य आरोपी डॉक्टर मुजम्मिल शकील गनी और डॉक्टर शाहीन सईद के ठिकानों तथा फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर और अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की छापेमारी की गई थी।

## उत्तर प्रदेश में ...

बनने की संभावना है। कुछ जिलों में बहुत घना कोहरा भी छा सकता है। वहीं दूसरे दिन भी प्रदेश के बड़े हिस्से में ठंड का असर जारी रहेगा। कई जिलों में कोल्ड डे और कहीं-कहीं गंभीर कोल्ड डे की स्थिति बनी रह सकती है। सुबह के समय घना कोहरा यातायात को प्रभावित कर सकता है। जबकि तीसरे दिन भी ठंड और कोहरे से राहत के आसार कम हैं। खासकर तराई क्षेत्रों में बहुत घना कोहरा और ठिठुरन बनी रह सकती है। मौसम विभाग ने आमजन को सुबह और देर रात अनावश्यक बाहर न निकलने, गर्म कपड़े पहनने, बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। वाहन चालकों को कोहरे के दौरान धीमी गति से वाहन चलाने, फॉग लाइट का प्रयोग करने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की गई है।

## संस्कृति में बसती...

औपनिवेशिक शासन के अधीन था। उस समय अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित थी और संगीत तथा कला के लिए मंच उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा, ''उस दौर में पंडित भातखंडे ने भारतीय संगीत को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया। शास्त्रीय अनुशासन, सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम, राग-ताल का वर्गीकरण, क्रमिक पद्धति और गुरु-शिष्य परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना उनका ऐतिहासिक योगदान था। यह कार्य केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति को आत्मसम्मान, आत्मगौरव और स्थायित्व देने का प्रयास था। मुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में देश में अपनी विरासत को पुनः खोजने का कार्य आरंभ हुआ है। इससे भारत को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नयी पहचान मिल रही है। उन्होंने वर्ष 2019 के कुंभ और वर्ष 2025 में आयोजित महाकुंभ के आयोजन का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ लोगों का मानना था कि आज का युवा अपनी संस्कृति से विमुख हो रहा है। औपनिवेशिक काल में इस प्रकार की धारणा को जानबूझकर बढ़ाया गया। लेकिन महाकुंभ 2025 में 66.30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस मिथक को तोड़ दिया। इनमें सर्वाधिक संख्या युवाओं की थी। न केवल भारत, बल्कि विश्व के हर कोने से लोग इस आयोजन से जुड़े। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सही मंच मिलने पर संस्कृति स्वतः आगे बढ़ती है। मुख्यमंत्री ने पद्म विभूषण और पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. सोनल मानसिंह के संबोधन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कला और अध्यात्म के गहरे संबंध को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि नृत्य में भगवान शिव नटराज के रूप में, वीणा के स्वर में माता सरस्वती, नाटक के संवाद में प्रभु श्रीराम की मर्यादा और रस में डूबते समय श्रीकृष्ण की रसधारा का अनुभव होता है। यह सब कुछ उत्तर प्रदेश की धरती पर उपलब्ध है। मुख्यमंत्री योगी के अनुसार, सरकार कलाकारों को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। एक सुव्यवस्थित नीति के अंतर्गत इन कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है और भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय इसमें सरकार का महत्वपूर्ण साझेदार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में गायन, वादन और नृत्य की तीनों विधाओं में प्रमाणपत्र से लेकर शोध तक की समन्वित शिक्षा दी जा रही है। नाट्यकला और चित्रकला में भी डिप्लोमा और स्नातक पाठ्यक्रम संचालित हैं। उन्होंने आजमगढ़ के हरिहरपुर में स्थापित संगीत महाविद्यालय का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में छात्रों को मंच प्रदान करने और सांस्कृतिक चेतना के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को लखनऊ में लगभग छह एकड़ भूमि प्रदान की गई है, जहां वैश्विक मानकों के अनुरूप नया परिसर विकसित किया जाएगा। इसमें आधुनिक सभागार, ओपन थिएटर, समृद्ध लाइब्रेरी और अन्य सुविधाएं होंगी। पुराने परिसर को संगीत और कला के संग्रहालय के रूप में विकसित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने 34 चलंत फॉरेंसिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक अणे मार्ग से साक्ष्य संग्रहण एवं अपराध के अनुसंधान में सहायता हेतु 34 चलंत फॉरेंसिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने फॉरेंसिक वाहनों को रवाना करने के पूर्व वाहनों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 के बाद से ही विधि व्यवस्था के संधारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कानून का राज स्थापित किया गया। इसके लिए कई काम किये गये। अपराध और भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी गयी। उन्होंने बताया कि आपराधिक मामलों की जांच में तेजी लाने के लिए 34 नये मोबाइल फॉरेंसिक वाहनों का लोकार्पण किया गया है। ये सभी वाहन आधुनिक जांच उपकरणों से युक्त हैं। इन वाहनों की मदद से अपराध के घटना स्थल पर पहुंचकर तत्काल जांच शुरू की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इसके पहले कोई अपराध होने पर घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र कर जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजना पड़ता था। इसमें काफी समय लगता था और विलम्ब होने के कारण पीड़ित परिवारों में असंतोष रहता था। अब मोबाइल टीम घटना स्थल पर ही जांच शुरू कर देगी जिससे काफी सुविधा होगी।

## मुख्यमंत्री नीतीश ने बिहार सरस मेला-2025 का किया भ्रमण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को यहां गांधी मैदान में आयोजित बिहार सरस मेला 2025 का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यहां की व्यवस्थाओं तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि बिहार सरस मेला 2025 का आयोजन 12 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक किया जाएगा है। इस मेले में बिहार के अलावा देश के दूसरे राज्य के लोग भी अपने उत्पादों की बिक्री कर रह हैं। इस मेले में हस्तशिल्प, लोककला और देशी व्यंजनों की प्रदर्शनी की गयी है। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने यहां लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न उत्पादों की जानकारी भी ली। उपस्थित उत्पादकों एवं विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस मेले में जो भी सामान प्रदर्शित किये गये हैं, उन्हें लोग पसंद कर रहे हैं और अच्छी बिक्री हो रही है। यहां की व्यवस्था बहुत अच्छी है, हम सब खुश हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरस मेला की अपनी अलग पहचान है। इस मेले में जो भी उत्पाद लगाये गये हैं उसे देखकर अच्छा लग रहा है। ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिये सरकार द्वारा कई कदम उठाये गये हैं। सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत जीविका दीदियों को प्रोत्साहित किया गया है। उनके जीविका संवर्द्धन तथा स्वरोजगार के लिये सरकार द्वारा मदद की जा रही है। बहुत खुशी की बात है कि यहां भी उनके उत्पाद के कई स्टॉल लगाये गये हैं।

## मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी 23 दिसंबर से होगी शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। खेल महाकुंभ का नाम इस साल से नए प्रारूप में होगा और इसका नाम मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी 2025-26 होगा। यह प्रतियोगिता न्याय पंचायत, विधानसभा, संसदीय क्षेत्र और राज्य स्तरीय चार चरणों में 23 दिसंबर से शुरू होगी।

उक्त जानकारी राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को सचिवालय में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। खेल मंत्री आर्या ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 26 खेल स्पर्धाएं आयोजित होंगी जिनमें इस बार परंपरागत खेलों को भी जगह दी गई है। चैंपियनशिप का समापन 28 जनवरी को होगा और इस दिन विजेता को मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी के साथ पांच लाख रुपये की राशि भी दी जाएगी। चैंपियन का निर्णय उनके द्वारा जीते गए मेडल के आधार पर प्रदान किए गए अंकों के योग से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सांसद ट्रॉफी जीतने वाली टीम को दो लाख और विधानसभा ट्रॉफी जीतने वाली टीम को एक लाख की नगद इनाम धनराशि दी जाएगी। खेल मंत्री ने बताया कि नेशनल रिकॉर्ड तोड़ने पर खिलाड़ी को एक लाख की अतिरिक्त इनाम राशि दी जाएगी। चैंपियनशिप के लिए पंजीकरण 14 अक्टूबर से शुरू कर दिए गए थे, अभी तक 1 लाख 10 हजार से ज्यादा खिलाड़ी अपना पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 22 दिसंबर तक खुले रहेंगे। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एथलेटिक्स, बैडमिंटन और तैराकी की स्पर्धा अलग से आयोजित की जाएगी। इस श्रेणी के लिए भी रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं। खेल मंत्री ने सचिवालय स्थित एनआईसी कार्यालय में सभी जनपद के जिलाधिकारी के साथ इस आयोजन को लेकर एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उन्होंने सभी जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि ट्रायल और खेलों में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ी के पास जूते और ट्रैकसूट हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

## डीटीसी बेड़े में सौ ई बसें शामिल धौला कुआं से धारूहेड़ा तक अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली परिवहन विभाग (डीटीसी) के बेड़े में 100 नई ई बसें शामिल करने के साथ-साथ धौला कुआं से हरियाणा के धारूहेड़ा तक अंतरराज्यीय ई बस सेवा की शुरुआत की। इस मौके पर परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कश्मीरी गेट अंतरराष्ट्रीय बस अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए हमारी सरकार लगातार दीर्घकालिक और प्रभावी समाधान लागू कर रही है। इसी कड़ी में आज डीटीसी के बेड़े में 100 नई ई बसें शामिल की गई हैं। अगले साल तक डीटीसी की सभी बसें इलेक्ट्रिक करने का लक्ष्य है, ताकि दिल्ली का पब्लिक ट्रांसपोर्ट पूरी तरह उत्सर्जन से मुक्त बन सके। इसी सोच के साथ दिल्ली सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने धौला कुआं से धारूहेड़ा तक बस सेवा की शुरुआत करते हुए कहा कि कई वर्षों से बंद पड़ी अतंरराज्यीय बस सेवा को हमारी सरकार ने फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस ये बसें न केवल प्रदूषण कम करेंगी, बल्कि रोजाना दिल्ली एनसीआर आने-जाने वाले लोगों का सफर सुरक्षित और आरामदायक भी होगा। डीटीसी धौला कुआं से धारूहेड़ा बस रूट पर प्रत्येक शिफ्ट में तीन इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करेगा। धौला कुआं से धारूहेड़ा के लिए रोजाना यह बसें सुबह के 06:30 बजे, 07:00 बजे, 07:30 बजे के साथ दोपहर के 2.45 बजे, 3.15 बजे और 3 बजकर 45 मिनट पर चलेंगी। धारूहेड़ा (हरियाणा) से धौला कुआं (दिल्ली) के लिए बसें सुबह 09:45 बजे, 10:15 बजे, 10:45 बजे के साथ शाम 18:00 बजे, 18:30 बजे और 19:00 बजे संचालित होंगी, जिससे पीक आवर और नॉन-पीक आवर दोनों समय में यात्रियों को सस्ती और सुगम बस सुविधा मिलेगी। यह नया बस रूट धौला कुआं, एचआर राजोकरी बॉर्डर, गुरुग्राम, खेड़की दौला, रामपुरा, मानेसर, पंचगांव, व्यासपुर वाईएनआर, सिधरावली और धारूहेड़ा जैसे प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगा। नई ई-बस सेवा से धारूहेड़ा, मानेसर और गुरुग्राम के आसपास रहने वाले और ऑफिस आने जाने वाले कर्मचारियों, छात्रों और औद्योगिक श्रमिकों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा साथ ही धौला कुआं के जरिए राजधानी दिल्ली से भी निर्बाध बस कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

## भूमाफिया-दलालों से पूरी तरह मुक्त कर विभाग को स्वच्छ पारदर्शी और भरोसेमंद बनाना हमारा लक्ष्य : विजय सिन्हा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार सरकार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कोटे से उपमुख्यमंत्री-सह राजस्व एंव भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां ज्ञान भवन में भूमि सुधार जनकल्याण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विजय सिन्हा का रुख काफी सख्त नजर आया। उन्होंने कहा कि भूमाफिया-दलालों से पूरी तरह मुक्त कर विभाग को स्वच्छ, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने निचले पायदान पर रहने वाले अंचलों के अंचलाधिकारियों (सीओ) को खड़ा कराकर डांट भी पिलाई। विजय सिन्हा ने निर्देश दिया कि विभाग के कार्यों में जहां भी कमी है, वहां तत्काल सुधार किया जाए। भूमि से जुड़ी सेवाओं को ऑनलाइन, सरल और जनसुलभ बनाया जाए, ताकि आम लोगों को सहूलियत मिले। अंचल कार्यालयों को भूमाफिया और दलालों से पूरी तरह मुक्त कर विभाग को स्वच्छ, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाना हमारा लक्ष्य है। जनता के बीच सरकार के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचना चाहिए। विजय सिन्हा ने कहा कि फीडबैक केवल वरीय अधिकारियों से नहीं, बल्कि सीधे आम नागरिकों से लिया जाएगा। इसलिए सभी कर्मचारी पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से कार्य करें। फर्जी दस्तावेजों को चिन्हित कर तत्काल संबंधित समाहर्ता एवं विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए गए। आगामी जिलावार यात्राओं के दौरान आयुक्त एवं समाहर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की जाएगी। विजय सन्हा ने कहा कि जन-शिकायतों को गंभीरता से लेने के लिए प्रत्येक अंचल कार्यालय में शिकायत पेटी रखने का निर्देश दिया , जिसे केवल अंचलाधिकारी ही खोलेंगे। सभी अंचलों को 31 दिसंबर तक कार्यों से संबंधित समस्त विवरण उपलब्ध कराने के लिए 15 दिनों की समय-सीमा तय की गई है। विजय सिन्हा ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा तथा उनके स्थानांतरण एवं पदस्थापन में प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, कार्यों को जानबूझकर लंबित रखने अथवा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। हमारा संकल्प है स्वच्छ विभाग, पारदर्शी व्यवस्था और जनता को समयबद्ध न्याय। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी। हर अंचल कार्यालय में शिकायत पेटी रखने का निर्देश भी दिया गया है, जिसे कर्मचारी ही देखेंगे।

## घने कोहरे के कारण दो स्कूल बसों की आपस में टक्कर

मोहाली। पंजाब में घने कोहरे के कारण गुरुवार सुबह खरड़-कुराली हाईवे पर जमुना अपार्टमेंट के सामने सर्विस रोड पर दो स्कूल बसों की आपस में टक्कर हो गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार एक स्कूल बस कुराली की ओर से आ रही थी, जबकि दूसरी बस गलत दिशा से कुराली की तरफ जा रही थी। इसी दौरान दोनों बसों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के वक्त सड़क पर काफी कोहरा होने के कारण दृश्यता बेहद कम थी। इस दुर्घटना में दिल्ली पब्लिक स्कूल की बस का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा कुछ स्कूली बच्चों को भी चोटें आई हैं, जिन्हें पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं, सेंट एजरा स्कूल की बस के चालक तरुणजीत सिंह को इलाज के लिए खरड़ सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, उनके माथे पर टांके लगे हैं और हाथ में चोट आई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू कराया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## ट्राई ने सूरत में किया मोबाइल नेटवर्क टेस्ट, डेटा स्पीड में जियो अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नवंबर में गुजरात के सूरत शहर और आसपास के क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर किए गए इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार वॉयस और डेटा सेवाओं के प्रदर्शन में रिलायंस जियो और एयरटेल का प्रदर्शन बेहतर रहा, जबकि 5जी और 4जी डेटा स्पीड के मामले में जियो सबसे आगे रहा। केंद्रीय संचार मंत्रालय के अनुसार, 2जी और 3जी वॉयस सेवाओं में कॉल सफलता दर के मामले में रिलायंस जियो और वोडाफोन-आइडिया (वीआई) ने 100 प्रतिशत प्रदर्शन किया, जबकि एयरटेल की कॉल सफलता दर 99.55 प्रतिशत और बीएसएनएल का 92.82 प्रतिशत रही। ड्रॉप कॉल रेट एयरटेल और वोडाफोन आइडिया में शून्य रही जबकि जियो में 0.15 प्रतिशत और बीएसएनएल में 4.10 प्रतिशत ड्रॉप कॉल दर्ज हुईं। कॉल क्वालिटी के मानक मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस) में वोडाफोन आइडिया 4.48 अंक के साथ सबसे बेहतर रहा। डेटा सेवाओं के ऑटो-सेलेक्शन मोड (5जी, 4जी, 3जी, 2जी) में औसत डाउनलोड स्पीड के मामले में रिलायंस जियो ने 279.36 एमबीपीएस के साथ पहला स्थान हासिल किया। एयरटेल की औसत डाउनलोड स्पीड 149.11 एमबीपीएस रही, जबकि वोडाफोन आइडिया की 45.02 एमबीपीएस और बीएसएनएल की 4.83 एमबीपीएस दर्ज की गई। अपलोड स्पीड में भी जियो 46.54 एमबीपीएस के साथ आगे रहा। लेटेंसी के मामले में वोडाफोन आइडिया और जियो का प्रदर्शन अन्य कंपनियों की तुलना में बेहतर रहा। ट्राई की जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से नियुक्त एजेंसी ने 3 से 7 नवंबर के बीच गुजरात लाइसेंस क्षेत्रों (एलएसए) में यह ड्राइव टेस्ट किया। इस दौरान 412 किलोमीटर का सिटी ड्राइव, 14 हॉटस्पॉट लोकेशन और 2 किलोमीटर का वॉक टेस्ट किया गया।

## पंजाब राज्य खाद्य आयोग के सदस्य ने स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया

कपूरथला। खाद्य एवं पोषण संबंधी कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, पंजाब राज्य खाद्य आयोग के सदस्य विजय दत्त ने गुरुवार को कपूरथला जिले के फगवाड़ा विकासखंड में कई सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों का अचानक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के जमीनी स्तर पर कामकाज, गुणवत्ता मानकों और समग्र अनुपालन की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान, श्री दत्त ने स्कूलों की रसोई, खाद्य भंडारण सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और मध्याह्न भोजन योजना के तहत तैयार किये गये भोजन की गुणवत्ता का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता नियमों और खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया और संबंधित विभागों को मध्याह्न भोजन कार्यकर्ताओं की नियमित चिकित्सा जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि कार्यकर्ताओं और छात्रों दोनों के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके। उन्होंने स्कूली बच्चों से सीधे बातचीत करते हुए, परोसे जा रहे भोजन के स्वाद, गुणवत्ता और नियमितता के बारे में उनकी प्रतिक्रिया जानी। कल्याणकारी निगरानी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, उन्होंने छात्रों के साथ भोजन भी किया, जिससे सार्वजनिक कल्याण कार्यक्रमों में पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व पर बल दिया गया। स्वच्छ पेयजल के महत्व पर जोर देते हुए श्री दत्त ने निर्देश दिया कि सभी सरकारी विद्यालयों में पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच संबंधित विभागों द्वारा की जानी चाहिए।

## डिब्रूगढ़ से लखनऊ तक चलेगी स्पेशल ट्रेन, कटिहार समेत कई स्टेशनों पर होगा ठहराव

कटिहार। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए 05905/05906 डिब्रूगढ़-लखनऊ-डिब्रूगढ़ स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन सर्दी की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड एवं सीनियर रेलवे मैनेजर व एनएफआर के निर्देश पर चलाई जा रही है, जिससे उत्तर-पूर्व, बिहार और उत्तर प्रदेश के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। कटिहार रेलमंडल के सीनियर डीसीएम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 05905 डिब्रूगढ़-लखनऊ स्पेशल ट्रेन 19 दिसंबर (शुक्रवार) को डिब्रूगढ़ से प्रस्थान करेगी। 05906 लखनऊ-डिब्रूगढ़ स्पेशल ट्रेन 23 दिसंबर (मंगलवार) को लखनऊ से प्रस्थान करेगी। सीनियर डीसीएम ने बताया कि उक्त स्पेशल ट्रेन डिब्रूगढ़, न्यू तिनसुकिया, सिमलगुड़ी, गुवाहाटी, न्यू कूचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, कटिहार, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, छपरा, सिवान, गोरखपुर, गोंडा, बाराबंकी होते हुए लखनऊ तक जाएगी।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 250 करोड़ के स्कालरशिप बजट की घोषणा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार प्रो. डॉ. आर.एस. बावा ने कहा कि यूनिवर्सिटी द्वारा 250 करोड़ रुपये की 100 प्रतिशत तक स्कालरशिप मेधावी छात्र-छात्राओं को देने की पहल आर्थिक रूप से कमजोर, लेकिन मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से की गई है। कहा कि बीते 12 वर्षों में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने शिक्षा, शोध और प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसके चलते यह देश के अग्रणी संस्थानों में शामिल हो चुकी है। उन्होंने जानकारी दी कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से मेधावी छात्रों को 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। कुल 250 करोड़ के बजट में से 200 करोड़ मोहाली कैंपस और 50 करोड़ लखनऊ कैंपस के लिए निर्धारित किए गए हैं। कहा कि वर्तमान सत्र में उत्तराखंड के 1,642 छात्र पहले से ही इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठा रहे हैं। प्लेसमेंट के मोर्चे पर भी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने नए रिकॉर्ड कायम किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नवंबर माह तक ही 6,477 जॉब ऑफर्स प्राप्त हो चुके हैं। खेलों के क्षेत्र में भी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का दबदबा लगातार बना हुआ है। यूनिवर्सिटी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का खिताब लगातार दूसरी बार अपने नाम किया है। भारतीय क्रिकेटर अर्शदीप सिंह, कबड्डी स्टार पवन सहरावत और ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी संजय जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस संस्थान के पूर्व छात्र रह चुके हैं। शोध और रैंकिंग के क्षेत्र में भी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी अग्रणी बनी हुई है। विश्वविद्यालय को नैक से ए ग्रेड प्राप्त है और यह क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत संस्थानों में शामिल है। अब तक यूनिवर्सिटी द्वारा 5,519 पेटेंट फाइल किए जा चुके हैं और 20,000 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए गए हैं।

## अधिकारियों के साथ 'कोल्ड वॉर' लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला: दत्ता

चंडीगढ़। पंजाब युवक कंग्रेस ने राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारियों को महीनों तक बिना किसी तैनाती के रखने की कड़ी निंदा की है। यह कदम न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को कमजोर करता है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थागत स्वतंत्रता पर भी सीधा हमला है। पंजाब युवक कंग्रेस के सचिव अंगद दत्ता ने गुरुवार को कहा कि आप सरकार ने राज्य प्रशासन को डर और दबाव के माहौल में धकेल दिया है। उन्होंने कहा, ईमानदार और अनुभवी आईएएस अधिकारियों को बिना किसी आरोप या जांच के काम से दूर रखना शासन नहीं, बल्कि सजा देने की नीति है। जो अधिकारी राजनीतिक आदेशों पर आंख बंद करके हस्ताक्षर नहीं करते, उन्हें जानबूझकर हाशिए पर डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यप्रणाली से पूरे नौकरशाही तंत्र का मनोबल टूट रहा है और प्रशासनिक निर्णय प्रक्रिया ठप हो रही है। उन्होंने कहा, जब अधिकारी डर के माहौल में काम करेंगे, तो फाइलें नहीं चलेंगी और इसका खामियाजा सीधे आम जनता को भुगतना पड़ेगा। श्री दत्ता ने कहा कि पूर्व मुख्य सचिवों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं इस प्रथा को वित्तीय रूप से अपव्ययी और प्रशासनिक रूप से नुकसानदायक बताया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063